राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 194
लखनऊ, बुधवार 18 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

एसपी ने अमृतपुर थाने का किया निरीक्षण 10

आधुनिक सुविधाओं से निखरेगा लखनऊ का प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर : जयवीर 03

# मुख्यमंत्री योगी ने कैलाश मानसरोवर के यात्रियों को वितरित की 5.5 करोड़ रुपये की सहायता राशि

**555 तीर्थ यात्रियों को दी एक-एक लाख रुपये की अनुदान राशि**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैलाश मानसरोवर के 555 तीर्थ यात्रियों को एक-एक लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की। यह सभी श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर की यात्रा करके वापस आए हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मानसरोवर यात्रा को बढ़ावा देने के लिए पर यात्रियों उनके खर्च होने वाली राशि में से एक लाख रुपये का अनुदान दे रही है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मारसरोवर की यात्रा कर चुकने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में प्राचीन समय से ही यात्रा पर लोग जाते हैं। यह यात्राएं समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए मददगार रही हैं। इससे लोगों को रोजगार मिलता है। याद कीजिये जब आदि शंकर ने केरल से निकलकर देश के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना की। तब एक सरकार नहीं थी। तमाम राजा रजवाड़े थे, लेकिन सांस्कृतिक रूप से पूरा देश एक था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2025 में 164 करोड़ श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की धरती पर आए। इसमें 66 करोड़ केवल प्रयागराज महाकुंभ में आए। इसके साथ ही वाराणसी, अयोध्या, मथुरा जैसे क्षेत्रों में श्रद्धालुजनों का आगमन हुआ। यह एक चुनौती भी है। यह चुनौती के साथ अवसर भी होता है। सरकार अपने स्तर पर प्रयास करती है कि उन्हें अच्छी सुविधा दिया जा सके। कैलाश मानसरोवर की यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें दूसरे देश के संपर्क में आना होता है। उनके व्यवहार को हम सब जानते हैं। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी हमारी आस्था भारी पड़ती है। देवाधिदेव महादेव का दर्शन करते हैं। डबल इंजन की सरकार का पूरा फोकस इस बात को लेकर है कि इस क्षेत्र में जो भी संभावनाएं हैं, उसे हम तेजी से आगे बढ़ा सकें। इसके माध्यम से हम रोजगार के अवसर भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न धार्मिक पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए पिछले आठ वर्षों में सरकार ने सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। श्रद्धालुओं के कैलाश मानसरोवर की यात्रा में आ रही परेशानियों को उठाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इसे लेकर विदेश मंत्रालय से वार्ता करेंगे। हम चाहेंगे कि गाजियाबाद मानसरोवर भवन में ही सारी समस्याओं का समाधान हो जाए। पर्यटन भवन से हमने कहा है कि कैलाश मानसरोवर भवन का बेहतर ढंग से रखरखाव किया जाए। योगी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर जाने का आप लोगों को अवसर मिला है। उत्तराखंड में चार धाम है। देश के अंदर भी चार धाम हैं। उत्तर और दक्षिण को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयास किए हैं। पिछले कुछ वर्षों से वाराणसी में काशी तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। काशी में विश्वनाथ बाबा हैं तो तमिलनाडु में रामेश्वरम हैं।

## काबुल के अस्पताल पर पाकिस्तान के 'बर्बर' हवाई हमले की भारत ने की घोर निंदा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने 16 मार्च की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के 'बर्बर' हवाई हमले की घोर निंदा की है। भारत का कहना है कि यह हिंसा का एक 'कायरतापूर्ण और अमानवीय' कृत्य है, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों की जान चली गई। इस अस्पताल को किसी भी तरह से सैन्य लक्ष्य नहीं माना जा सकता। पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने की कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कल के घटनाक्रम पर आज एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पाकिस्तान का यह घृणित आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार-बार किए जाने वाले प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमला रमजान के पवित्र महीने के दौरान किया गया जो इसे और भी निंदनीय बनाता है। दुनिया भर के मुस्लिम समुदायों के लिए यह शांति, चिंतन और दया का समय होता है। उन्होंने कहा, 'जो कोई धर्म, कोई कानून और कोई नैतिकता किसी अस्पताल और उसके मरीजों को जानबूझकर निशाना बनाने को उचित नहीं ठहरा सकती।'

## एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस पश्चिम एशिया के लिए 44 उड़ानें करेंगी संचालित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मंगलवार को पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने के लिए 44 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। एयरलाइन ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर 17 मार्च, 2026 को पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने वाली 44 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। कंपनी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया मस्कट और जेद्दा सहित पश्चिम एशिया से आने-जाने के लिए कुल 44 उड़ानें संचालित करेंगी। इस बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने विदेशी उड़ानों के संचालन पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया है। इसके परिणामस्वरूप इंडिगो, एयर इंडिया समूह और स्पाइसजेट ने दुबई के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

## देशभर में तेज़ी पकड़ रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान, दो हफ्तों में 3 लाख किशोरियों को लगा टीका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर में चल रहे ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान ने तेज़ी पकड़ ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार अभियान शुरू होने के महज दो सप्ताह के भीतर 14 वर्षीय लगभग 3 लाख किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, ओडिशा और मिजोरम जैसे राज्य इस अभियान में आगे चल रहे हैं। इन राज्यों में स्कूलों और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बड़े स्तर पर टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव में अहम भूमिका निभाती है, जो महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि अभियान को लेकर माता-पिता, स्कूलों और समुदायों में जागरूकता बढ़ रही है।

## ईरान युद्ध के विरोध में अमेरिकी काउंटरटेररिज्म अधिकारी जो केंट ने दिया इस्तीफा

**ईरान से कोई तत्काल खतरा नहीं था, युद्ध दबाव में शुरू किया गया : जो केंट**

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के खिलाफ जारी सैन्य कार्रवाई को लेकर एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिकी प्रशासन के शीर्ष काउंटरटेररिज्म अधिकारी जो केंट ने इस युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वह अपने जमीर के खिलाफ जाकर इस संघर्ष का समर्थन नहीं कर सकते। जो केंट, जो अमेरिकी खुफिया तंत्र में तुलसी गबार्ड को रिपोर्ट करते थे, ने अपने इस्तीफा पत्र में कहा कि ईरान से अमेरिका को तत्काल कोई प्रत्यक्ष खतरा नहीं था। उनके अनुसार ऐसी स्थिति नहीं थी कि युद्ध शुरू करना जरूरी हो। केंट ने अपने पत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की



पहली सरकार की विदेश नीति की कुछ उपलब्धियों की सराहना भी की। उन्होंने लिखा कि उस दौर में अमेरिका ने सैन्य शक्ति का इस्तेमाल करते हुए खुद को लंबे और अंतहीन युद्धों में फंसने से बचाए रखा था। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा कार्यकाल में परिस्थितियां बदल गईं। उनके मुताबिक कुछ वरिष्ठ इजराइली अधिकारियों और अमेरिकी मीडिया के प्रभावशाली लोगों ने मिलकर एक तरह की 'गलत जानकारी फैलाने का अभियान' चलाया, जिससे यह माहौल बनाया गया कि ईरान से अमेरिका को तत्काल खतरा है और युद्ध शुरू करना जरूरी है। केंट ने कहा कि इस तरह के दावों के आधार पर लिया गया फैसला सही नहीं था और इसे लेकर गंभीर सवाल उठाए जाने चाहिए। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा कि प्रशासन को यह सोचने की जरूरत है कि ईरान में जारी युद्ध क्यों और किसके हित में लड़ा जा रहा है। पूर्व ग्रीन बेरेट कमांडो और पूर्व सीआईए अधिकारी रह चुके केंट पिछले वर्ष जुलाई में इस पद पर नियुक्त किए गए थे। हालांकि उनकी नियुक्ति को लेकर उस समय भी कुछ हलकों में आलोचना हुई थी। अपने इस्तीफे के अंत में केंट ने राष्ट्रपति से अपील की कि वे इस नीति पर दोबारा विचार करें।

उन्होंने लिखा कि प्रशासन चाहे तो अपनी रणनीति बदलकर देश के लिए नया रास्ता तय कर सकता है, अन्यथा यह स्थिति अमेरिका को और अधिक अस्थिरता की ओर ले जा सकती है।

## बच्चों को पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरीः राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के भविष्य हमारे बच्चे हैं और उन्हें पौष्टिक भोजन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रपति मुर्मु ने मंगलवार को अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा पांच अरब भोजन परोसने की उपलब्धि के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। पीएम पोषण के तहत चल रहा स्कूल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम अभिभावकों के लिए बच्चों को स्कूल भेजने का एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन साबित हुआ है। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि इस योजना से बच्चों के नामांकन, उपस्थिति और स्कूल में टिके रहने की दर में वृद्धि हुई है, साथ ही उनकी



**अक्षय पात्र फाउंडेशन 'समग्र शिक्षा अभियान' के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा : राष्ट्रपति**

सीखने की क्षमता और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन 'समग्र शिक्षा अभियान' के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक सभी बच्चों को समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने पांच अरब भोजन उपलब्ध कराने की उपलब्धि को सराहनीय बताते हुए कहा कि कार्यक्रम की थीम 'पोषित और शिक्षित भारत से विकसित भारत' हमारे राष्ट्रीय संकल्प 'विकसित भारत 2047' को साकार करने में पोषण और शिक्षा की अहम भूमिका को दर्शाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों की साझा जिम्मेदारी है। जब शिक्षक, अभिभावक, सामाजिक संगठन, कॉरपोरेट क्षेत्र और समाज के सभी लोग मिलकर कार्य करते हैं, तभी आने वाली पीढ़ी के लिए मजबूत नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अवसरों का निर्धारण करती है और उसे सशक्त बनाती है। स्कूल बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान करता है। राष्ट्रपति ने पिछले 25 वर्षों से बच्चों में कुपोषण दूर करने और उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के कार्य में जुटे अक्षय पात्र फाउंडेशन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि बच्चे केवल इस योजना के लाभार्थी नहीं हैं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं। आज उन्हें मिलने वाला पौष्टिक भोजन देश की मानव पूंजी में निवेश है, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्कॉन के संस्थापक-आचार्य श्रील प्रभुपाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से यह नि:स्वार्थ खाद्य वितरण पहल शुरू हुई और आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। 25 वर्षों की यह यात्रा आसान नहीं रही। आज इस जनआंदोलन के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक भारत का शिक्षा क्षेत्र है। 16 राज्यों और 25 हजार से अधिक स्कूलों में आप प्रतिदिन 23.5 लाख बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान कर रहे हैं।

## चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज, छह लाख से अधिक पंजीकरण

**मंदिर परिसरों में निर्धारित दूरी तक मोबाइल फोन के उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध**

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड की आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत बदरीनाथ-केदारनाथ मदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस साल यात्रा के लिए अब तक 6 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। अब मंदिर परिसरों में निर्धारित दूरी तक मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ रील, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर नियंत्रण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जा रही है। बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने मंगलवार को देहरादून में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि आगामी चारधाम



यात्रा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। हाल ही में संपन्न बैठक में धामों में गैर-सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं आदि शंकराचार्य की परंपरा और धामों की धार्मिक मर्यादा के अनुरूप तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 6 से 16 मार्च के बीच दो सप्ताह में कुल 6,17,853 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें केदारनाथ के लिए 2,06,622, बदरीनाथ के लिए 1,82,212, गंगोत्री के लिए 1,15,763 और यमुनोत्री के लिए 1,13,256 श्रद्धालु शामिल हैं। इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना जताई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में धामों में पुनर्निर्माण और आधारभूत सुविधाओं के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि बदरीनाथ में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि बीकेटीसी का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सरल और सुगम दर्शन उपलब्ध कराना है, जिसके लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। समिति ने यात्रा वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 121 करोड़ रुपये से अधिक का अनुमानित बजट पारित किया है, जिसमें बदरीनाथ के लिए करीब 57.47 करोड़ रुपये और केदारनाथ के लिए लगभग 63.60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यात्रा व्यवस्थाओं के अंतर्गत ऋषिकेश में ट्रांजिट कैंप स्थापित किया जाएगा। मंदिर परिसरों में निर्धारित दूरी तक मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध, रील, फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर नियंत्रण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जा रही है।

## बापू हमारे विचारों में हैं, कांग्रेस की राजनीति में : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस और विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बापू हमारे विचारों, भावनाओं और अंतरात्मा में हैं, भाजपा की पंचनिष्ठाओं में हैं, लेकिन कांग्रेस के पास न नीति है, न नेता, न नीयत, और मनरेगा के नाम पर 'महासंग्राम' करने वाले दो-चार महामज़दूरों से ज़्यादा देश उनके साथ नहीं है। मंगलवार को राज्य सभा में ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज को लेकर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि 'बापू हमारे विचारों में हैं और कांग्रेस की राजनीति में है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने डेढ़ घंटे से ज्यादा के अपने भाषण में कहा कि बापू ने आज़ादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की बात कही थी, लेकिन कांग्रेस को जीवित रखा गया ताकि आज़ादी की पूंजी एक पार्टी के खाते में जमा हो सके। देश का विभाजन और 1975 का आपातकाल, दोनों को उन्होंने गांधी के विचारों की हत्या बताया और कहा कि अगर किसी ने बापू की बात नहीं मानी, तो वह कांग्रेस का तत्कालीन नेतृत्व था। कांग्रेस की मौजूदा



स्थिति पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधा हमला करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के पास न नीति है, न नेता है और न ही नीयत। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री बजट में प्रावधान करता है, दूसरा मुख्यमंत्री उसी पार्टी का होकर प्रावधान नहीं करता- न लाइन है, न नेतृत्व है, न विचार की स्पष्टता।उन्होंने तीखे अंदाज में कहा कि कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है जैसे 'एक दिल के टुकड़े हज़ार हुए, कोई इधर गिरा, कोई उधर गिरा।' पार्टी गुटों में टूटकर राज्यों में बिखर चुकी है, और दिल्ली में बैठे नेतृत्व को यह भी समझ नहीं कि उसकी अपनी सरकारें विकसित भारत-जी राम जी जैसी योजनाओं पर क्या लाइन ले रही हैं।

## छत्तीसगढ़ के भारतमाला मुआवजा घोटाला मामले में निलंबित एसडीएम 14 दिन की पुलिस रिमांड पर

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के भारतमाला मुआवजा घोटाला मामले में आज लंबे समय से फरार चल रहे निलंबित एसडीएम निर्भय साहू ने रायपुर की विशेष अदालत (एसीबी/ईओडब्ल्यू) में आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर 30 मार्च तक 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही सोमवार (16 मार्च) को ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कार्रवाई करते हुए 23.35 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां अटैच की हैं। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने सिंडिकेट के मास्टरमाइंड हरमीत सिंह खनुजा और अन्य आरोपियों से जुड़ी संपत्तियों को कुर्क किया है। हाल ही में फरार तहसीलदार शशिकांत कुर्रे और नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा और एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई है। तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू पर आरोप है कि उन्होंने रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान फर्जीवाड़ा कर मुआवजे की राशि का दुरुपयोग किया। जांच में पाया गया कि निभर्य साहू ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अधीनस्थ पटवारी, राजस्व निरीक्षक और अन्य सहयोगियों के साथ मिलीभगत कर घोटाले को अंजाम दिया था।जांच एजेंसियों के अनुसार इस घोटाले में राजस्व विभाग के अधिकारियों (एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी) और निजी बिचौलियों का एक बड़ा नेटवर्क शामिल था, जिसने करीब 27.05 करोड़ का गबन किया।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में 11 साल से फरार आरोपी को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी, चेन्नई।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी एम नागा कुमार उर्फ तमिल सेल्वन को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। आरोपी 2015 से जांच के दौरान फरार था। सीबीआई ने यह मामला 29 सितंबर 2015 को इंडियन बैंक, चेन्नई नॉर्थ ज़ोन की शिकायत पर दर्ज की थी। शिकायत में आरोप था कि के. राजेंद्रन (प्रोप्राइटर, श्री साई बाबा रियल एस्टेट्स एंड कंस्ट्रक्शंस), कुछ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अन्य अज्ञात लोक सेवकों ने मिलकर बैंक को लगभग 4.66 करोड़ रुपये का चूना लगाया। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज जमा कर विभिन्न होम लोन हासिल किए। एम नागा कुमार भी इनमें से एक उधारकर्ता था।

## 2033 तक देश के हर नागरिक को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2033 तक देश के सभी नागरिकों को बीमा कवर के दायरे में लाया जाएगा। मंगलवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय बीमा क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह एक मजबूत और समावेशी इकोसिस्टम के रूप में उभर रहा है, जहां सरकार की नीतियों के कारण समाज के सबसे निचले तबके को भी सुरक्षा कवच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में बीमा क्षेत्र का आकार 1,17,505 करोड़ रुपये हो गया, जिसके तहत देश के 58 करोड़ लोगों को कवर किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने 42,420 करोड़ रुपये का प्रीमियम जुटाया है। निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 37,752 करोड़ रुपये है। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का योगदान 37,331 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में 2.51 करोड़ व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां जारी



हुई, जिनसे 6.01 करोड़ लोगों को कवर मिला। इसके अतिरिक्त, 13.05 लाख ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों के जरिए 27.51 करोड़ सदस्य कवर किए गए हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर औसत प्रति व्यक्ति प्रीमियम 943 डॉलर है, जबकि भारत में यह केवल 97 डॉलर है। इस अंतर को पाटने के लिए सरकार कई लक्षित सुधार कर रही है। व्यक्तिगत प्रीमियम पर जीएसटी छूट और ग्रामीण व सामाजिक क्षेत्रों में बीमा की पहुंच बढ़ाने के लिए नियामक संस्था इरडा द्वारा 2024 में अधिसूचित नए नियम इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। इसके अलावा, बाजार में गहराई लाने और पैठ बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार दिसंबर 2025 में बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए एक विधेयक लेकर आई।

वित्त मंत्री ने कहा कि देश के सबसे गरीब नागरिकों को पीछे नहीं छोड़ा जा रहा है। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का लाइफ कवर देती है। इसमें अब तक 26.79 करोड़ नामांकन हो चुके हैं।

आयुष्मान भारत (एबी-पीएमजेएवाई) देश की 40 प्रतिशत निचली आबादी (लगभग 12 करोड़ परिवार) को हर साल 5 लाख रुपये का अस्पताल खर्च कवर देती है। 28 फरवरी 2026 तक देश भर में 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

## बंगाल की सभी सीटों पर टीएमसी के उम्मीदवार घोषित, भवानीपुर से चुनाव लड़ेंगी ममता बनर्जी

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस बार 52 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिसमें युवा तथा अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार भी इसी सीट से चुनाव लड़ेंगी। ममता बनर्जी ने घोषणा की कि दार्जिलिंग क्षेत्र की तीन सीटों पर तृणमूल चुनाव नहीं लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कालीघाट स्थित अपने आवास से 294 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।ममता बनर्जी ने कहा कि जिन नेताओं को इस बार टिकट नहीं दिया गया है, उन्हें पार्टी संगठन में अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां



दी जाएंगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल पहले से अधिक सीटें जीतेगी, क्योंकि पार्टी साल के 365 दिन जनता के बीच रहती है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी लोगों को लाकर राज्य की राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बंगाल की अस्मिता की लड़ाई है और जनता इसका जवाब देगी।

# डायग्नोस्टिक सेंटर पर लापरवाही सीएचसी की व्यवस्थाएं संतोषजनक

- एसडीएम पयागपुर के औचक निरीक्षण में मिली कमियां





**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पांडेय ने मंगलवार को विशेश्वरगंज बस स्टॉप स्थित प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात एसडीएम श्री पांडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने ओपीडी, लैब, टीकाकरण व्यवस्था एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई, हालांकि निरीक्षण के दौरान सुधीर पांडेय, धीरेन्द्र पांडे , रोमा देवी , शिव प्यारी , उर्मिला अनुपस्थित मिली , जिन्हें अनुपस्थित दर्ज करते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। एसडीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की नियमित निगरानी की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुनाल मिश्रा, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. सारंग श्रीवास्तव, चीफ फार्मासिस्ट शैलेंद्र द्विवेदी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित सीएचसी का हुआ हस्तांतरण



- सीडीओ ने विकास कार्यों की ली गहन समीक्षा

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड विशेश्वरगंज अंतर्गत नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम सभा सेमरा सीएचसी का मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र द्वारा विधिवत हस्तांतरण स्वास्थ्य विभाग को किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। हस्तांतरण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुनाल मिश्रा, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग, सहायक लो0 नि0, अवर अभियंता, कार्यदायी संस्था एसआईवी आईएनएफआरए एलएलपी, ठेकेदार पवन त्रिपाठी, रोहित शुक्ला, इंजीनियर राघवेंद्र शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार, रमा शंकर व क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रायगंज में सरयू नदी के भगहर में डूबे किशोर का 24 घंटे बाद मिला शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के रायगंज गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां सरयू नदी के भगहर नाले में डूबे 15 वर्षीय किशोर अनुज का शव करीब 24 घंटे बाद बरामद किया गया। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे स्थानीय ग्रामीणों ने खोजबीन के दौरान शव को बाहर निकाला, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अनुज सोमवार दोपहर शौच के लिए सरयू नदी के किनारे स्थित भगहर नाले के पास गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। घटना के बाद से ही परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे थे।

## मंडलीय टीम में जिले के 8 खिलाड़ियों का हुआ चयन



- राज्य स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम में बहराइच जनपद के आठ जूनियर खिलाड़ियों का चयन किया गया है ये खिलाड़ी खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 17 मार्च से 24 मार्च तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 18 मंडलों की चयनित टीमें प्रतिभाग करेंगी। खेलो इंडिया फुटबॉल के कोच विनोद कुमार ने बताया की राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जनपद के खेलो इंडिया कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आठ खिलाड़ियों का चयन मंडलीय टीम में किया गया है। ये सभी खिलाड़ी प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में देवीपाटन मंडल टीम से प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियो में शिवा पाण्डेय, दिव्यांशु भारद्वाज ,यश वर्धन ,अनमोल रावत ,जिशन मैंरी,आयुष पाण्डेय ,अखंड दीक्षित ,शौर्य सिंह ,प्रांजल का चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन से जनपद के खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है। लोगों ने चयनित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। खिलाड़ियों का चयन होने पर उपक्रिड़ाधिकारी अनुपमा धनुक, स्विमिंग कोच रोहित सिंह, फुटबॉल कोच राकेश पासवान, हॉकी कोच मो.आरिफ, बैडमिंटन कोच आदित्य चंद्र मिश्रा, ताइक्वांडो के सीनियर खिलाड़ी शौर्य सिंह, विजय शंकर ,विशाल कुमार, सहित लोगो ने शुभकामनाएं दी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

### सैकड़ों महिलाओं को मिला स्वास्थ्य और जागरूकता का लाभ, टीबी मरीजों को दी गई पोषण पोटली

- परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति किया गया जागरूक
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी हुए सम्मानित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सीएचसी मुस्तफाबाद, जरवल के प्रांगण में मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से स्वास्थ्य विभाग और पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण को समर्पित इस मेले में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में कुल 754 लोगों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 722 महिला व पुरुष तथा 32 किशोर-किशोरियां शामिल रहीं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने 350 मरीजों की इंटरनल मेडिकल ओपीडी तथा 240 सामान्य मेडिकल ओपीडी में जांच की। इसके अलावा 42 किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में 43 पुरुषों को परिवार नियोजन पर विशेष परामर्श दिया गया, जबकि महिला और पुरुष मिलाकर 50 लाभार्थियों को परिवार नियोजन साधनों के साथ परामर्श उपलब्ध कराया गया। पात्र लाभार्थियों के 33 आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए, ताकि उन्हें जरूरत पड़ने पर निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, समूह सखी और स्वास्थ्य सखियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को बाल विवाह के दुष्प्रभाव, परिवार नियोजन के महत्व और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने के प्रति जागरूक किया गया। टीबी मरीजों को पोषण सहयोग के लिए पोषण पोटली भी वितरित की गई। मेले को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि महिला दिवस आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों का प्रतीक है। एक स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की नींव रखती है। वहीं उपायुक्त (स्वतः रोजगार) धनंजय सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और आजीविका एक-दूसरे के पूरक हैं और हमारा लक्ष्य महिलाओं को शारीरिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य मेले ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि सभी पात्र परिवारों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनें, ताकि कोई भी गरीब इलाज से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 65 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम पयागपुर ने गैस एजेंसी डीलरों के साथ की बैठक



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील पयागपुर में उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडे की अध्यक्षता में गैस एजेंसी डीलरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी , सभी थानाध्यक्ष एवं पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में एलपीजी गैस वितरण प्रणाली को सुचारु एवं पारदर्शी बनाना, कालाबाजारी पर रोक लगाना और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना रहा। उपजिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, ओवरचार्जिंग या अवैध भंडारण की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दर्जी कुआं चौकी प्रभारी बनाए गए आकाशदीप

**झझरी/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मोती गंज थाना में रहे उपनिरीक्षक आकाश दीप को हटा कर दर्जी कुआं का चौकी प्रभारी बनाया है। दर्जी कुआं चौकी प्रभारी रहे सुनील कुमार पाल को भ्रष्टाचार के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया था।

### 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**झझरी/ गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पांच मुकदमों में वांछित चल रहे मलखान सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। रोडवेज चौकी प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि बुधवार के दिन पांच मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्त मलखान सिंह पुत्र माता प्रसाद सिंह निवासी आनंद नगर पेरी शिव खब्तावर को आनंद नगर पेरी चौराहा के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया कर के जेल भेजा गया है। काफी दिनों से वांछित चल रहा है। इस के ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित था ।

### सात लोगों पर दर्ज हुआ मार-पीट का मुकदमा

**झझरी /गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के वन घुसरा गांव के निवासी विनोद कुमार ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया है कि सोमवार के दिन उस के घर सात लोगों चड आए और विशाल विकास पांडेय लवकुश शुक्ला संजय तिवारी प्रियांशी सुधी को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मुरली धर पवन कुमार विकास अमन आशीष रजनीश तिवारी अंकित तिवारी परवीन के ऊपर मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कराया गया। कोतवाल देहात के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुरली पवन कुमार सहित सात लोगों पर मारने पीटने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जिस की छान बीन कर के गिरफ्तारी की जाएगी।

### झिन्ने नाला पर पुल निर्माण शुरू, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

**बलरामपुर।** श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा तुलसीपुर के हरिहरगंज-ललिया-बनकटवा मार्ग पर किलोमीटर 09 स्थित झिन्ने नाला पर पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत से क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर है और लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम माना जा रहा है। पूर्व सांसद प्रत्याशी युगल किशोर शुक्ल ने निर्माण कार्य की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस पुल निर्माण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है। युगल किशोर शुक्ल ने बताया कि उन्होंने 11 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से भी इस मांग को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड बलरामपुर के अधिशासी अभियंता कार्यालय द्वारा 10 मार्च 2026 को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया था कि उक्त स्थान पर लघु सेतु निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है तथा अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 16 मार्च 2026 को कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है।

## विशाल ने जीता जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल

- गोरखपुर जोन प्रतियोगिता में बहराइच के खिलाड़ी ने नाम किया रोशन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में गोरखपुर में आयोजित जोन स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में बहराइच के खिलाड़ी विशाल ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जनपद के रिखीराम पुरवा मटेरा के निवासी विशाल पुत्र रामजीत ने जिले का नाम रोशन करते हुए सीनियर वर्ग जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है इसका श्रेय उन्होंने अपने माता पिता, एथलेटिक्स कोच ओंकार नाथ यादव व एथलेटिक्स एसोसिएशन बहराइच को दिया है। इससे पूर्व में भी खिलाड़ी विशाल ने बहराइच का नाम गोल्ड मेडल जीतकर रोशन किया था। जोन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने के बाद विशाल अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता प्रयागराज में अपना दमखम दिखाएंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 मार्च से 27 मार्च तक प्रयागराज में होना है। विशाल के गोल्ड मेडल जीतने पर एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू उपक्रिड़ाधिकारी अनुपम धनुक, स्विमिंग कोच रोहित सिंह, फुटबॉल कोच राकेश पासवान व विनोद कुमार, हांकी कोच मो. आरिफ, बैडमिंटन कोच आदित्य मिश्रा, अभय सिंह सहित जनपद के सैकड़ो लोगों ने विशाल के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## रसोई गैस न मिलने से मची अफरा-तफरी



**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय क्षेत्र मे रसोई गैस की कमी से लोग बेहाल है !एजेंसी पर सुबह से ही भीड़ लग जाती है !अधिक दामों पर बिक रहा है ! मिली जानकारी के अनुसार आदर्श नगर पंचायत धानेपुर मे ज्योति गैस एजेंसी एच पी का है !रसोई गैस की कमी है !उपभोक्ताओ को नहीं मिल पा रहा है !बड़े सुबह से ही लोग आकर लाईन लग जाती है !कई दिनों से लोग वापस हो रहे है !बहुतो के घर मे गैस के बिना रसोई ठंडी पड़ी है !एजेंसी पर सिलेंडर जमा करने के लिए भी लम्बी लाईन लगती है !जमा करने के तीन चार दिन बाद ही उपलब्ध होने पर मिलता है !दलालो की पहले ही लाईन मे रहते है !एजेंसी के कुछ कर्मचारी की मिलीभगत से रसीद कट जाती है आने पर पहले गैस भी पा जाते है !आम लोग इंतजार करते रहते है !सुनने मे आया है यही लोग मनमाने दामों पर बेचते है !कई बार लोगो से इस बारे मे झड़प भी होता है !कुछ लोगो ने भारत गैस का कनेक्शन सत्य साई गैस एजेंसी झंझरी गोण्डा से लिए है !गाड़ी भी बराबर आती थी ! अब दिखाई नहीं पड रही है !वहां तक भी उपभोक्ता गये गैस नहीं मिल पाया वापस लौट आये !गैस के लिए मारामारी मची हुई है !जबकि शासन प्रशासन गैस कमी न होने की बात कर रहा है !अफवाह से भी लम्बी लाइने लग रही है !आम लोग पीड़ित है !टकटकी लगाये गैस का इंतजार कर रहे है !

## अस्वीकृत व अज्ञात गन्ना प्रजातियों की न करें बुवाई : ए.के. सिंह



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड कुन्दरखी के महाप्रबंधक ए.के. सिंह के निर्देशन में बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम बेसहूपुर में किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका प्रमुख उद्देश्य वसंतकालीन गन्ना बुवाई, पेड़ी प्रबंधन और भूमि उपचार रहा। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने किसान बंधुओं से कहा कि क्षेत्र में विभिन्न अस्वीकृत व अज्ञात गन्ना प्रजातियां उपलब्ध हैं, जिन्हें कुछ लोगों द्वारा विभिन्न नामों से बीज के लिए वितरित किया जा रहा है। जो इस क्षेत्र के लिए स्वीकृत नहीं हैं। अतः किसान बंधु उनकी बुआई कदापि न करें। केवल स्वीकृत एवं उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों की ही बुआई करें, जिससे गन्ना बेचने के दौरान आप लोगो को असुविधा न हो। महाप्रबंधक ने वसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील प्रजातियों जैसे को. 0118, को. 15023, को.लख. 14201, को.लख. 16202, कोशा. 18231, कोशा. 17231 तथा जलप्लावित क्षेत्र के लिए 94184, को 98014 आदि का समय से वुवाई करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गन्ना प्रजातियों का समय से बुवाई अत्यंत आवश्यक है। महाप्रबंधक ने कृषकों को पेड़ी गन्ने का अच्छा प्रबंधन करके अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील किया। उन्होंने आर.एमडी. एवं मलचर के प्रयोग पर जोर दिया और स्वस्थ फ़सल की दशा मे द्वितीय पेड़ी रखने की भी अपील किया। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी पेराई सत्र में गन्ना प्रजाति को डीगरेड/डाउन करके तौल कार्य नही किया जायेगा। अतः जिस प्रजाति का गन्ना बोया गया है, उसी प्रजाति में गन्ने का सर्वे कराया जाए। जिससे पेराई सत्र के दौरान गन्ना आपूर्ति में परेशानी से बचा जा सके। श्री सिंह ने सहफ़सली खेती गन्ना एवं लोविया का निरीक्षण किया तथा कृषकों से कहा कि जिन्हें गन्ना बीज की आवश्यकता है, चीनी मिल से बीज प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी समस्या के समाधान हेतु अपने क्षेत्र के गन्ना पर्वेक्षक अथवा चीनी मिल के अधिकारियों से संपर्क करें। इस मौके पर वरिष्ठ गन्ना अधिकारी रमेश प्रताप सिंह, सुपरवाइजर मेलाराम गिरी, जगदम्बा वर्मा, राम सिंह, राधेश्याम वर्मा, शंभू वर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## कागजों में सब चकाचक, मौके पर उगे झाड़-झंखाड़, कैसे हो किसानों के खेतों की सिंचाई



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** यहां पर अदम गोंडवी जी का एक शेर याद आता है कि तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है मगर यह आंकड़े झूठे हैं और दावा किताबी है इन्हीं बातों की तर्ज पर जिले के नहर विभाग ने अपना काम तो कर दिया लेकिन किसानों के खेतों की सिंचाई होना दुश्वार है। इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने करके कार्यवाही की मांग की। उनका कहना है कि इस पर अधिशासी अभियंता ने अपनी रिपोर्ट में सब कुछ दुरस्त होने की झूठी रिपोर्ट लगा दी। इसको लेकर उन्होंने डीएम से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज साहू का कहना है कि अधिशासी अभियंता ने कहा कि यदि गलत रिपोर्ट लगाई है तो आप स्वंय मौके पर सत्यापित कर लें। सबका अपना प्रोटोकॉल होता है इस संबंध में हम कुछ नहीं कह सकते। प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने नहरों की साफ-सफाई में बड़े पैमाने पर धांधली करके सरकारी पैसे का दुरूपयोग करने की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। उन्होंने बताया कि विकास खंड हलधरमऊ व कटरा के अंतर्गत, छिटनापुर, गंडाही, सर्वांगपुर, जगतापुर, भैरमपुर, छिटनापुर, पूरे बहोरी, झौहना व धोबहाराय, अशोकपुर माइनर इस सूची में शामिल हैं। ये माइनर सरयू नहर खंड-प्रथम नकही रजबहा से निकलती हैं। नहरों में पानी न आने से सैकड़ों हेक्टेयर में लगी गेहूं की फसल की सिंचाई नहीं हो सकी। शिव स्वरुप शुक्ला, कृष्ण देव, राजेश, मालिक राम, नाथे आदि किसानों ने बताया कि जब से नहर बनी तब से खेतों तक पानी ही नहीं आया। हालांकि, विभाग हर साल जेसीबी से नहरों की फौरी तौर पर सफाई करवाता है। आधा अधूरा काम ही पूरा होने तक सिंचाई का सीजन खत्म हो जाता है। प्रधान उमापति त्रिपाठी का आरोप है कि सिल्ट सफाई, जंगल क्लीरियंस, मिट्टी कटिंग आदि के नाम पर लाखों रुपए निकाल लिए गए जबकि अधिकांश जगहों पर कोई काम नहीं हुआ है। इसकी वजह से किसान पंपिंग सेट से गेहूं की सिंचाई करने को विवश हैं। विभाग ने यह भेजी रिपोर्टः ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष उमापति त्रिपाठी के मुताबिक जनवरी में नहरों की साफ-सफाई में हो रही धांधली को लेकर शिकायत की थी।

### संकुल शिक्षक बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार व नामांकन वृद्धि पर हुआ मंथन

**उतरौला (बलरामपुर)।** न्याय पंचायत उतरौला ग्रामीण क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बभनी बुजुर्ग में मंगलवार को माह मार्च की संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्याय पंचायत क्षेत्र के शिक्षक एवं शिक्षा मित्रों की सक्रिय भागीदारी रही, जहां शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, नामांकन वृद्धि और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर संचालित स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने तथा नामांकन बढ़ाने की रणनीतियों पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही रेमेडियल शिक्षण, प्रभावी शिक्षण योजना, मेगा शिक्षक-अभिभावक बैठक के आयोजन एवं रिपोर्ट कार्ड वितरण की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में यूटा ने निकाला मशाल जुलूस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा की गोंडा इकाई द्वारा आरटीई लागू होने के पूर्व से सेवारत शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया, जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में शिक्षकों ने स्थानीय गांधी पार्क से मसाल जुलूस निकालकर अपनी आवाज़ बुलंद की, शिक्षकों के सम्मान में...यूटा मैदान में, शिक्षकों का ये अपमान...नहीं सहेगा हिंदुस्तान, काला कानून... वापस लो, जैसे नारों के साथ काफिला बढ़ता हुआ अम्बेडकर चौराहा पहुंचा और यहाँ पदाधिकारियों के सम्बोधन के पश्चात् समाप्त हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने कहा की अनुभव का कोई विकल्प नहीं है और योग्यता की पहचान वर्षो के समर्पण से होती है, जिला संरक्षक हेमंत तिवारी ने कहा की जिन शिक्षकों ने पिछले 10-15 वर्षो से विपरीत परिस्थितियों में बेसिक शिक्षा के नीव मजबूत की आज उनकी योग्यता को एक पात्रता परीक्षा की कसौटी पर कसना न्याय संगत नहीं है, महामंत्री आत्रेय मिश्रा ने कहा सेवा के बीच में नए नियम लागू करना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। इस अवसर पर परसपुर विकास मंच के अरुण सिंह, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, शिव कंपटीशन हब के संचालक एवं एनएसटी के अध्यक्ष डॉक्टर अजय पाठक, जिला संरक्षक हेमंत तिवारी, महामंत्री आत्रेय मिश्र, कोषाध्यक्ष चन्दन सिंह, जिला उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय और सुनील विश्वकर्मा, जिला संयुक्त मंत्री अमित पांडेय, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाल कृष्ण गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र, जिला संगठन मंत्री बृजभूषण पांडे, छपिया के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मनकापुर के अध्यक्ष विनय मिश्रा, रूपईडीह के अध्यक्ष प्रवेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक जितेंद्र मौर्य, कमलेंद्र चौबे ,उपेन्द्र सिंह ,रवि प्रकाश पाठक,प्रवेश चंद्र तिवारी, देवघर द्विवेदी, पंकज तिवारी, अरविंद कुमार, लल्लन तिवारी, विपिन यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, रंजीत कुमार, आदि उपस्थित रहे, यह जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र ने दी।

# यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में बढ़ रहा निवेश, तीन कंपनियों को भूमि आवंटन

## ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट और ड्राई फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट लगेंगी, सृजित होंगे 5,700 से ज्यादा रोजगार के अवसर

- तीनों कंपनियों से आएगा 3,400 करोड़ रुपये से अधिक निवेश



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा क्षेत्र में तीन बड़ी कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है। यह आवंटन इन्वेस्ट यूपी की संस्तुति पर किया गया है, जिससे प्रदेश में निवेश का माहौल और मजबूत हुआ है। इन परियोजनाओं से 3,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा और 5,700 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. को सेक्टर-10 में 154 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना में 2,029 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 4,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यूनिट कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को नई मजबूती देगी।सीएनएच इंडस्ट्रियल इंडिया प्रा लि को सेक्टर-8डी में 100 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर निर्माण यूनिट स्थापित करेगी, जिसमें 1,219.81 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस प्रोजेक्ट से लगभग 1,200 लोगों को रोजगार मिलेगा। सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्रा लि को सेक्टर-8डी में 30,000 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ड्राई फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट लगाएगी। इस परियोजना में करीब 225.16 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 569 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में बढ़ते निवेश को योगी सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों, सिंगल विंडो सिस्टम और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का परिणाम माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने किए मां विंध्यवासिनी के दर्शन

**एजेंसी, लखनऊ।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने मां को लाल चुनरी अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की और मंदिर की परिक्रमा भी की। मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का जायजा लिया, प्रशासन को चैत्र नवरात्रि व रामनवमी में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने और मंदिर प्रांगण के साथ ही आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विंध्यवासिनी कॉरिडोर का अवलोकन और स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री को बच्चे भी दिखाई दिए। उन्होंने बच्चों के पास पहुंचकर उनसे संवाद किया, उनका हालचाल पूछा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने की सीख दी और उन्हें चॉकलेट दी।

# पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

- दरोगा परीक्षा में पंडित विकल्प को लेकर है आहत
- इस मामले में उसने हजरतगंज कोतवाली में लिखित शिकायत भी दी थी



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर मंगलवार को एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश कर हड़कंप मचा दिया। युवक अपने साथ बोतल में केरोसीन लेकर पहुंचा था और मुख्य गेट के सामने आते ही उसने अपने ऊपर केरोसीन छिड़कना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया और बड़ा हादसा टल गया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसका आरोप है कि हाल ही में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में एक विवादित सवाल पूछा गया, जिसमें अवसरवादी के विकल्प के रूप में पंडित शब्द जोड़ा गया था। दीपक का कहना है कि यह प्रश्न जानबूझकर एक वर्ग को अपमानित करने के लिए शामिल किया गया था। दीपक शर्मा ने बताया कि इस मामले में उसने हजरतगंज कोतवाली में लिखित शिकायत भी दी थी। शिकायत में उसने भर्ती बोर्ड पर आपत्तिजनक प्रश्न पूछने और भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया था। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि उसे पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र भाषा का सामना करना पड़ा। घटना के बाद पुलिस ने युवक को समझा-बुझाकर शांत कराया और उसे हुसैनगंज थाने ले जाया गया। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### लोहिया संस्थान में मरीज की मौत पर परिजनों ने काटा बवाल, लापरवाही का आरोप

**एजेंसी, लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मंगलवार को मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए तीमारदारों ने रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ मारपीट की और आपातकालीन (ट्रायज) क्षेत्र में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू में किया और डॉक्टरों की तहरीर पर एक तीमारदार को हिरासत में ले लिया। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. भुवन तिवारी ने बताया, मरीज लाल बहादुर (45) को निमोनिया और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम के साथ बेहद गंभीर हालत में लाया गया था। उनका ऑक्सीजन स्तर काफी कम था। डॉक्टरों ने तत्काल वेंटिलेटर पर शिफ्ट करने की सलाह दी, लेकिन परिजनों ने शुरू में सहमति नहीं दी। लगभग दो घंटे की देरी के बाद वेंटिलेशन शुरू किया गया, लेकिन तब तक स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी थी और मरीज को बचाया नहीं जा सका। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि डॉक्टरों ने समय पर इलाज शुरू कर दिया था और लापरवाही के आरोप निराधार हैं। वहीं, तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने मरीज को समय पर भर्ती नहीं किया और वेंटिलेटर को लेकर गुमराह किया। उनका कहना है कि अगर सही समय पर इलाज मिलता तो मरीज की जान बच सकती थी। परिजनों ने एक रेजिडेंट डॉक्टर पर महिलाओं के साथ अभद्रता का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और अस्पताल प्रशासन ने भी आंतरिक जांच शुरू कर दी है।

### ईद से पहले फितरा अदा करें ताकि जरूरतमंद भी ईद की खुशियों में बराबर हिस्सा ले सकें: आफाक

**एजेंसी, लखनऊ ।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्तासंगठन के कन्वीनर मुहम्मद आफाक ने एक बयान में कहा कि रमजान के आखिरी दो-तीन दिन बचे हैं, इसलिए पूरी मुस्लिम कम्युनिटी को चाहिए कि वे बचे हुए आखिरी कुछ दिनों में खुद को और अपने परिवार को अल्लाह की इबादत में शामिल करें, ताकि अल्लाह की खुशी और करीबी हासिल की जा सके। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को इन मुबारक दस दिनों में नमाज, कुरान की तिलावत, जिक्र और दुआ का खास इंतजाम करना चाहिए और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान का पवित्र महीना खत्म होने वाला है, इसलिए फितरा अदा करना शुरू कर दें। शहर और आस-पास के इलाकों के मुसलमानों को पैगंबर की सुन्नत पर अमल करना चाहिए और हकदारों को फितरा बांटने में लग जाना चाहिए ताकि गरीब और जरूरतमंद भी ईद की खुशियों में बराबर हिस्सा ले सकें। उन्होंने कहा कि विद्वानों ने कहा है कि फितरा हर मुस्लिम पर जरूरी है, जिसका मकसद समाज के कमजोर तबके की मदद करना और उन्हें ईद-उल-फितर की खुशियों में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज से पहले फितरा देना बेहतर है ताकि हकदारों को समय पर फायदा मिल सके।

### मजदूर ने फांसी लगाकर जान दी

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधाानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में एक मजदूर ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान ग्राम रहोड़ा पुरवा (आईआईएम रोड) निवासी गौतम रावत (45) के रूप में हुई। उसका शव मंगलवार सुबह करीब 7: 15 बजे गांव के बाहर आम के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों के मुताबिक, गौतम रावत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके 6 बच्चे हैं। सोमवार रात उसका पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से चला गया। इसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। मृतक के तीन भाई हैं। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम न कराने के लिए लिखित में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से ऑटो चालक की मौत

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र के बिठौली क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से 20 वर्षीय ऑटो ड्राइवर हमजा की मौत हो गई। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, जिसके बाद घटना का पता चला। हमजा रोज की तरह सोमवार को भी काम पर गया था। आमतौर पर शाम 7 बजे तक घर लौट आता था। बड़े भाई जुनेद के मुताबिक, सोमवार शाम 5.40 बजे उससे आखिरी बार बात हुई थी। उसने कहा था कि वह घर आ रहा है, लेकिन रात 9 बजे तक नहीं पहुंचा। चिंतित परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बिठौली क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर हमजा का ऑटो खड़ा मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा है। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो उसकी पहचान हमजा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने से मौत की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उत्तर प्रदेश के चार क्षेत्रों में निषाद पार्टी का रैलियों का ऐलान

- चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज



**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निषाद पार्टी ने चुनावी अभियान का औपचारिक आगाज की रणनीति तैयार कर ली है। पार्टी प्रदेश के चार प्रमुख क्षेत्रों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और मेरठ में जनसभाओं का आयोजन करने जा रही है। इन रैलियों के माध्यम से निषाद पार्टी अपनी संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन करने के साथ अपने प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। निषाद पार्टी द्वारा 22 मार्च को गोरखपुर स्थित महंत दिग्विजयनाथ पार्क गोरखपुर में रैली का आयोजन प्रस्तावित है। रैली पार्टी के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत मानी जा रही है और इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं निषाद समाज के लोगों की भागीदारी की अपेक्षा है। जनसभाओं का मुख्य केंद्र बिंदु मझवार,तुरैहा समाज को अनुसूचित जाति में परिभाषित किए जाने की मांग होगी। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस मुद्दे को रैलियों में प्रमुखता से उठाते हुए जनआंदोलन का रूप देने की रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। रैलियों के माध्यम से मझवार आरक्षण के मुद्दे को निर्णायक स्तर तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने मांगों को बिंदुवार रखते हुए विस्तार से प्रस्तुत किया है ताकि समाज के अधिकारों और समस्याओं को मजबूती से सामने लाया जा सके।केवट, मल्लाह, बिंद, मांझी, कहार, धीवर, बाथम और कश्यप जैसी जातियों को पूर्व से अंकित मझवार और तुरैहा श्रेणी के अंतर्गत अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। पार्टी का तर्क है कि ये समुदाय सामाजिक, आर्थिक और पारंपरिक रूप से एक ही वर्ग से जुड़े हैं, इसलिए इन्हें समान संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए।मछुआ समाज को पहले नदी, बालू खनन और पुश्तैनी घाटों पर आसामी दर्ज के साथ अधिकार प्राप्त थे। किन्तु पूर्व की सरकारों द्वारा इन पारंपरिक अधिकारों को समाप्त कर दिया गया, जिससे समाज की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पार्टी इन अधिकारों की पुनः बहाली की मांग कर रही है।उत्तर प्रदेश में वर्ग-3 की भूमि मछुआ समाज के लिए आरक्षित थी और उन्हें आसामी दर्ज प्राप्त था, क्योंकि समाज का 80 फीसदी से अधिक हिस्सा भूमिहीन है। इसके बावजूद पूर्व सरकारों ने यह अधिकार समाप्त कर दिया। निषाद पार्टी की मांग है कि इस भूमि को पुनः समाज के लिए आरक्षित किया जाए, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका मिल सके। भारत सरकार के आदेशानुसार मछुआ समाज की कई उपजातियों को, क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के पीड़ित होने के कारण, विमुक्त जाति एवं जनजाति के अधिकार प्राप्त थे। किन्तु वर्ष 2013 में समाजवादी पार्टी सरकार द्वारा इन लाभों को समाप्त कर दिया गया। पार्टी की मांग है कि इन अधिकारों को पुनः लागू किया जाए, जिससे समाज को न्याय मिल सके। मांगों के माध्यम से निषाद पार्टी समाज के अधिकार, सम्मान और समान अवसर के लिए व्यापक आंदोलन खड़ा करने की दिशा में कार्य कर रही है।

## राजधानी में हिंदू नववर्ष कार्यक्रम की घोषणा आरएसएस के मार्गदर्शन में कल होगा आयोजन



**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन एवं राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति द्वारा यह आयोजन 19 मार्च को 1090 चौराहा, गोमती नगर के निकट किया जाएगा। इस वर्ष का कार्यक्रम विशेष रूप से आरएसएस की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित रहेगा। इसमें संघ के सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। पंच परिवर्तन पर आधारित संकल्प कार्यक्रम इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। समिति के संयोजक ललित श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करना है। इसका लक्ष्य नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक कर एक संगठित और संस्कारित समाज बनाने की दिशा में प्रेरित करना है। मीडिया प्रभारी शिवांक रमन भदौरिया के अनुसार, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता-2026 का भी आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जूनियर (कक्षा 6-8) और सीनियर (कक्षा 9-12) वर्गों में होगी। इसके विषय कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण रखे गए हैं। विजेताओं को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# लखनऊ से मोबाइल चुराकर नेपाल में बेचने वाले 4 गिरफ्तार



**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ से मोबाइल चुराकर नेपाल में बेचने वाले चोर गिरोह के 4 सदस्यों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 41 मोबाइल फोन, 2 टैबलेट, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल लग्जरी कार और बाइक बरामद की गई। मोबाइलों की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। एडीसीपी नॉर्थ रिषभ रूणवाल ने बताया- 22 फरवरी को जानकीपुरम गार्डन निवासी अभिषेक चौधरी ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। चोर करीब 30 नए मोबाइल, 10 पुराने मोबाइल, 4 टैबलेट और 10 हजार रुपए नकद ले गए थे। पुलिस मड़ियांव थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी थी। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार सुबह मड़ियांव के यादव चौराहे के पास लोखड़िया मोड़ सर्विस रोड से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन (23), जीशान (26), अजमत अली उर्फ मंटू (25) और समीर उर्फ डाबर (19) के रूप में हुई है। सभी लखनऊ और बहराइच के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से 41 मोबाइल, 2 टैबलेट के अलावा 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई हुंडई वर्ना कार और दो मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पहले बाइक और कार से इलाके की रेकी करते थे। इसके बाद बंद दुकानों का शटर और ताला तोड़कर मोबाइल व टैबलेट चोरी कर लेते थे। चोरी का सामान नेपाल ले जाकर बेच देते थे और रुपए आपस में बांट लेते थे। आरोपी चोरी के दौरान हथियार साथ रखते थे। बरामद सामान का संबंध मड़ियांव समेत अलीगंज, जानकीपुरम, चिनहट और इटौंजा थानों में दर्ज कई चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जिलों से भी जुटाई जा रही है।

# गैस सिलेंडर संकट पर भड़के समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत-कालाबाजारी के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा, लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को गेट संख्या 1 पर जोरदार किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी (मार्च में रू.60 की बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 913 तक पहुंच गई) और समय पर उपलब्धता न होने से आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। कालाबाजारी चरम पर है, जहां सिलेंडर कहीं-कहीं दोगुने-तिगुने दाम पर बिक रहे हैं, जबकि सरकारी आपूर्ति में कमी और होर्डिंग की समस्या बनी हुई है। छात्रों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वे इन मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। समाजवादी छात्र सभा ने मुख्य मांगें रखीं, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए, आम जनता को सुलभ और उचित दरों पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण किया जाए और सब्सिडी बढ़ाई जाए। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। अंत में सभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द समाधान नहीं करती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल रहेरू रोहित यादव, आदित्य पाण्डेय, शिवा जी यादव, प्रसन्न शुक्ला उर्फ मिट्ठू, शिवपूजन पाण्डेय, अजीतेंद्र यादव, शिवमणि तिवारी, प्रशांत पाल, अनादि तिवारी, अक्षत पाण्डेय, प्रभात राज यादव, आशीष यादव, आर्यन गुप्ता, विनय शाक्य, प्रियांशु, रुद्रवीर, सूर्यांश, पंकज, अर्जुन, अश्वनी आदि छात्र।

# भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने हाथ में कटोरा लेकर किया प्रदर्शन



**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी कटोरा लेकर भीख मांगते हुए हजरतगंज चौराहे से विधानसभा घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2024 की भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है और अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी सूरज सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं और लगातार निराशा झेल रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकारी पक्ष की कमजोर पैरवी के कारण मामला लंबा खिंच रहा है। कुछ अभ्यर्थियों ने यह भी दावा किया कि कई साथी मानसिक तनाव में आत्महत्या कर चुके हैं। हरदोई से आए रमेश ने बताया कि वे गरीब परिवार से हैं और नौकरी की उम्मीद में लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। भर्ती अटकी रहने से उनके परिवार पर भी आर्थिक संकट गहरा गया है। अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रदेश में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के करीब 60 प्रतिशत पद खाली हैं। कुल 2100 स्वीकृत पदों में से लगभग 1200 पद रिक्त हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग की है कि कोर्ट में शीघ्र सुनवाई कराकर भर्ती प्रक्रिया पूरी कराई जाए, ताकि युवाओं को राहत मिल सके।

### ई-रिक्शा चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी के नाका हिण्डोला थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना परिवारीजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि मृतक ई रिक्शा चलाता था और शराब पीने का आदी था। पुलिस के मुताबिक, रानीगंज स्थित कबीरदास का हाता निवासी हीरा लाल सोनकर ने थाने में सूचना दी कि उनके पुत्र अनिल सोनकर उर्फ गोलू (32) ने घर के पहली मंजिल पर बने कमरे की छत के कुंडे में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी।

## पर्यटन विभाग का अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों के विकास पर जोर

# आधुनिक सुविधाओं से निखरेगा लखनऊ का प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर : जयवीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



- 89.82 लाख रुपए की पर्यटन विकास योजना से बदलेगी तस्वीर
- 60 लाख रुपए की पहली किस्त जारी

पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित प्राचीन श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए करीब 89.82 लाख रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई। मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक होगा, स्थानीय पर्यटन को गति मिलेगी। स्थल श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण बनकर उभरेगा।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्जलसाई नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास के तहत इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत यात्री हॉल का निर्माण, शीट रूफिंग युक्त यात्री शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर से युक्त इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे। स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के जरिए परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। जनश्रुति के मुताबिक भगवान भोलेनाथ का प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर स्वयंभू माना जाता है। अनुमानतः यह मंदिर करीब 200 साल से भी अधिक पुराना है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर इसका निर्माण कराया था, जो समय के साथ इलाके की आस्था का बड़ा केंद्र बन गया। पर्यटन विभाग अब राज्य के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के साथ अल्पज्ञात और प्राचीन मंदिरों के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित जलसाई नाथ मंदिर, चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा के संत रविदास मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों का विकास किया जा रहा है। श्समृद्ध विरासतों, पारंपरिक व्यंजनों और प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला से सजा लखनऊ देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाओं और पर्यटन वातावरण के चलते वर्ष 2025 में शहर में 1.71 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया। इनमें 38 हजार से ज्यादा विदेशी पर्यटक रहे।

# फत्तेखेड़ा में अजय राय ने पीड़ित रमेश प्रजापति से की मुलाकात

- रमेश प्रजापति के परिजनों को 50 लाख मुआवजे की मांग

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मोहनलालगंज क्षेत्र के फत्तेखेड़ा गांव पहुंचकर मृतक रोजगार सेवक रमेश प्रजापति के परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और सरकार से 50 लाख मुआवजे व सरकारी नौकरी की मांग की।

हाल ही में रमेश प्रजापति ने कथित तौर पर आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। अजय राय ने मृतक के पिता और बड़े भाई से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान अजय राय ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में रोजगार सेवकों की स्थिति दयनीय है। उन्होंने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की।

मृतक के परिवार को तत्काल 50 लाख का मुआवजा दिया जाए, परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, और आत्महत्या के कारणों की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो ताकि दोषियों पर कार्रवाई की जा सके।

अजय राय ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक इस आवाज को बुलंद करती रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर, बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर



**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे रामपुर वनस्थली स्कूल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खानपुर निवासी महेंद्र (40) पुत्र बाबूराम अपनी पत्नी सेंदुरी के साथ खुटार किसी काम से आ रहे थे तभी रास्ते में ही रौतापुर के पास स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डला कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस कर्मी एमटी मनोज कुमार और पायलट राकेश कुमार मौर्य ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### लाईट लगने से जगमग जगमग होगा स्टेडियम

**रोजा, शाहजहांपुर।** लोदीपुर से सुभाष चंद्र बोस के आगे जगन्नाथ सिंह स्टेडियम तक अभी तक रात्रि में लाइट जलते हैं लेकिन अब जगन्नाथ सिंह स्टेडियम से लेकर रोजा जंक्शन अंदर बाईपास तक लाइट लगाई जाएगी। जिससे पूरे रोड पर रात्रि में रोशनी रहेगी और आने-जाने वालों को कोई दिक्कत नहीं होगी। चर्चा है जगन्नाथ सिंह स्टेडियम से रोज अंडरपास तक रोड नगर निगम में आ गई जिस कारण डिवाइडर के बीचों बीच में पोल लगाने के लिए डिवाइडर काटे गए और डिवाइडर काटने के बाद में पोल लगाए जाएंगे पल लगने के बाद में लाइटर लगे जाएंगे और तिरंगा झंडी लगाई जाएगी झालर लगाई जाएगी जिससे अब ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी अभी तक जगन्नाथ सिंह स्टेडियम तक रात्रि में लाइट जलती थी उसके आगे अंधेरा रहता था रात में वाहन चलाने वालों को काफी परेशानी होती थी लेकिन अब लाइट लग जाने से रात्रि में भी वाहन चलाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**खुटार शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सौफरी में मंदिर के पास मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया भागवत निवासी हिमाचल (17) पुत्र प्रमोद बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि हिमाचल सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### पालिका बोर्ड में सविता वर्मा समेत पांच सदस्य नामित

**तिलहर-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम के तहत नगर की दो महिलाओं समेत पांच लोगों को सदस्य नामित किया गया है। जिसमें नगर की पंजाबी कॉलोनी निवासी भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं पालिका की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सविता रानी वर्मा समेत पांच लोगों को सभासद नामित किया गया है। इसी क्रम में मोहल्ला नई बस्ती निवासी भाजपा के नगर अध्यक्ष रहे स्व राजीव राठौर की पत्नी विमलेश उर्फ अंशु राठौर, मोहल्ला निजामगंज निवासी एडवोकेट आशीष कुमार शर्मा, मोहल्ला मौजमपुर कॉलोनी निवासी पूर्व समाजद पवन कुमार व मोहल्ला बहादुरगंज निवासी सेठी कश्यप को पुनः नामित किया गया है। उक्त लोगों के सदस्य नामित होने पर भाजपा नगराध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, पूर्व वाइस चेयरमैन सुशील बाबू गुप्ता समेत तमाम कार्यकर्ता व समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शहीद एक्सप्रेस में बच्चों की हालत बिगड़ी

**शाहजहांपुर।** जयनगर से चलकर अमृतसर जाने वाली शहीद एक्सप्रेस के कोच नंबर ड्ड1 बर्थ नंबर 17 18 पर अभिनव 10 वर्ष अपने परिजनों के साथ अमृतसर जा रहा था लखनऊ से ट्रेन निकलने के बाद अभिनव की हालत बिगड़ गई। अभिनव के परिजनों ने ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर में तीन नंबर प्लेटफार्म पर रोका गया जहां रेलवे के डॉक्टरों की टीम में अभिनव का प्राथमिक उपचार कर उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण ट्रेन 10 मिनट प्लेटफार्म पर खड़ी रहे स्टेशन अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को रोक कर यात्री का प्राथमिक उपचार किया गया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

### आज नहीं आएगी बिजली

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** क्षेत्र में आज बुधवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, कुल छह घंटे के लिए होगी। अवर अभियंता अजीत कुमार ने यह जानकारी दी। बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्र जैतीपुर पर 33 केवी कंट्रोल पैनल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही उपकेंद्र पर वायरिंग का कार्य भी किया जाएगा। इन तकनीकी कार्यों के कारण बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस अवधि के दौरान सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### संभव में तीन शिकायतों में एक निस्तारित



**शाहजहांपुर।** सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 3 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 1 समस्या का निस्तारण किया गया, शेष के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा नगर के जनसामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# सीओ के नेतृत्व में थाना खुटार में पीस मीटिंग

**खुटार शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




आगामी त्यौहार ब ईद नवरात्रि के मद्दे नजर थाना खुटार में पुलिस प्रशासन की ओर से महत्वपूर्ण पीस मीटिंग का आयोजन किया गया यह मीटिंग क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक नगर वासियों ब ग्राम वासियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्राधिकारी पुवायां ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की सभी त्योहार आपसी सौहार्द प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने अपील की कि ईद व नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि इस प्रकार की कोई जानकारी है तो वह मेरे दूरभाष पर दे सकता है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। यदि कोई शरारती तत्व माहौल बिगड़ने की कोशिश करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है व क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से वार्ता करते रोड पर नमाज ना करने की व नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर मीट मुर्गा की दुकानों को हिंदू बस्तियों से दूर रखने के लिए अपील की उन्होंने कहा कि त्यौहार की खुशियों के बीच संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना अति आवश्यक है। मीटिंग में दोनों समुदायों के लोगों ने आश्वासन दिया कि वह प्रशासन का सहयोग करेंगे। एकता एवं भाईचारे की परंपरा को बनाए रखेंगे। साथ ही साथ समस्या के समाधान के लिए क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक के द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया। इस मौके पर विकासखंड खुटार की सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान वर्तमान, नगर पंचायत अध्यक्ष पति बाबूराम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### महाप्रबंधक के निरीक्षण को लेकर तैयारियां

**रोजा, शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिविजन का रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन प्रमुख स्टेशनों में माना जाता है। 13 फरवरी को महा प्रबंधक के निरीक्षण को लेकर जोर-जोर से तैयारी की गई थी। प्लेटफार्म नंबर 5 और 6 पर नया टीम से डाला गया था आज पहली बरसात में तीन सेट पूरी तरह टपकने लगा जिस की ट्रेन का इंतजार कर रहा है यात्री भीगना लगे और इधर-उधर छिपकर ट्रेन का इंतजार किया महाप्रबंधक के आने से पूर्व लाखों रुपए खर्च करके रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन चमकाया गया था सभी अधिकारियों ने अपनी अपनी कमियां छुपाने की कोशिश की थी रंग रोगन का काम पूरी तरीके से हुआ था लेकिन वही सेट के ऊपर चादर भी नहीं डाली गई थी लाखों रुपए की चादर डाली गई जिसका ठेका दिया गया था लेकिन आज पहली बरसात में टपकने से बोल खुल गई इस संबंध में किसने क्या कहा।

## आरक्षी भर्ती प्रशिक्षण की लिखित परीक्षा का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रिजर्व पुलिस लाइन में चल रहे आरक्षी नागरिक पुलिस के आधारभूत प्रशिक्षण की लिखित परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा और पारदर्शिता के बीच आयोजित कराई जा रही हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण की लिखित परीक्षाएं पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय मुरादाबाद द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया यानी एसओपी के अनुरूप कराई जा रही हैं। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण, ओएमआर शीट की उपलब्धता और परीक्षा के बाद उनके सुरक्षित संधारण की व्यवस्था कड़ाई से लागू की गई है। परीक्षा केंद्र पर प्रशिक्षुओं के प्रवेश के दौरान सघन तलाशी ली जा रही है और मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। परीक्षा कक्षों में लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और एसओपी के पालन की गहन जांच की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराई जाए तथा प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही प्रशिक्षुओं की प्रवेश से पहले सघन चेकिंग और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

## जिलामंत्री बनीं सपना कश्यप

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक प्रमुख सपना कश्यप को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शाहजहांपुर जिला इकाई में जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान सौंपा है। सपना कश्यप पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव कश्यप की पत्नी हैं। उनकी इस नियुक्ति को पार्टी में उनके योगदान और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है। अपनी नियुक्ति पर सपना कश्यप ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगी। उनका लक्ष्य पार्टी की नीतियों और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उनके जिला मंत्री बनने पर कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बधाई दी है। इनमें साधन सहकारी समिति कीरतपुर बिहारी के अध्यक्ष सुनील सिंह भदोरिया, प्रधान ऋषिपाल कश्यप, रामनिवास शर्मा, बीडीसी सदस्य सुनील शर्मा और प्रधान प्रवेंद्र सिंह यादव, शिव सरन वर्मा पप्पू, अरुण प्रताप सिंह आदि नें बधाई दी।

## परिवार परामर्श केंद्र में दो बिछड़े दंपतियों का हुआ समझौता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में मंगलवार को आयोजित सुनवाई के दौरान कई पारिवारिक मामलों का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई इस बैठक में कुल 15 मामलों पर सुनवाई की गई, जिसमें से दो बिछड़े दम्पतियों को समझौते के बाद साथ रहने के लिए सकुशल विदा कर दिया गया। परिवार परामर्श केंद्र में थाना सदर बाजार दक्षिणी क्षेत्र के एक दम्पति का मामला सामने आया, जिनकी शादी करीब 9 वर्ष पहले हुई थी। पत्नी पिछले पांच महीने से मायके में रह रही थी। फोन पर मायके वालों से बात करने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी मायके चली गई थी। परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई गई और समझाने-बुझाने के बाद दोनों साथ रहने को तैयार हो गए। वहीं थाना खुटार क्षेत्र के एक दम्पति, जिनकी शादी 16 वर्ष पहले हुई थी, उनके बीच भी पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी एक महीने से मायके में रह रही थी। दवाई लेने के बाद बहन के घर जाने को लेकर सास और बहू के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद मामला बढ़ गया था। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइश दी गई, जिसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया और साथ रहने का फैसला किया। इस दौरान परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा और महिला आरक्षी मोनिका कुमारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गैस एजेंसी पर भारी भीड़, महिलाओं को हुई काफी दिक्कत

**सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को अजय इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बताया गया कि सोमवार को एजेंसी बंद रहने के कारण अगले दिन अचानक भीड़ बढ़ गई। गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ता केवाईसी कराने और पर्ची बुक कराने के लिए इधर-उधर खड़े नजर आए। अव्यवस्थित व्यवस्था के चलते खासकर महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और उन्हें अपनी बारी का इंतजार करने में परेशानी हुई।

जमुनिया गांव निवासी इंसान खां ने बताया कि गैस बुकिंग कराने के बाद भी मोबाइल पर मैसेज नहीं आता, जिससे दिक्कत होती है। वहीं मुर्छा गांव के आदित्य ने कहा कि एजेंसी पर लाइन की उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे अव्यवस्था बढ़ रही है। बही पसियाखेड़ा की रहनुमा ने बताया कि मेरे पास नया गैस पाइप होने के बावजूद भी जबरदस्ती 190 रु की अलग से रशीद कटानी पड़ रही है इस सम्बन्ध में एजेंसी प्रबंधक अरुण गुप्ता से फोन पर बताया कि ये गैस पाइप लेना जरूरी है नहीं तो गैस सलेंडर नहीं दिया जाएगा।रवि दीक्षित ने भी भीड़ अधिक होने के कारण पर्ची बुक कराने में परेशानी की बात कही। अन्य उपभोक्ताओं-गीता देवी, शीला देवी, रेशमा, निर्मला देवी, राजू, रामपाल, विमलेश कुमार और उषा देवी-ने भी इसी तरह की समस्याएं बताईं। गोदाम प्रभारी दानिश ने बताया कि सभी का काम नियमानुसार किया जा रहा है। भीड़ अधिक होने से कुछ असुविधा जरूर हो रही है, लेकिन सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी और किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### बीस तोला सोना व नकदी के साथ युवती गायब, छह पर मुकदमा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 20 तोला सोना व चार लाख 80 हजार नगदी के साथ पुत्री को गायब करने के आरोप में छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पिता ने दर्ज की गई रिपोर्ट में कहा कि 9 मार्च को सुबह 10 बजे विजय प्रताप उर्फ गोपी, रोहित कुमार, गजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह निवासी नवीनगर बंडा तथा कमलेश कुमारी पत्नी गिरन्द सिंह निवासी ताह बंडा ने फोन करके उनकी बेटी को पुवायां बुलाया बेटी अपने साथ 20 तोला सोना व घर पर रखे 4 लाख 80 हजार रुपये साथ लेकर आई जिसको गायब कर दिया।

## बेटियों का बरेली जोन स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में दबदबा

**सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत बरेली जोन स्तरीय खुली ग्रामीण भारोत्तोलन प्रतियोगिता 16 मार्च को डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम, बरेली में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में जनपद शाहजहांपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा और कुल पांच गोल्ड तथा छह सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

जनपद की भारोत्तोलन टीम ने दीपक वर्मा के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 45 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में कौशल्या देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 49 किलोग्राम सीनियर वर्ग में निकिता वर्मा तथा सब जूनियर वर्ग में रोली वर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। 55 किलोग्राम जूनियर वर्ग में प्रियांशी देवी द्वितीय तथा सीनियर वर्ग में नेहा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 59 किलोग्राम वर्ग में सब जूनियर में उर्वशी ने प्रथम, जूनियर में जोहरा ने द्वितीय और सीनियर वर्ग में शैलवी मिश्रा ने प्रथम स्थान हासिल किया। 64 किलोग्राम सीनियर वर्ग में खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड और दो सिल्वर मेडल जीते। 55 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में यीशु सिंह कश्यप प्रथम तथा सीनियर वर्ग में जगदीप सिंह द्वितीय रहे। 61 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में दिव्यांशु प्रथम तथा जूनियर वर्ग में सुनील कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी 25 से 27 मार्च 2026 तक प्रयागराज में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ये सभी खिलाड़ी स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुर में पंजीकृत हैं और प्रशिक्षक अजय पाल वर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल बामनिया, जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह सहित कई खेल अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी शाहजहांपुर बेटलिफ्टिंग सचिव अजय पाल वर्मा ने दी।

# तरावीह में कुरआन मुकम्मल, 27वीं शब पर मुल्क के लिए हुई दुआएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रमज़ान के मुकद्दस महीने चौकी हद्दफ वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज़ के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल कराया गया। इस मुबारक मौके पर मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत कर इबादत में हिस्सा लिया और अल्लाह का शुक्र अदा किया। कुरआन मुकम्मल होने के बाद पूरे माहौल में रूहानियत और अकीदत का खास नज़ारा देखने को मिला।

इस मौके पर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और इंसानियत की भलाई के लिए खास दुआ की गई।

कुरआन मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में महफिल-ए-नात का आयोजन किया गया, जिसमें हाफिज अतीक, सैयद अफ़ज़ाल, हाफिज बिलाल, हाफिज तारिक और हाफिज आरिश ने नात व मनक़बत पेश कर महफिल को रौनक बख्शी। उनकी दिलकश आवाज़ में पेश की गई नातों को सुनकर मौजूद लोग अकीदत के साथ झूम उठे और पूरा माहौल इबादत और मोहब्बत से भर गया।

कार्यक्रम के दौरान सलाम पढ़ा गया और फातिहा के बाद दुआ कराई गई। उलेमाओं ने अपने बयान में रमज़ान की 27वीं शब की खास फज़ीलत और उसकी अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि यह रात बेहद मुबारक होती है और इसमें की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मुकद्दस महीने के आखिरी दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, जरूरतमंदों की मदद करें और अपने गुनाहों की माफी मांगें।

मस्जिद के ईमाम हाफिज हसन ने तरावीह में कुरआन मुकम्मल कराया। उन्होंने बताया कि रमज़ान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जिसमें हर मुसलमान को इबादत के जरिए अल्लाह के करीब आने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मस्जिद कमेटी की ओर से लंगर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे व मोहब्बत के साथ लंगर तकसीम किया गया। इस दौरान लोगों में एकता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर राहत खां उर्फ कुन्नू के अलावा नसीम खां, सोनी खां, मोहम्मद राजिक, रज़ा खां, शाकिर अली, मो कादरी, शादाब खां, सोनू खां, दानिश खां, फहद खां सहित बड़ी संख्या में नमाज़ी मौजूद रहे।

### 27वीं तरावीह को नूरी मस्जिद नरौठा में कुरान हुआ मुकम्मल



**खुटार, शाहजहांपुर।** नूरी मस्जिद नरौठा देवीदास खुटार में हाफ़िज़ व कारी मो. कामिल रजा साहब ने 26 दिनों में तरावीह में बेहतरीन आवाज़ में मुकम्मल कुरान सुनाई। जश्न ए मुकम्मल तरावीह में हाफ़िज़ साहब की गुल पोशी कर तमाम तोहफ़ों से कमेटी के द्वारा नवाज़ा गया। इस दौरान महफ़िल में नात ख्वानी हुई और इमाम साहब ने तमाम बुज़ुर्गान ए दीन को अहसाले सवाब किया क़ौम और मुल्क में अमन चैन और सलामती की दुआ की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष शब्बीर अहमद प्रबंधक सरताज बरकाती, हाजी छेदा मंसूरी, नूर मो.मंसूरी, जहीरूद्दीन मदार, बन्ने अली, मो. रफी, बसरुद्दीन बरकाती, हनीफ बरकाती, डॉ.मो उमर बरकाती, नौशाद बरकाती, मो. हामिद, शरीफ बरकाती, उस्मान अली उर्फ बाबा, मो. रवी, डॉ. इरफान, आफताब अली, मो. कैफ, परवेज मदार, असलम मदार, हाफिज बदरुल हसन, निजामुद्दीन, मो. शादाब, इकलास मदार, इलियास खान,सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन पंडित राम प्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन के बीच गेट नंबर 316 के पास ग्राम बिलालंदापुर के निकट दोपहर बाद 4ः00 बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई गेट मैंने स्टेशन मास्टर कंट्रोल को सूचना दी कंट्रोल के आदेश पर जीआरपी पुलिस का मौके पर भेजा गया और जीआरपी ने डेड बॉडी को रेलवे लाइन से किनारे हटाकर रख दिया जिससे ट्रेनों का आमागमन चालू हो गया जिस कारण मालगाड़ी को काफी देर तक रोजा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार पर रोका गया था डेड बॉडी हटाने के बाद मालगाड़ी को चलाया गया इस संबंध में जीआरपी चौकी प्रभारी दुर्गेश से जब बात की तो उन्होंने बताया अभी पहचान नहीं हुई है पहचान कराई जा रही है।

# मौरंग भरे ट्रक में मिला अज्ञात का शव

▸ कलान थाना क्षेत्र में हुई घटना से फैली सनसनी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजा

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलान थाना क्षेत्र मौरम से भरे ट्रक को खाली करते समय युवक के शव मिलने से सनसनी फैल गई।शव देखते ही मजदूरों के हाथ-पांव फूल गए।आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी गई।बताया जा रहा है कि मामला आंधीदेई गांव के पास गोकुलनगला गांव स्थित एक मौरम-गिट्टी टाल का है।उत्तराखंड से ट्रक संख्या यूपी- 25 सीटी-2887 का चालक इम्तियाज निवासी वैस परेवा थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत नैनीताल स्टोन क्रेशर किच्छा से मौरंग लेकर अपने साथी हेल्पर अलीम के साथ आया था।ट्रक चालक ने तनु इंटरप्राइजेज के धर्म कांटा के पास लेबर ने ट्रक से मौरम उतारना शुरू किया।तभी उन्हें ट्रक के अंदर किसी मानव के पैर दिखाई दिये।मौरम हटाने पर युवक का शव निकला।युवक शव को देखकर हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस द्वारा ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।अभी तक मृतक की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है।पुलिस आसपास के जिलों और थानों में युवक के बारे में जानकारी जुटा रही है। उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। उत्तराखंड के जिस थाना क्षेत्र से ट्रक आया है।वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है। जानकारी जुटाई जा रही है।



# यूजीसी के समर्थन में प्रबुद्ध चेतना समिति का कैंडिल मार्च

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

यूजीसी के समर्थन में संयोजक जगदीश चंद्रा तथा अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों के दलित छात्र खिरनी बाग़ के रामलीला मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर जीआईसी चौराहा के शहीद स्तंभ तक कैंडिल मार्च कर स्तंभ पर मोमबत्तियाँ जलाई। इस अवसर पर सुरेश पाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि एससी एसटी छात्र अपनी लगन और परिश्रम से तमाम विभागों में लिखित परीक्षाएं अच्छे नंबर लाने के बावजूद मौखिक साक्षात्कार में जानबूझकर फेल कर दिए जाते हैं। शिक्षक नेता सियाराम दिनकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में जातीय भेदभाव के चलते दलित छात्रों को प्रताड़ित किया जाता है। रोहित वेमुला की आत्महत्या इसका जीता जागता प्रमाण है। यूजीसी क़ानून में इस अव्यवस्था को समाप्त करने का दम है। संयोजक जगदीश चंद्रा ने एससी एसटी छात्रों से कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें, उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करना हमारी जिम्मेदारी है। कैंडिल मार्च में विजय पाल, मोहित कुमार, अतुल कुमार, विपिन गौतम, निर्देश कुमार, सुरजीत सिंह, मंगल सिंह, संजीव कुमार व नीरज कुमार सहित तमाम छात्रों ने भाग लिया।



# हाइवे पर मिनी ट्रैक्टर व बैलगाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर

▸ ट्रैक्टर व बैलगाड़ी के उड़े परखच्चे, ट्रैक्टर चालक , बैलगाड़ी स्वामी व बैल घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ट्रक ने गन्ने से भरी मिनी ट्रैक्टर-ट्रॉली, बैलगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर व बैलगाड़ी के परखच्चे उड़ गए। दोनो के चालक व एक बैल घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हाइवे पर नवीन गल्ला मंडी के सामने लखोहा गांव निवासी राजाराम मिनी ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर तिलहर चीनी मिल जा रहे थे। उनके साथ उनका भतीजा संजय गंगवार भी ट्रैक्टर पर सवार था। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली नवीन गल्ला मंडी के सामने पहुंची की बरेली से शाहजहांपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और संजय गंगवार घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल संजय को सीएचसी भिजवाया। वहीं दूसरा हादसा सुबह साढ़े पांच बजे हुआ। गांव नरसा नगला निवासी कल्याण बैलगाडी से चीनी मिल में गन्ना तुलवाकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान हाइवे स्थित तिलहर गैस एजेंसी के सामने पहुंचते ही एक ट्रक ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में कल्याण और एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बैलगाड़ी के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल किसान को सीएचसी भिजवाया।

# गांधी ग्राउंड पर दुकानों के प्रस्ताव का हुआ जबरदस्त विरोध

▸ व्यापारी नेताओं व सभासदों ने संयुक्त रूप से ईओ को सौंपा ज्ञापन

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका के गांधी ग्राउंड में दुकाने बनाने के प्रस्ताव का व्यापारी नेताओं एवं सभासदों ने विरोध करते हुए ईओ सत्येंद्र प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू , व्यापार मंडल (कंछल गुट) नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि व कई सभासद नगर पालिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि गांधी ग्राउंड में होली मिलन एवं अन्य सामाजिक समारोह होते हैं। दुकाने बनने से मैदान छोटा हो जाएगा जिससे समारोह व अन्य आयोजन करने में परेशानी होगी। गांधी ग्राउंड की पश्चिमी बाउंड्री बाल पर बनने वाली 14 दुकानो के प्रस्ताव को निरस्त कर दूसरी जगह दुकाने बनवाई जाएं। ज्ञापन देने बालों में सभासद अभिषेक सिंह, सत्येंद्र सिंह, आसिफ खां, अकरम पाला, कय्यूम खां आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने ज्ञापन देने बालों को उक्त मामले में जांच कर कर उचित निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया।



# प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी नहीं माने कार्यकर्ता, डीएम एसपी के घेराव को जिला मुख्यालय पर पैदल किया कूच

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन किसानों की समस्यायों का समाधान नहीं कर पा रहा है जिससे डाक बंगला परिसर में 44 दिनों से समस्याओं को धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान न होने पर शनिवार आगरण अनशन के बाद भी ध्यान न देने से नाराज़ कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को डीएम एसपी का घेराव को लेकर जिला मुख्यालय पर ट्रेक्टर ट्राली, गाड़ी व पैदल कूच कर दिया जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव ने धरनास्थल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की समस्यायों को अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है वह लोग डाक बंगला कार्यालय पर 44 दिन से धरने पर बैठे हैं, उन्होंने पुलिस व तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर डीएम व एसपी का घेराव करने की चेतावनी दी जिसके बाद पुलिस ने लालपुर ज जेबां निवासी नन्ही देवी की तहरीर पर 13 नबंबर को चार बजे घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली। आरोप है कि कुछ लोग नन्ही देवी के खेत की जबरन जुताई कर रहे है। नन्ही देवी, अरुन कुमार आदि लोग मौके पर पहुंच गए देखा कि हरदयात, निरेश, प्रवीण व राहुल व रवि, आशाराम, सतेन्द्र, महिपाल, बबलू व राजपाल, जियन लाल दबंगई अपनी गुंडा गर्दी के साथ जबरन खेत की जुताई कर रहे थे इसी को देख कर नन्ही देवी ने खेत में जाकर उक्त सभी लोगों को मना किया लेकिन बात को न मानते हुए उन्होंने नन्हीं देवी व लक्ष्मी के ऊपर उक्त सभी लोगों के कहने पर चालक सतेन्द्र ने टंक्टर से हमला कर दिया टेक्टर के अगले पहिये के चपेट लगने से नन्हीं देवी व लक्ष्मी देवी के पैरो व शरीर में गहरी चोटे आई और वेहोश होकर खेत में गिर गयी तभी उक्त लोगों ने नन्हीं देवी को खेत से बाल पकड़ कर खीच कर वाहर डाला तभी वहा अरुन कुमार अरुन कुमार ने इसका बिरोध किया तो अरुन कुमार को लाठी डंडा लेकर भगाया तभी वहा खड़े गन्ने के खेत में छुप गया और मौका पाकर 112 पर काल की पुलिस के मना करने पर भी दबंग लोग नहीं माने उक्त लोग और धमकी देते है कि जो खेत पर आया तो जान से मार देगे इससे पहले एक बार उक्त दबंग लोग घर जा चुके है गाली गलौज कर चुके है। हालांकि दूसरे मामले में दो संगठनों के बीच चल रहे विवाद के दौरान पुलिस ने फसल जब्त कर शांति-व्यवस्था को 145 लगाने का विरोध किया और जिला मुख्यालय पर डीएम व एसपी का घेराव करने को पैदल कूच कर दिया।



## खबरें एक नजर में

### घरेलू कलह में युवक ने दी जान, गांव में पसरा सन्नाटा

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव टॉपर में सोमवार की रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई। घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर 24 वर्षीय युवक ने पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव टॉपर निवासी अजीत कुमार सिंह (24) पुत्र राकेश सिंह का सोमवार रात करीब 9 बजे अपनी पत्नी से घर में बिजली कनेक्शन लगवाने की बात को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर अजीत घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में चला गया। सूत्रों के मुताबिक, उसने कमरे में रखी अलमारी को पंखे के कुंडे के नीचे खिसकाया और उस पर चढ़कर फंदा लगा लिया। फंदा लगाने के बाद उसने पैरों के नीचे से अलमारी को गिरा दिया। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई, घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन उसे फंदे से नीचे उतारकर सीएचसी जलालाबाद ले गए। हालांकि, वहां तैनात चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



### आईटीआई के पांच अनुदेशक निलंबित, संयुक्त निदेशक कार्यालय से हुए संबद्ध

**रोजा,शाहजहांपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पांच अनुदेशकों को शासन ने निलंबित कर संयुक्त निदेशक बरेली मंडल कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया हैं। निलंबित हुए दो अनुदेशकों पर प्रेक्टिकल परीक्षा में अभ्यार्थियों से अवैध धन वसूली का आरोप हैं, जबकि जांच टीम में तीन अनुदेशकों पर गलत जांच रिपोर्ट देने का आरोप हैं। बताते हैं कि रोजा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बेल्डर के अनुदेशक सोमेंद्र कुमार व अजय कुमार पर प्रेक्टिकल परीक्षा में अवैध रूप से धन उगाई का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत जन सुनवाई पोर्टल पर की गई थी। शासन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम बनाकर जांच कराये जाने का आदेश दिया था। शासन के आदेश के बाद तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया। जिसमें प्रशिक्षण संस्थान के अनुदेशक संजय सिंह, ब्रह्ममपाल व दुर्गेश कुमार को शामिल कर जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया था। जांच टीम के तीनों सदस्यों ने संस्थान के दोनों आरोपी अनुदेशकों को बचाते हुए गलत और मिथ्यापूर्ण रिपोर्ट समयसीमा के अंदर मुख्यालय भेज दी थी, बाद में शासन स्तरीय जांच में धन वसूली करने वाले दोनों अनुदेशक व जांच की गलत रिपोर्ट देने वाले तीनों अनुदेशकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पांचों अनुदेशकों को संयुक्त निदेशक बरेली मंडल बरेली कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया हैं। वही संस्थान के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने बताया कि पांचो अनुदेशकों के निलंबन का पत्र मिला हैं, पांचों अनुदेशकों को संयुक्त निदेशक बरेली मंडल कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया हैं।




# जलालाबाद 132 के भावी प्रत्याशी अजय गुप्ता का विकास संकल्प, गिनाईं प्राथमिकताएं

▸ सड़क, शिक्षा और किसानों के मुद्दे रहेंगे सर्वोपरि, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मांगा जनता का आशीर्वाद

**जलालाबाद, शाहजहाँपुर।** विधानसभा क्षेत्र 132 जलालाबाद से भावी प्रत्याशी अजय गुप्ता ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर अपना विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया और स्पष्ट किया कि उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि जलालाबाद का कायाकल्प करना है।

अजय गुप्ता ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जलालाबाद के कई ग्रामीण अंचलों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में विश्वस्तरीय सड़क संपर्क, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करना है। अस्पताल और डिस्पेंसरियों की स्थिति में सुधार लाकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी गरीब को इलाज के लिए भटकना न पड़े। शिक्षा और रोजगार के सवाल पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करना और सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारना उनकी प्रमुख योजनाओं में शामिल है। वहीं, किसानों के मुद्दे पर प्रतिबद्धता जताते हुए उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं को खाद, बीज और सिंचाई के लिए संघर्ष नहीं करना होगा। फसलों का वाजिब दाम और समय पर भुगतान दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। सबका साथ, सबका विकास का आह्वान अजय गुप्ता ने अपील की कि जनता उन्हें एक बार सेवा का अवसर दे ताकि वे जलालाबाद को एक आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित कर सकें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे और क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा के पटल पर मजबूती से रखेंगे। इनमें प्रमुख रूप से गौरीशंकर त्रिवेदी, अंकित दीक्षित, आकाश मिश्रा, सुमित गुप्ता और केशव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।

# रोहित सिंह बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष

**खुदागंज,शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रोहित सिंह को जनपद शाहजहांपुर का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। रोहित अपने दादा स्वर्गीय जगदीश सिंह और पिता सुधीर सिंह की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में वे भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैं और अपने पैत्रक गांव मझिला के प्रधान भी हैं। उनकी मां खुदागंज नगर पंचायत की अध्यक्ष हैं, जो लगातार तीसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुई हैं, जबकि इससे पूर्व उनके पिता भी दो बार चेयरमैन रहे थे।

जिला उपाध्यक्ष मनोनीत हुए रोहित सिंह का पूरा परिवार ढाई दशकों से अधिक समय से खुदागंज नगर की जनता के दिलों में विशेष स्थान बनाए हुए है। सरलता और सादगी का प्रतीक यह परिवार जनपद की राजनीति में हमेशा प्रभावी भूमिका निभाता रहा है।उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर खुदागंज मंडल के कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया,उनके शुभचिंतकों एव समर्थकों ने उनके स्वागत की तैयारिया तेज कर दी है,जो की समस्त कार्यकर्ता आज बुधवार को नगर आगमन पर उनका स्वागत करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा ऋपाल सिंह, रंजीत सिंह, लखपत सिंह, उमरताज़, रामनिवास मौर्य भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर,उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना, लखपत सिंह, रामासरे कोहली, मोहम्मद क़ासिम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र रिशु पाण्डेय पुत्रवधू पूजा मिश्रा को गलत आचरण के चलते चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। राम सेवक पुत्र राम लडैते, नन्ही देवी पत्नी राम सेवक पांडेय नि. मो.देवस्थान कस्बा व तहसील पुवायां, जनपद-शाहजहांपुर।

# भाजपा ने घोषित की जिला कार्यसमिति

**शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने शाहजहांपुर जिले की नई जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद जारी सूची में कई पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की ओर से जारी सूची के अनुसार शाहजहांपुर जिले की जिला कार्यसमिति का गठन किया गया है। इसमें कई नेताओं को जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला मंत्री और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी दी गई है। सूची के अनुसार रोहित सिंह, विजय मोहन मिश्रा, विनायक अग्रवाल, जितेंद्र प्रताप सिंह, रजनी सिंह, अरुण शुक्ला, सत्यपाल कोरी और प्रशांत पटेल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सौरभ सिंह सोमवंशी, अरुण यादव और सतेंद्र गुप्ता को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा मंजू आनंद, सपना कश्यप, लता सिंह, जीवेंद्र गुप्ता, सुखदेव सिंह, सर्वेश वर्मा लोधी, विपिन शुक्ला और सरिता भास्कर को जिला मंत्री बनाया गया है। जबकि संजीव बंसल को जिला कार्यसमिति का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS
(Government of India)
Skill India
Central Electronics Limited
A Mini Ratna Enterprise
A Govt. of India Enterprise
Under DSIR, Ministry of Science & Technology

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

ENROLL NOW under Pradhan Mantri Virasat Ka Samvardhan (PM VIKAS) Scheme

SHORT TERM COURSES OFFERED

SOLAR WATER PUMPING JUNIOR ENGINEER
Training Hours : 540 Hours
Eligibility: Graduate



Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook
(DBT Account) Income
Certificate Caste certificate
Experience Certificate (Optional)

Central Electronics Limited
A Mini Ratna Enterprise
A Govt. of India Enterprise
Under DSIR, Ministry of Science & Technology

Centre Address
CEL Nigohi, 58, SARV BAL VIDHYA MANDIR, STATION ROAD, NIGOHI, SHAJAHANPUR,U.P

Contact details
+91-9120702142

# रमजान माह में कुरआन पाक मुकम्मल होने पर इमाम हुए सम्मानित

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर की बड़ी मस्जिद में रमजान उल मुबारक के मुकद्दस महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल होने पर मस्जिद के इमाम को सम्मानित किया गया। सोमवार/मंगलवार की रात में तरावीह की नमाज में इमाम हाफिज गुलाम अहमद रजा ने रमजान माह में तिलावत करते हुए कुरआन शरीफ को मुकम्मल किया। इस मौके पर इमाम गुलाम अहमद रज़ा ने तकरीर करते हुए कहा कि इस्लाम में तरावीह के दौरान पूरे कुरआन की तिलावत को बेहद अफज़ल इबादत माना गया है, जिसे आमतौर पर पूरे रमजान में मुकम्मल किया जाता है उन्होंने लोगों को अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए तरीके (सुन्नत) पर चलने की ताकीद की और कहा कि यही दुनिया और आखिरत की कामयाबी का रास्ता है। उन्होंने कहा कि कुरआन पाक इंसानियत के लिए मुकम्मल रहनुमाई (मार्गदर्शन) है और इसकी तालीमात पर अमल करने से समाज में भाईचारा, इंसाफ और अमन कायम होता है। इस मौके पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोहम्मद हुसैन उर्फ अच्छन मियां, शादाब खान, काशिफ, शरीक हुसैन, शरीफ कुरैशी, रईस कुरैशी, हाजी फरीद अहमद, मोहम्मद अजीम खान, मोहम्मद सलीम अकरम खान इरशाद खान समेत तमाम जिम्मेदारान बड़ी संख्या में शामिल रहे। लोगों ने इमाम साहब की सराहना करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी और उन्हें तोहफा बतौर नजरानातिलहर (शाहजहांपुर)। मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित बड़ी मस्जिद में रमजान उल मुबारक के मुकद्दस महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल होने पर लोगों में खासा उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। तरावीह की नमाज में इमाम हाफिज गुलाम अहमद रजा ने रमजान माह में तिलावत करते हुए कुरआन शरीफ को मुकम्मल किया। इस मौके पर इमाम गुलाम अहमद रज़ा ने तकरीर करते हुए कहा कि इस्लाम में तरावीह के दौरान पूरे कुरआन की तिलावत को बेहद अफज़ल इबादत माना गया है, जिसे आमतौर पर पूरे रमजान में मुकम्मल किया जाता है उन्होंने लोगों को अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए तरीके (सुन्नत) पर चलने की ताकीद की और कहा कि यही दुनिया और आखिरत की कामयाबी का रास्ता है। उन्होंने कहा कि कुरआन पाक इंसानियत के लिए मुकम्मल रहनुमाई (मार्गदर्शन) है और इसकी तालीमात पर अमल करने से समाज में भाईचारा, इंसाफ और अमन कायम होता है। इस मौके पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोहम्मद हुसैन उर्फ अच्छन मियां, अजीम खान मोहम्मद सलीम अकरम खान इरशाद खानआदि जिम्मेदारान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1962/ई.ई.-3/जीएल-7/2025-26 दिनांक- 17.03.2026

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24.03.2026 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 24.03.2026 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 24.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-1 में स्थित सीवरेज पम्पिंग स्टेशन के संचालन हेतु 02 नग 12.5 एचपी के.आर.टी.यू मोटर पम्प की मरम्मत का कार्य | रू. 3300/- | 200.00+36 (18%GST)= 236.00 |
| 2. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत जानकीपुरम विस्तार में सिटी इण्टरनेशनल के निकट लगे 02 नग 12.5 एचपी के.आर.टी.यू मोटर पम्प की मरम्मत का कार्य | रू. 3300/- | 200.00+36 (18%GST)= 236.00 |
| 3. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत जानकीपुरम विस्तार के चौधरी पुरवा रामचन्दर के घर से छन्नू महराज के घर तक 250 एमएम डाया की सीवर डालकर गैप मिलाते हुए 02 नग मैनहोल का निर्माण का कार्य | रू. 8300/- | 450.00+81 (18%GST)= 531.00 |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

## इच्छा मृत्यु : किसी को ये दिन न देखने पड़ें

हाल ही में हरीश राणा नाम के 31 वर्षीय युवक के माता-पिता की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दी। ऐसा देश में पहली बार हुआ। निर्णय देते वक्त अदालत बहुत भावुक भी हो गई। इस युवक के माता-पिता को सैल्यूट भी किया। 13 साल से यह युवक कोमा में था। उसके पूरे शरीर को लकवा भी मार गया था। उसके ठीक होने की कोई उम्मीद भी नहीं थी लेकिन माता-पिता और छोटे भाई ने उसकी बहुत सेवा की। उन माता-पिता की हालत सोचकर कलेजा मुंह को आता है, जिन्हें अपने बेटे की मृत्यु की इजाजत अदालत से लेनी पड़ी। पिता ने कहा कि उनका बेटा टॉपर था। न जाने उसके कितने सपने थे। हॉस्टल में चौथी मंजिल से गिरा, तो फिर कभी उठ नहीं सका। मां सिसकते हुए बोली कि हमारे बाद उसकी देखभाल कौन करता, इसलिए ऐसा निर्णय लेना पड़ा। अर्से से अपने यहां इच्छा मृत्यु पर बहस चल रही है। मुम्बई की नर्स अरुणा शानबाग भी दशकों तक कोमा में रहीं। उनके लिए भी इच्छा मृत्यु की मांग अदालत से की गई थी लेकिन अनुमति नहीं मिली थी। बाद में निमोनिया से उनकी मृत्यु हो गई। जिस परिवार पर ऐसी आफत टूटती है, उनके दुखों के बारे में बयान नहीं किया जा सकता। इसीलिए इस मामले में अदालत ने भी कहा कि सरकार को इस बारे में कानून बनाना चाहिए। कुछ साल पहले अंग्रेजी के एक अखबार ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती ऐसे मरीजों के बारे में एक रिपोर्ट छापी थी। इसमें बताया गया था कि कई ब्रेन डैड मरीज वहां सालों से भर्ती हैं। घर वालों से अस्पताल कहता है कि अब उन्हें घर ले जाएं, जिससे कि अन्य मरीजों को उनके बैड मिल सकें। लेकिन घर वाले इसके लिए तैयार नहीं होते। उन्हें लगता है कि घर ले जाकर वे मरीजों की 24 घंटे देखभाल कैसे करेंगे। अस्पतालों की मजबूरी यह होती है कि उनके पास सीमित संसाधन होते हैं, एक बैड खाली हो, तो हो सकता है कि अनेक मरीज उस लाइन में लगे हों। यूं भी अपने देश में अस्पतालों की भारी कमी है। प्राइवेट सेक्टर अस्पतालों में जाने के बारे में साधनहीन मरीज तो सोच भी नहीं सकते। शिक्षा की तरह इलाज भी मनुष्य के मौलिक अधिकारों में एक होना चाहिए लेकिन शायद ही कोई इसके बारे में सोचता हो। इसके अलावा ज्यों-ज्यों चिकित्सा प्राइवेट सेक्टर के हाथों में गई है, इलाज महंगे से महंगा होता गया है। लोगों के सारे संसाधन किसी एक व्यक्ति के इलाज में लग जाते हैं। फिर भी बहुत बार मरीज ठीक नहीं होता। हरीश राणा के परिवार को भी उसके घर में रहने पर भी इलाज के लिए अपना तीन मंजिला मकान तक बेचना पड़ा था। उसके माता-पिता ने यह भी कहा कि अदालत के इस फैसले से उन जैसे अनेक परिवारों को राहत मिलेगी, जो इस तरह की विपत्ति से गुजर रहे हैं। वे वर्षों से बेटे को इस असहाय अवस्था में देख रहे हैं और कुछ कर भी नहीं सकते। पश्चिम के कई देशों में इच्छा मृत्यृ वैध है। आपको याद होगा कि कुछ साल पहले आस्ट्रेलिया के 100 वर्षीय एक वैज्ञानिक इसके लिए स्विट्जरलैंड गए थे। उनका कहना था कि वह बहुत जी लिए, अब और नहीं जीना चाहते। अपनी मृत्यु से एक दिन पहले उन्होंने वहां की खूब सैर की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें मालूम है कि उनके साथ क्या होगा। तब उन्होंने पूरी प्रक्रिया के बारे में खुद बताया था।

# मतदान की तारीखों का ऐलान : पर क्या चुनाव होगा भी !



चुनाव आयोग ने 15 मार्च को विधानसभाई चुनावों के अगले चरण की तारीखों की घोषणा कर दी। कहने की जरूरत नहीं है कि चुनाव आयोग ने इन तारीखों की घोषणा करने के लिए, चुनाव में जाने वाले राज्यों के प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव से ऐन पहले के दौरे के पूरे हो जाने का इंतजार किया। इस दौरे में प्रधानमंत्री ने हरेक राज्य में एक ओर परियोजनाओं के उद्घाटनों से लेकर घोषणाओं तक का सरकारी काम-काज किया और दूसरी ओर, अपनी पार्टी के पक्ष में राजनीतिक-चुनावी प्रचार किया। अपने चुनाव-पूर्व चुनाव प्रचार के दौरों के इस चक्र में प्रधानमंत्री मोदी ने 11 मार्च को केरल का दौरा किया। 12 मार्च को प्रधानमंत्री तमिलनाडु के दौरे पर रहे। 13 मार्च को असम में प्रधानमंत्री का घोषणा-प्रचार दौरा हुआ और 14 मार्च को प्रधानमंत्री प. बंगाल के दौरे पर पहुंचे, जहां मुश्किल से आधे भरे ब्रिगेड मैदान में रैली के साथ, उन्होंने अपने दौरे का समापन किया। और अगले ही दिन चुनाव आयोग ने विधानसभाई चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। बेशक, यह कोई पहली बार नहीं हुआ है जब चुनाव की तारीखों की घोषणा और प्रधानमंत्री के चुनाव-पूर्व प्रचार कार्यक्रम की तारीखों में ऐसा सटीक तालमेल हुआ हो। उल्टे, 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी राज की स्थापना के बाद से जितने भी महत्वपूर्ण चुनाव हुए हैं, उन सभी में यह सचेत तालमेल देखने को मिला है। वास्तव में अब तो यह इस हद तक सामान्य बनाया जा चुका है कि शुरू में कुछ चुनावों के मामले में इस पर सवाल उठाए जाने के बाद, धीरे-धीरे न सिर्फ मीडिया तथा टीकाकारों ने, बल्कि विरोधी राजनीतिक पार्टियों तक ने इस पर सवाल उठाना तक बंद कर दिया है। हैरानी की बात नहीं है कि इस बार भी, सोशल मीडिया पर छुटपुट टिप्पणियों को छोड़कर, चुनाव आयोग की इस कारगुजारी को शायद ही किसी ने ध्यान देने लायक समझा हो। लेकिन, ऐसा होने से चुनाव आयोग के इस खेल में निहित बेईमानी, किसी तरह से छोटी या महत्वहीन नहीं हो जाती है। उल्टे यह तो इसी का इशारा करता है कि किस तरह, चुनाव आयोग से एक संवैधानिक निकाय के रूप में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष तरीके से काम करने की अपेक्षाएं, अब समाप्तप्रायरू हैं। इसे देखते हुए हैरानी की बात नहीं है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार, वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त, ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग के खिलाफ, लगभग समूचा विपक्ष औपचारिक रूप से अपना अविश्वास जताने के लिए तैयार हो गया है और उसे हटाने के लिए संसद के सामने विधिवत रूप से प्रस्ताव लाया गया है। सवाल यह नहीं है कि विपक्ष के चुनाव आयोग के खिलाफ इस तरह के कदम के सफल होने की कोई संभावनाएं हैं भी हैं या नहीं? भारत के संविधान निर्माताओं ने, जनतंत्र के लिए स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव की और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए, हर प्रकार के दबावों से सुरक्षित चुनाव आयोग सुनिश्चित करने की मंशा से, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को हटाए जाने की प्रक्रिया को, पर्याप्त से अधिक कठिन बनाया है। हालांकि, संसद के हाथों में यह अधिकार सौंपा गया है, लेकिन संसद भी कोई साधारण बहुमत से चुनाव आयुक्तों को नहीं हटा सकती है। इसकी प्रक्रिया वैसी ही जटिल तथा अर्द्ध-न्यायिक है, जैसी उच्चतर न्यायालय के न्यायाधीशों के मामले में इंपीचमेंट की प्रक्रिया होती है। वर्तमान मामले में तो मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव पर पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर जमा होने के बाद, इसके किसी सदन में विचार के लिए स्वीकार किए जाने समेत, अनेकानेक चरणों से क्रमवार आगे बढ़ना बाकी है। इसलिए, इस प्रस्ताव का हश्र क्या होगा इस पर अटकल लगाने का कोई उपयोग नहीं है। वैसे भी जब वर्तमान चुनाव आयोग पर असली आरोप सत्ताधारी भाजपा के साथ पक्षपात करने का है, संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष की संख्या को देखते हुए, किसी चमत्कार से ही इस प्रस्ताव को कामयाबी मिल सकती है, अन्यथा इसका विफल होना तो तय ही है। इसके बावजूद, जिसमें इस प्रस्ताव का विफल होना तयशुदा होना भी शामिल है, इस प्रस्ताव का रखा जाना निरर्थक नहीं है। इस प्रस्ताव का रखा जाना, मौजूदा हालात पर आलोचना की एक नैतिक आवाज है, जहां सत्ताधारी भाजपा और उसकी मोदीशाही ने, जनतंत्र को चलाने वाली सभी संस्थाओं को इस तरह भीतर से खोखला कर दिया है कि, उनकी साख ही खत्म हो गयी है। वर्तमान की विद्रूपताओं की ऐसी नैतिक आलोचना पेश करना ही, विपक्ष का असली काम है। वैसे तो जनमत निर्माता के रूप में मीडिया का भी यही काम है, लेकिन मोदीशाही ने एक संस्था के रूप में मीडिया को पहले ही इस कदर खोखला कर दिया है कि वह वर्तमान की आलोचना करना भूल ही गया है और सिर्फ सत्ताधारियों की खुशामद करने के लायक रह गया है। प्रसंगवश कहते चलें कि ऐसी ही नैतिक आलोचना प्रस्तुत करने का काम, संसद के चालू सत्र में लोकसभा स्पीकर, ओम बिड़ला के खिलाफ आए अविश्वास प्रस्ताव ने किया था, जो कि स्वतंत्र भारत के इतिहास का इस तरह का तीसरा ही प्रस्ताव था। बेशक, वह अविश्वास प्रस्ताव विफल हो गया और ओम बिड़ला लोकसभा स्पीकर के पद पर बने हुए हैं। याद रहे कि इससे पहले, राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी सदन में उनके पक्षपातपूर्ण आचरण के लिए, अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन, उस प्रस्ताव को सदन में विचार के लिए स्वीकार ही नहीं किया गया, हालांकि इसके कुछ ही समय बाद धनखड़ ने अचानक राज्यसभा के सभापति तथा उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके कारणों को लेकर अब तक रहस्य बना ही हुआ है। अगर अविश्वास की इस तरह की अभिव्यक्तियां, वर्तमान व्यवस्था की जनतांत्रिक आलोचना का बहुत ही जरूरी हिस्सा हैं, तो बार-बार इस तरह अविश्वास जताए जाने की नौबत आना, बेशक वर्तमान जनतांत्रिक व्यवस्था के संकट की गहराई को दिखाता है। और अविश्वास की ऐसी अभिव्यक्तियों को भी अनसुना कर के मौजूदा व्यवस्था का उसी रास्ते पर चलते रहना, मिसाल के तौर पर ओम बिड़ला का या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश गुप्ता का, अपने ओहदे का पहले जितना ही पक्षपातपूर्ण तरीके से उपयोग करते रहना, वर्तमान शासन द्वारा रचे गए इस संकट के वर्तमान शासन के रहते असाध्य होने को ही दिखाता है। खैर! विधानसभाई चुनावों के आगामी चक्र पर लौटें, जिसकी तारीखों की 15 मार्च को चुनाव आयोग ने घोषणा की है। इन तारीखों को तय करने में भी चुनाव आयोग की अतार्किक मनमानी की ओर अनेक टिप्पणीकारों ने ध्यान खींचा है। मिसाल के तौर पर असम, केरल तथा पुडुचेरी के चुनाव, एक ही चरण में 9 अप्रैल को हो जाएंगे। इसके पूरे 14 दिन बाद, 23 अप्रैल को तमिलनाडु के चुनाव होंगे और प. बंगाल के पहले चरण के चुनाव होंगे। प. बंगाल के दूसरे चरण के चुनाव 29 अप्रैल को होंगे और इसके पांच दिन बाद, 4 मई को वोटों की गिनती की जाएगी। इसका नतीजा यह है कि असम, केरल तथा पुडुचेरी को मतदान के बाद, नतीजों के लिए पूरे 25 दिन इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा क्यों? अनेक टिप्पणीकारों ने इस पर भी सवाल उठाए हैं कि आखिरी चरण के मतदान और मतगणना के बीच पांच दिन का अंतर क्यों? जब ईवीएम से पहले के जमाने में, मतदान के एक-डेढ़ दिन में ही मतगणना शुरू हो जाती थी, तो ईवीएम मशीनों के जमाने में मतदान और मतगणना में इतना लंबा अंतराल क्यों जरूरी है? यह भी याद दिला दें कि विशेष रूप से 2024 के आम चुनाव के बाद से, चुनाव आयोग ने मतदान की शाम के बाद, मतगणना के दिन तक मत फीसद का आंकड़ा बढ़ाने को जैसे नियम ही बना लिया है, जिसका कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण अब तक नहीं दिया गया है। इसी प्रकार कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण, कुल डाले गए वोटों और गिने गए वोटों की संख्या बेमेल होने की, अधिकांश चुनाव क्षेत्रों में सामने आने वाली समस्या का भी नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग के आम पक्षपातीपन के साथ जुड़कर यह सब, चुनाव की पूरी प्रक्रिया को ही गहरे संदेहों के घेरे में ले आता है। और अंत में एक बात और। खासतौर पर प. बंगाल और असम में प्रधानमंत्री के 13-14 मार्च के दौरे और उसके पहले गृहमंत्री अमित शाह के दौरों से साफ हो गया है कि भाजपा, कम से इन दोनों राज्यों में यह चुनाव सबसे बढ़कर तथाकथित बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर लड़ने जा रही है, जो मुस्लिमविरोधी प्रचार और लामबंदी का ही दूसरा नाम है। प्रधानमंत्री ने श्रोटी, माटी, बेटी पर खतरेश् का नारा भी दे दिया है। 2024 के आम चुनाव के समय से ही खुद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा, इस खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक मंच का लगातार सहारा ले रही है। बिहार के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए खासतौर पर इसका सहारा लिया गया था। लेकिन, जो चुनाव आयोग आम चुनाव के बाद से सत्ताधारी पार्टी को इस सांप्रदायिक दुहाई का बेरोक-टोक इस्तेमाल करने दे रहा है, क्या अचानक अपनी कुंभकर्णी नींद से जागेगा और सत्ताधारी पार्टी की इस बढ़ती प्रवृत्ति को रोकेगा? याद रहे कि चुनाव में सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेना, एक चुनावी अपराध है। यह भी याद रहे कि प. बंगाल में चुनाव आयोग की एसआईआर की मनमानी ने, जिसे केंद्र की सत्ताधारी पार्टी का ही आशीर्वाद हासिल नहीं है, (जिसका घुसपैठिया राग ही इस मनमानी के केंद्र में है), जिसे सुप्रीम कोर्ट का भी अनुमोदन हासिल है, पचास लाख से ज्यादा मतदाताओं के मताधिकार पर ही प्रश्न चिन्ह खड़े कर दिए हैं।

न्यायाधीन के नाम पर संदेह की सूची में डाले गए ये पचास लाख से ज्यादा नाम, 2024 के आम चुनाव की मतदाता सूचियों में पचास लाख से ज्यादा नाम काटे जाने के ऊपर से हैं। मतदाता सूचियों की ऐसी चीर-फाड़ के बाद, क्या जनता की इच्छा की अभिव्यक्ति के रूप में, चुनाव को कोई अर्थ भी रह जाएगा?


विचार

# ट्रम्प पर भारी पड़ता युद्ध



इजरायल ईरान युद्ध में अमरीका की भूमिका को नकारा नही जा सकता। या यू भी कहा जा सकता है कि अगर अमरीका इजराइल का साथ न देता तो इजरायल ईरान से भिड़ने की हिम्मत भी न करता। लेकिन यह युद्ध अब ट्रम्प पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। यही नही अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। तेल की बढ़ती कीमतों, आर्थिक दबाव, और लंबे युद्ध की संभावना से मतदाताओं में नाराजगी बढ़ सकती है, जो सीधे तौर पर चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है। युद्ध के कारण तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति में वृद्धि मतदाताओं के लिए मुख्य चिंता बन गई है, जो रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफ जा सकती है। यदि युद्ध लंबा चलता है, तो यह डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक बड़ी राजनीतिक कमजोरी बन सकता है, क्योंकि यह उनके विदेशी युद्धों को रोकने के वादे के विपरीत है। युद्ध को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के भीतर ही मतभेद सामने आ रहे हैं, और कई नेता चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसे जल्द खत्म करने की मांग कर सकते हैं। यही नही इसके परिणाम स्वरूप उनका राजनैतिक कैरियर भी ध्वस्त हो सकता है। इस युद्ध का वैश्विक स्तर पर जो असर दिखाई पड़ रहा है वह वाकई राष्टपति ट्रम्प की वैश्विक छबि खराब कर चुका है। ईरान पर हमले के बाद बाधित समुद्री मार्ग होर्मुज को ऊर्जा आपूर्ति के लिए सुरक्षित बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मित्र राष्ट्रों समेत अन्य देशों से वहां अपनी नौसेनाएं भेजने का जो आग्रह किया था, उस पर इन देशों की अनिच्छा भरी प्रतिक्रिया यही बताती है कि ट्रंप अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जहां जापान और आस्ट्रेलिया ने होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए आगे आने में अनिच्छा प्रकट की, वहीं दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर विचार करेगा। यही नही जर्मनी ने तो दो टूक कह दिया कि नाटो का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं। ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी।यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब गाजा के विकास के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को किनारे कर बोर्ड आफपीस का गठन किया था और खुद उसके सर्वेसर्वा बन बैठे थे तो इस बोर्ड में भी नाटो देशों के साथ अन्य कई प्रमुख देश शामिल नहीं हुए थे। यह अब किसी से छिपा नहीं कि अमेरिका के मित्र देश भी ट्रंप के रवैये से आजिज आ चुके हैं और वे उनकी मनमानी के समक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं। इसके लिए ट्रंप अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति से दुनिया को तंग ही किया है। सबसे अधिक तंग तो उन्होंने सहयोगी देशों को किया है। ट्रंप किस तरह मनमानी करते हैं, इसका उदाहरण अमेरिकी सेनाओं की ओर से वेनेजुएला पर हमला करना भी रहा। वेनेजुएला में अपनी कठपुतली सरकार बनाने के बाद उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। लगता है वे यह भूल गए कि ईरान वेनेजुएला नहीं है। ट्रंप भले ही बार-बार दोहरा रहे हों कि ईरान ने हार मान ली है, लेकिन सच यह है कि वह इजरायल के साथ खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है।उसकी रणनीति युद्ध को लंबा खींचने के साथ होर्मुज जल मार्ग बाधित कर दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ाने की जान पड़ती है। ट्रंप के पास ईरान की इस रणनीति का कोई जवाब नहीं दिख रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों पर हमले जारी रखकर ट्रंप की समस्या और बढ़ा दी है। उनका संकट केवल यही नहीं कि उन्हें अपेक्षित अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिल रहा है, बल्कि यह भी है कि अमेरिका में भी उनका विरोध बढ़ता जा रहा है। ईरान संग युद्ध डोनाल्ड ट्रंप पर इस लिए भी भारी पड़ रहा है कि एक साथ उन्हें आर्थिक, कूटनीति, घरेलू समर्थन समेत कई मोर्चों पर मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है.ट्रंप ने फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन सहित कई देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की, ताकि ईरानी हमलों के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप पर अतिरिक्त सैन्य कार्रवाई कर सकता है. इन बयानों से स्पष्ट है कि अमेरिका इस संघर्ष को केवल सैन्य ही नहीं, बल्कि व्यापक कूटनीतिक दबाव के माध्यम से भी नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा है.आर्थिक मोर्चे पर भी यह संघर्ष ट्रंप के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। होर्मुज स्ट्रेट में बाधा के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे ऊर्जा और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है. अमेरिकी मतदाता आमतौर पर आर्थिक संकेतकों से अधिक अपने रोजमर्रा के खर्च के आधार पर सरकार का मूल्यांकन करते हैं. ऐसे में बढ़ती महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता ट्रंप की लोकप्रियता को कमजोर कर रही है। ट्रंप के लिए यह संघर्ष केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है। यह अमेरिकी जनमत, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति के जटिल समीकरणों में भी लड़ा जा रहा है. यही कारण है कि ईरान के खिलाफ यह युद्ध, सैन्य दृष्टि से चाहे जैसा भी हो, घरेलू मोर्चे पर ट्रंप के नेतृत्व की सबसे बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है।

साहित्य



## आपदा में अवसर खोजने की मानसिकता : समाज के लिए एक खतरनाक संकेत

**कैलाश चन्द्र**

मार्च 2026 के दूसरे सप्ताह से भारत में एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति और बुकिंग से जुड़ी चर्चा अचानक सुर्खियों में आ गई। देश के अनेक हिस्सों से गैस सिलिंडर की कमी, बुकिंग में देरी और डिलीवरी में व्यवधान जैसी खबरें तेजी से फैलने लगीं। सोशल मीडिया पर लोगों की चिंता देखकर यह विषय राष्ट्रीय चर्चा का केंद्र बन गया। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाए कि सिलिंडर मिल नहीं रहे, डिलीवरी डेट आगे बढ़ रही है और एजेंसियों पर दबाव बढ़ चुका है। इसके विपरीत केंद्र और राज्य सरकारों ने बार-बार स्पष्ट किया कि देश में कोई वास्तविक कमी नहीं है, परंतु कुछ क्षेत्रों में अचानक बढ़ी मांग और डिमांड-सप्लाई असंतुलन से अस्थायी तनाव अवश्य देखा गया है। यही तनाव इस पूरी चर्चा की शुरुआत बना।



## राशिफल

**मेषः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**वृषभः**-किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः**-काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः**-अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः**-प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः**-किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः**-संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः**-थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# भाजपा की चुनावी मशीन को कैसे आकार देती है मोदी-शाह की साझेदारी

*देवी एम. चेरियन*

जैसा कि अब कई राज्यों में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, हम यह जानते और महसूस करते हैं कि सफलता शायद ही कभी अचानक मिली प्रेरणा से आती है। यह आमतौर पर योजना, अनुशासन और टीम वर्क से आती है। पिछले एक दशक में, भारतीय राजनीति ने एक अनूठी सांझेदारी देखी है, जिसे अक्सर आधुनिक भारत के सबसे प्रभावी राजनीतिक संयोजनों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है-नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बीच का कामकाजी रिश्ता। उनकी राजनीतिक शैली आखिरी समय के फैसलों या भावनात्मक प्रतिक्रियाओं पर नहीं टिकी। इसकी बजाय, यह तैयारी, समन्वय और चुनावों के लगभग कॉर्पोरेट-शैली के प्रबंधन पर आधारित है। जब चुनाव नजदीक आते हैं, तो पार्टी अचानक प्रचार के लिए नहीं जागती। मोदी और शाह के बीच की समझ नई नहीं है। उनकी राजनीतिक सांझेदारी गुजरात में साथ काम करने के समय से कई साल पुरानी है। उन वर्षों के दौरान, उन्होंने काम करने की एक ऐसी शैली विकसित की, जहां भूमिकाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित थीं लेकिन संचार निरंतर बना रहता था। नरेंद्र मोदी को व्यापक रूप से चेहरे, संचारक और उस नेता के रूप में देखा जाता है, जो बड़े राष्ट्रीय संदेश को आगे बढ़ाते हैं। दूसरी ओर, अमित शाह को अक्सर रणनीतिकार के रूप में वर्णित किया जाता है, वह व्यक्ति, जो राजनीतिक युद्धक्षेत्र का सूक्ष्म विवरण के साथ अध्ययन करता है। जिम्मेदारियों का यह विभाजन एक सुचारू प्रणाली बनाता है। एक व्यक्ति विजन और संदेश पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि दूसरा संगठन और कार्यान्वयन पर। राजनीतिक हलकों में लोग अक्सर कहते हैं कि मोदी राष्ट्र से बात करते हैं, जबकि शाह पार्टी से। भाजपा के चुनाव प्रबंधन का चौंकाने वाला पहलू यह है कि तैयारी कितनी जल्दी शुरू हो जाती है। जब किसी राज्य में चुनाव की उम्मीद होती है, तो जमीनी काम आमतौर पर कम से कम 6 महीने पहले शुरू हो जाता है। उस समय तक, सर्वेक्षण किए जा चुके होते हैं, स्थानीय नेताओं का आकलन किया जा चुका होता है और निर्वाचन क्षेत्र स्तर का डाटा केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचना शुरू हो जाता है। अमित शाह विस्तृत जानकारी पर जोर देने के लिए जाने जाते हैं। पिछली बार किस बूथ पर प्रदर्शन खराब रहा? कौन-सा स्थानीय मुद्दा मतदाताओं को परेशान कर रहा है? कौन-सा समुदाय उपेक्षित महसूस कर रहा है? ये सवाल चुनाव से एक हफ्ते पहले नहीं पूछे जाते, ये महीनों पहले पूछे जाते हैं। इन विवरणों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करने के लिए टीमें बनाई जाती हैं। बूथ स्तर की समितियां सक्रिय की जाती हैं। स्थानीय कार्यकर्त्ताओं से संपर्क किया जाता है और धीरे-धीरे, पूरे राज्य में राजनीतिक गतिविधियों का एक नैटवर्क फैलने लगता है। जब तक चुनाव की तारीखों की घोषणा होती है, तब तक अधिकांश जमीनी काम पहले ही पूरा हो चुका होता है। भाजपा संगठन के भीतर सबसे अधिक दोहराए जाने वाले वाक्यांशों में से एक 'बूथ प्रबंधन' है। विचार सरल है-चुनाव अंततरू व्यक्तिगत मतदान केंद्रों के स्तर पर तय होते हैं। अमित शाह की संगठनात्मक शैली के तहत, पार्टी अक्सर प्रत्येक बूथ की जिम्मेदारी विशिष्ट कार्यकर्त्ताओं को सौंपती है। उनका काम यह सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं से संपर्क किया जाए, स्थानीय चिंताओं को समझा जाए और पार्टी का संदेश हर घर तक पहुंचे। हालांकि यह सुनने में सरल लग सकता है लेकिन इसके लिए भारी समन्वय की आवश्यकता होती है। सूचियां तैयार की जाती हैं, बैठकें आयोजित की जाती हैं और संचार केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पार्टी की सबसे छोटी इकाइयों तक प्रवाहित होता है। इस तरह का अनुशासन यह सुनिश्चित करता है कि जब अभियान अपने चरम पर पहुंचे, तो ढांचा पहले से ही मजबूत हो। जहां संगठनात्मक ढांचा पृष्ठभूमि में चुपचाप काम करता है, नरेंद्र मोदी अभियान को सार्वजनिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। उनकी रैलियां अक्सर बड़े आयोजन बन जाती हैं, जो भारी भीड़ और व्यापक मीडिया का ध्यान आकष्र्षत करती हैं। लेकिन प्रत्येक रैली के पीछे सावधानीपूर्वक योजना होती है। स्थानों का चयन रणनीतिक रूप से किया जाता है। विषयों का चयन उस विशेष क्षेत्र की चिंताओं के आधार पर किया जाता है। यहां तक कि दौरों का समय भी अधिकतम राजनीतिक प्रभाव पैदा करने के लिए तय किया जाता है। कई मायनों में, मोदी के भाषण अभियान की भावनात्मक और प्रेरक परत प्रदान करते हैं। इस नेतृत्व शैली की एक और महत्वपूर्ण विशेषता पार्टी कार्यकर्त्ताओं के साथ नियमित बातचीत है। बैठकें बार-बार आयोजित की जाती हैं-कभी भौतिक, कभी आभासी, जहां जमीनी स्तर के नेताओं से फीडबैक एकत्र किया जाता है। यह एक दोतरफा प्रणाली बनाता है। केंद्रीय नेतृत्व निर्देश देता है लेकिन वह जिला नेताओं और बूथ स्तर के कार्यकर्त्ताओं की रिपोर्ट भी सुनता है। उम्मीदवार चयन एक और क्षेत्र है, जहां मोदी-शाह शैली दिखाई देती है। केवल वरिष्ठता या लोकप्रियता पर भरोसा करने की बजाय, कई कारकों का अध्ययन किया जाता है। सर्वेक्षण, स्थानीय फीडबैक, प्रदर्शन रिकॉर्ड और जनता की धारणा, सभी इसमें भूमिका निभाते हैं। कभी-कभी इससे चौंकाने वाले फैसले भी होते हैं। मौजूदा विधायकों को बदला जा सकता है, यदि पार्टी को लगता है कि कोई नया चेहरा बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उनकी रणनीति का एक और तत्व निरंतर सीखना है। प्रत्येक चुनाव के बाद, चाहे जीत हो या हार, पार्टी आंतरिक समीक्षा करती है। डाटा का विश्लेषण किया जाता है, गलतियों की पहचान की जाती है और भविष्य के लिए रणनीतियां समायोजित की जाती हैं। शायद मोदी-शाह सांझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पार्टी के भीतर अनुशासन की संस्कृति है। कार्यकर्त्ता समझते हैं कि अभियान कोई अनियमित घटनाएं नहीं, बल्कि सावधानीपूर्वक नियोजित ऑप्रेशन हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### चाइल्ड केयर गिवर प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया समापन



**हरदोई।** मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी हरदोई में संचालित चाइल्ड केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मार्ग दर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया, उपायुक्त मनरेगा, आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया हरदोई अंचल, अग्रणी जिला प्रबंधक, आरसेटी निदेशक, एवं समस्त आरसेटी स्टाफ उपस्थित रहा।

### आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को किया बरामद

**हरदोई।** मल्लावा थाना छेत्र से बहला फुसलाकर किशोरी को ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त विवरण में 18 फ़रवरी को वादी द्वारा थाना मल्लावां पर तहरीर दी गयी कि शिवम पुत्र कमलेश निवासी ग्राम इस्माइलपुर थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज वादी की बहन को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना मल्लावा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना मल्लावां के राघौपुर चौकी प्रभारी प्रदीप पाण्डेय और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया गया।आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर विडियो वायरल करने वाला आरोपी भेजा गया जेल



**हरदोई।** कछोना थाना छेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी कों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 16 मार्च को पीड़िता द्वारा थाना कछौना पर तहरीर दी गई कि अभियुक्त रिजवान पुत्र साकिर निवासी ग्राम रैसो थाना कछौना जनपद हरदोई द्वारा उसके साथ शादी का झांसा देकर गलत कार्य किया गया तथा विडियो वायरल कर दी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कछौना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थाना कछौना के उपनिरीक्षक रामचंद्र शर्मा और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग में नामजद आरोपी को एक अदद मोबाइल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### एसपी ने कई उप निरीक्षकों को किया इधर-उधर, दो उप निरीक्षक लाइन हाजिर

**हरदोई।** जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सोमवार की देर रात दो उप निरीक्षकों कों लाइन हाजिर करने के साथ करीब डेढ़ दर्जन उप निरीक्षकों के कार्यस्थल में परिवर्तन किया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक विनोद गोस्वामी कों मल्लावा की राघौ पुर चौकी प्रभारी,राघौपुर प्रभारी प्रदीप पाण्डेय कों शाहाबाद की सरदारगंज चौकी का प्रभारी बनाया है। सरदार गंज चौकी संभाल रहे अतुल गुप्ता कों रूपापुर की जिम्मेदारी दी गई यहाँ के प्रभारी शिव शंकर मिश्रा कों कुरसठ चौकी प्रभारी बनाया गया। शाहाबाद कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक राजेश चौधरी कों टड़ियाँवा थाना की भड़ायल चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया। पुलिस लाइन में तैनात श्यामबाबू कों एस एस आई पिहानी बनाया गया। पिहानी में तैनात एस एस आई मुकुट सिंह यादव कों लोनार का एस एस आई, उप निरीक्षक तौसीफ़ अहमद कों सुरसा और सूर्यमणी यादव कों शाहाबाद भेजा गया। पुलिस लाइन में तैनात राजू प्रसाद कों क्रीटिकल कारिडोर टीम सुरसा का प्रभारी सुरसा में इस पद पर तैनात नजर मोहम्मद को पुलिस लाइन भेजा गया। पुलिस लाइन से एस आई अमित कुमार कों हरपालपुर, शाहाबाद में तैनात लाखन सिंह को पिहानी भेजा गया। शाहाबाद में क्रीटिकल कारिडोर प्रभारी दीपक कुमार की इसी पद पर हरपालपुर भेजा गया हरपाल पुर से शमशेर अहमद की क्रीटिकल कारिडोर शाहाबाद तैनात किया गया। अतरौली में तैनात मशरूर आलम कों माधोगंज। माधोगंज में तैनात गजेंद्र प्रसाद सिंह को अतरौली और आशीष त्यागी कों पिहानी भेजा गया। शाहाबाद में तैनात उप निरीक्षक सेमलराम पासवान, हेड कांस्टेबल जंग बहादुर यादव, हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह कों लापरवाही बरतने पर एएसपी आलोक राज नारायण की संतुती पर पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने स्थानांतरित सभी पुलिस कर्मियों को अपने नए कार्यस्थल पर पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बिल्हौर-कटरा हाईवे पर कन्हारी के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, बड़ा हादसा टला

**सवायजपुर, हरदोई।** बिल्हौर–कटरा हाईवे पर मंगलवार दोपहर को एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। घटना सवायजपुर थाना क्षेत्र के कन्हारी गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार कार सवार लोग फर्रुखाबाद जनपद से बाबा नीम करोली के दर्शन कर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। इस हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि किसी के हताहत न होने से सभी ने राहत की सांस ली।

### नगर में कपड़ा प्रेस की दुकान में लगी आग, कपड़े जलकर राख



**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर में सोमवार देर रात एक प्रेस की दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना रात करीब 10 बजे नगर के सागर चौकी के पास स्थित बादशाह प्रेस की दुकान पर हुई। आग लगने से दुकान में रखे ग्राहकों के कई कपड़े जलकर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बादशाह प्रेस की दुकान पर कपड़ों की इस्त्री का काम किया जाता है। बताया जा रहा है कि दुकानदार कपड़ों पर ढाला (कोयले वाली इस्त्री) रखकर प्रेस करता था दुकान बंद कर वह घर चला गया इसी दौरान अचानक आग लग गई और देखते ही देखते दुकान के अंदर रखे कपड़ों ने आग पकड़ ली। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा–तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तुरन्त लोगो ने दुकानदार को फोन कर सूचना दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग लगने से दुकान में रखे कई ग्राहकों के कपड़े जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए, जिसमें 2 प्रेस बाल्टी कुर्सी कोयला 5 किलो 40 जोड़ी कपड़े जो ग्राहकों के थे वो भी जलकर खाक हो गए गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन प्राथमिक तौर पर ढाला की गर्मी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही। फायर बिग्रेड प्रभारी लाखन सिंह ने बताया प्रेस की दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वही वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन दुकान में रखे कपड़ों को नुकसान पहुंचा है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

**जालौन (उरई)।** परधानी मोड़ के पास बाइकों की भिडंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परधानी निवासी वीरेंद्र सिंह गुर्जर (45) अपने साथी राजकुमार (40) के साथ मंगलवार की सुबह किसी काम के चलते कमसेरा गए थे। अपना काम निपटाकर सुबह लगभग नौ बजे वह वापस अपने गांव परधानी लौट रहे थे। जब वह परधानी मोड़ के पास पहुंचे तभी ग्राम बोहरा निवासी नितेश कुमार (20) भी बाइक से जालौन की ओर आ रहा था। मोड़ के पास पहुंचने पर दोनों बाइकों में भिडंत हो गई। आमने सामने हुई भिडंत में बाइक सवार तीनों लोग गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# कैदियों को निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की जाये: जिला जज

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को जिला जज रीता कौशिक ने जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के साथ जिला कारागार के पुलिस एवं महिला बैरकों का सघन निरीक्षण किया तथा जो गरीबी कारण जमानत नहीं करा सकते उनके लिए शासकीय अधिवक्ता कराने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर मा0 जिला जज ने महिला बैरिक में उनके बच्चों को पोषण किट आदि उपहार दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होने कारागार अस्पताल में भर्ती बीमार कैदियों का हाल-चाल जाना तथा पाकशाला जाकर खाने आदि की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि कैदियों को



निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते आदि की व्यवस्था की जाये। इस अवसर जेल अधीक्षक अमन प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जन सनुवाई में जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें



**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेंशन तथा दो बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तमंचे सहित युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हरदोई।** पिहानी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण/ बिक्री/ परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 17 मार्च को थाना पिहानी के उप निरीक्षक कैलाश चंद्र यादव और पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त युद्धवीर उर्फ खिलाड़ी पुत्र वीरेश कुमार निवासी ग्राम दरियाबाद थाना पसगवां जनपद खीरी को एक तमंचा 12 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पिहानी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आरोपी कों न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जंग**

## सीडीओ ने किया एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

▸ 22 बच्चियों को लगा टीका

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु अभियान का शुभारम्भ जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा फ़ीता काटकर किया गया । इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने कहा कि चौदहवाँ जन्मदिन मना चुकी परन्तु पन्द्रहवां जन्मदिन अभी नहीं मनाया है वे बच्चियां यह टीका लगवा सकती हैं। मेरा सभी अभिवावकों से अनुरोध है, कि वह अपनी बच्चियों का HPV टीकाकरण अवश्य कराएं और उन्हें सर्वाइकल



कैंसर से सुरक्षित रखें। यह टीका बिल्कुल सुरक्षित है।

मौके पर उपस्थित स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जविन बिष्णु गोगोई ने बताया सर्वाइकल कैंसर वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे आम कैंसर है । सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमावायरस के लगातार संक्रमण के कारण होता है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) से होने वाला सर्वाइकल कैंसर, एकमात्र ऐसा कैंसर है जिसका समय पर टीकाकरण द्वारा प्रभावी रूप से रोकथाम की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द सचान ने बताया कि यह टीका जिला महिला चिकित्सालय के द्वितीय तल पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक निःशुल्क लगाया जाएगा। टीके की एक ही डोज पर्याप्त है। टीकाकरण के समय आयु सत्यापन के समय कोई न कोई प्रमाण पत्र जैसे- स्कूल का आईडी कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त मार्कशीट इत्यादि अवश्य लायें तथा टीकाकरण के समय खाली पेट ना आकर हल्का नाश्ता या भोजन अवश्य करके आयें । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि जनपद में लगभग 48000 बच्चियों को टीका लगाया जाना है, जिसके लिए पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध है । पहले तीन माह यह वैक्सीन जिला महिला चिकित्सालय में ही लगाई जायेगी, उसके उपरान्त समस्त सामु. स्वा. केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। वैक्सीनेशन के समय अभिवावक की सहमति आवश्यक है। अभिवावक गण या अन्य कोई भी यूविन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण हेतु स्लॉट बुक कर सकता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय डॉ. सुबोध, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्री इन्द्र भूषण सिंह, हफीज़ खान तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### कूलर में अचानक आए करंट से युवक की मौत

**कोंच (जालौन)।** घटना पंचानन चौराहा स्थित नदीगांव रोड की है। मृतक की पहचान धर्मेंद्र (30 वर्ष) पुत्र कल्याण सिंह, निवासी मंगरा (हाल निवास पंचानन चौराहा, कोंच) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह धर्मेंद्र अपने घर में रखे कूलर को हटाने के लिए उठे थे। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गए और कूलर से ही चिपक गए। उस समय उनकी पत्नी घर की ऊपरी मंजिल पर खाना बना रही थी। करीब आधे घंटे बाद जब पत्नी नीचे आई, तो उसने अपने पति को कूलर से चिपका देखा। यह दृश्य देखकर वह घबरा गई और शोर मचाते हुए आसपास के लोगों को बुलाया। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने तुरंत धर्मेंद्र को कूलर से अलग किया और आनन–फानन में एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों से संवाद कर परखी व्यवस्थाएं

▸ स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु जिला, महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दवा उपलब्धता पर जताया संतोष मेडिकल कॉलेज में स्वच्छता सुधार के दिए निर्देश

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल (महिला) एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी तथा विभिन्न



वार्डो का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकांश मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल से ही दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उपचार संतोषजनक ढंग से मिल रहा है। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, व्यवस्था एवं अनुशासन को और बेहतर बनाया जाए, ताकि मरीजों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। विशेष रूप से राजकीय मेडिकल कॉलेज में साफ-सफाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें।

## जिला गंगा समिति में नये सदस्यों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में मांगें गए आवेदन

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि जिला गंगा समिति में दो श्रेणियों में नये सदस्यों को नामित किया जाना है। जिसके लिए जनपद के नागारिक आवेदन कर सकते है। प्रथम श्रेणी में ब्लॉक सांडी के तेरवा पुरसौली, जैतपुर, मंसूरपुर, उमरौली, और नगरा साहसी छोछपुर, कटरी छोछपुर, चंद्रपुर पंसाला, ब्लॉक बिलग्राम में कटरी बिछुईया, कटरी परसोला, कटरी बिलुही (जरैला), कटरी छिबरामऊ, मयौरा(कटरी महदेवा), ब्लाक माधौगंज में कुतुआपुर सिसला, माहिमपुर और मगरहा, ब्लॉक मल्लावां में मंसूरनगर, शाहपुर पंवार पंसाला, शाहपुर पंवार सिसला। द्वितीय श्रेणी में वांच्छनीय अहर्ता जिसमें जिले के समस्त सम्मानित व्यपारीगण जिनके द्वारा नदी संरक्षण, जल संरक्षण, परम्परागत जलस्रोतों का संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य किया गया हो। उन्होंने बताया कि उपरोक्त श्रेणियों में आवेदन करने हेतु, विस्तृत बायोडाटा के साथ कार्य आख्या सहित आवेदन कार्यालय प्रभागीय निदेशक/सदस्य संयोजक, जिला गंगा समिति को प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के अंदर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन प्रेषित किया जा सकता है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही यह भी कहा कि आवेदन के दौरान किसी भी असुविधा हेतु जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति, अश्विनी कुमार मिश्र के मोबाइल न0-9415007017 पर संपर्क करें।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हमीरपुर महोत्सव को लेकर डीएम ने प्रेस वार्ता की

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी द्वारा हमीरपुर महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता की गयी प्रेस वार्ता के दौरान जनपद के पत्रकार बंधुओं से सुझाव प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 23 से 27 मार्च तक चौरा देवी प्रांगड़ में हमीरपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।अपनी संस्कृति और विरासत का वृहद प्रचार-प्रसार करना इसका मुख्य उद्देश्य है। महोत्सव के दौरान आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय प्रदर्शनी तथा अपने जनपद के ओडीओपी उत्पादों सहित अन्य जनपदों



के ओडीओपी उत्पादों के स्टाल भी उपलब्ध रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर के विशिष्ट कलाकारों को भी स्थान दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि महोत्सव को लाभकारी व ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गोष्ठियों जैसे किसान, वन एवं पर्यावरण आदि का भी आयोजन किया जायेगा। बच्चों के लिए ड्रोन शो, स्पेस लैबोरेटरी, प्लनेटोरियम आदि कार्यक्रमों को रखा जा रहा है। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रमों में भजन संध्या, कॉमेडी नाइटस, यमुना आरती, लोक नृत्य व लोक संगीत आदि भी शामिल रहेंगे सीडीओ अरुण कुमार सिंह, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी चित्रगुप्त सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग पर चाकू से हमला और किशोरी के अपहरण में मुकदमे दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक मामले में नाबालिग किशोर के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने और जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने का आरोप है, जबकि दूसरे मामले में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई है मराठीपुरा निवासी राजेश कुमार वाल्मीकि की तहरीर पर पुलिस ने उनके 17 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के साथ मारपीट कर चाकू से घायल करने, जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में आदित्य गुप्ता, दीपक गुप्ता और सूर्या ठाकुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि 26 फरवरी की रात हाथी दरवाजा के पास किशोर के साथ बेल्ट से मारपीट करने के बाद चाकू से हमला किया गया था वहीं दूसरे मामले में ग्राम मकराव निवासी सिद्धगोपाल यादव की तहरीर पर उनकी नाबालिग पुत्री काजल को बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल से ले जाने के आरोप में इंद्रजीत, जगजीत और अमन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया गया कि किशोरी 9 मार्च को परीक्षा देने के लिए मौदहा आई थी, जिसके बाद वह लापता हो गई कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह कहना है कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सलफास खाने से युवती की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल रेफर

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के सिचौली पुरवा मोहल्ले में सोमवार को एक युवती द्वारा सलफास की गोली खा लेने से हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मौदहा लेकर पहुंचे।जानकारी के अनुसार सिचौली पुरवा निवासी खुशबू (21) पुत्री भगवती प्रसाद ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी सलफास की गोली खा ली। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई घबराए परिजन युवती को आनन-फानन में सीएचसी मौदहा लेकर पहुंचे, जहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल हमीरपुर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## उत्तर प्रदेश शासन ने नगर पंचायत कुलपहाड़ में तीन सभासद किए नामित

**कुलपहाड़, महोबा।** उत्तर प्रदेश शासन ने नगर पंचायत कुलपहाड़ में तीन सभासद नामित किए गए हैं।इन सभासदों के नामित होने पर अब नगर पंचायत में सभासदों की संख्या 16 हो गई है नामित सभासदों में राकेश भट्ट, सुरेंद्र बहादुर सक्सेना तथा रामकुमार खटीक को शामिल है। तीनों सदस्यों के नामित सदस्य मनोनीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमलेश सक्सेना, प्रथम नगर मंडल अध्यक्ष राकेश अरजरिया, भूपेंद्र सिंह चंदेल एडवोकेट, दुर्गेश सोनी, अशोक अग्रवाल, आनंद द्विवेदी, इमाम बख्श,



गौरव अग्रवाल, रविन्द्र उपाध्याय एडवोकेट, मनोज चौबे, हरिदास अनुरागी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नामित सभासदों को हार्दिक बधाई दी है। नगर पंचायत में पूर्व में 13 सभासद निर्वाचित होकर आये थे, और अब शासन द्वारा 3 सदस्य नामित किए जाने के बाद सभासदों की संख्या 16 हो गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी प्रशिक्षण की अंतिम परीक्षा का किया निरीक्षण

▸ एसपी ने परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आरटीसी पुलिस लाइन महोबा में संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण की विषय अंतिम परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों की



उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से समीक्षा की गई। उन्होंने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। साथ ही, किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए तथा प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण एवं प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।

### सूचना

मेरा मकान स्थित मोहल्ला गोविंद नगर सलेमपुर कोन थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी की गाटा संख्या 880 रकबा 1000 स्क्वायर फीट का बैनामा मेरे अर्चना वर्मा पत्नी सुधीर कुमार वर्मा व बीनू वर्मा पत्नी संदीप कुमार वर्मा के नाम दर्ज है, जो कि कहीं गुम हो गया है। जिसको तलाश करने के बावजूद कहीं नहीं मिला। यदि किसी के पास उपलब्ध पायी जाती है तो वह शून्य समझा जाए।

शपथ कर्ताः अर्चना वर्मा पत्नी सुधीर कुमार वर्मा निवासी ग्राम भानपुर पोस्ट गोपालापुर जिला लखीमपुर खीरी।

# सीडीओ ने दिये सचिव व तकनीकी सहायक पर कार्रवाई के निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



**ब्लॉक हरगांव के विकास कार्यों में मिली कमियां सीडीओ हुई नाराज**

मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड हरगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विकास खंड कार्यालय, ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों तथा गौ-आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सबसे पहले मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड हरगांव कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित लाभार्थियों की सूची तथा पंजीकरण पत्रावलियां प्रस्तुत नहीं की गई हैं। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों का सत्यापन कर शीघ्र लेखा परीक्षण पूर्ण कराया जाए, जिससे योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच सके। साथ ही संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र पंचायत से संबंधित पत्रावलियों की जांच के दौरान कई कार्यों में जियो टैगिंग से संबंधित फोटो उपलब्ध नहीं पाए गए। इस पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विकास कार्यों में जियो टैगिंग से संबंधित फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं, ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति का सत्यापन सुनिश्चित हो सके। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत फत्तेपुर मातिनपुर में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही कुछ सामग्री निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव तथा तकनीकी सहायक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय चारा-दाना की उपलब्धता पर्याप्त पाई गई तथा साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक रही। एक बीमार गोवंश का उपचार पशु चिकित्सक द्वारा किया जाना पाया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को उपचार की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कमजोर गोवंशों को अलग स्थान पर रखकर उन्हें अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने तथा भूसा भंडारण के लिए नियमानुसार भूसा स्टोर का निर्माण शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाइक-कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली एवं कस्बा क्षेत्र में हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर स्थानीय बस स्टेशन के सामने मंगलवार की सुबह मोटरसाइकिल व कार में टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल सवार युवक एवं अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वही दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रही वैगन आर कार को लोगों द्वारा पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासी छोटू पुत्र सत्यनाम किसी काम से घर से हैदरगढ़ आ रहा था।जब वह हैदरगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पहुंचा तो रेलवे में कार्यरत ज्ञानेश्वर प्रसाद पुत्र चंद्रभान 48 ने लिफ्ट मांगी। युवक ज्ञानेश्वर प्रसाद को बैठक जब बस स्टेशन के निकट पहुंचा तभी वहां बने स्पीड ब्रेकर पर मोटरसाइकिल एवं हैदरगढ़ से भिटरिया की ओर जा रही कार संख्या डीएलसीडब्ल्यू 7721 उछलने के कारण अनियंत्रित होकर एक दूसरे से लड़ गई। इस दुर्घटना में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी और दोनों बाइक सवार पैर, चेहरे व शरीर के अन्य अंगों पर चोटे लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद भाग रही बैंगन आर को चालक सहित पड़कर लोगों द्वारा पुलिस के हवाले कर दिया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गंभीर अवस्था के कारण ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## श्रीराम कथा के तृतीय दिवस राममय हुआ सूची कस्बा




**सूची सलोन रायबरेली।** सूची कस्बा में इन दिनों भक्ति और आध्यात्मिक चेतना के अद्भुत संगम का साक्षी बना हुआ है।चतुर्थ दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस संत सम्मेलन के तृतीय दिवस पर वातावरण पूर्णतः राममय हो उठा।जब दूर–दराज से पधारे विद्वान संतों और प्रख्यात कथावाचकों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादाओं और उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण और ओजस्वी वर्णन किया। श्रोताओं की भीड़ भक्ति में लीन होकर प्रत्येक शब्द को आत्मसात करती नजर आई।चित्रकूट की पावन धरा से पधारीं सुप्रसिद्ध कथा वाचिका देवी श्वेतांबरा रामयणी ने श्रीरामचरितमानस के अवध तहां जह राम निवासू।तहई दिवसु जह भानु प्रकासू।।卐का मधुर वाचन करते हुए उसके गूढ़ आध्यात्मिक अर्थ को सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।जहां राम का नाम, गुणगान और आदर्शों का अनुसरण होता है। वही स्थान वास्तविक 'अवध' बन जाता है।उनके भावपूर्ण व्याख्यान ने श्रोताओं को न केवल भावविभोर किया।बल्कि जीवन में मर्यादा,करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दी।जिससे वातावरण में भक्ति और आस्था का अद्भुत संचार हो गया।इस अवसर पर रामकथा कमेटी के व्यवस्थापक पंडित बाल गोपाल त्रिपाठी, बृजेश सिंह,अरुण सिंह,राकेश सिंह,गुडडू विश्वकर्मा,चंद्रधर तमाम श्रोता मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, कोहराम

**पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुरावा मजरे विशुनपुर गांव के पास सड़क पार कर रहे एक वृद्ध की तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुंदरलाल पुत्र देवली उम्र 70 वर्ष निवासी कोटवा थाना शिवगढ़, जो की स्थानीय थाना क्षेत्र के पहुरावा मजरे विशुनपुर गांव में अपने भांजे भगवती प्रसाद पुत्र छोटेलाल उम्र 50 वर्ष के साथ रहते थे। मंगलवार की सुबह तकरीबन 10:00 बजे आसपास वह किसी काम से हाईवे मार्ग पार कर दूसरी तरफ जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते समय उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हे परिजनों के द्वारा तत्काल घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक परीक्षण के दौरान उन्हे मृत घोषित कर दिया गया है। घटना के पश्चात परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## स्कूल में लगा पकरिया का पेड़ छात्रों के लिए बना जोखिम

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नहर पटरी पर स्थित विशाल पकरिया का पेड़ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हर समय खतरे का कारण बना हुआ है।विद्यालय के रसोईघर पर टिका यह पेड़ कभी भी धराशायी होकर बड़े हादसे का कारण बन सकता है। शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमिलहरा के निकट से नहर गुजरी हुई है।

नहर की पटरी पर लगा पकरिया का पेड़ रसोई घर की दीवाल पर लटका हुआ है। इसी रसोईघर में मध्यान्ह भोजन बनता है और बच्चे भी भोजन के लिए यही पर आते हैं। निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य बद्री साहू ने भवन व बच्चों के लिए खतरा बने इस पेड़ को हटवाने की गुहार जिलाधिकारी से लगायी है।

# प्रमुख प्रतिनिधि ने किया आधार केन्द्र का शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कमेला विकास खंड में खुले आधार सेंटर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं बीडीओ पूजा सिंह द्वारा किया गया।

उद्घाटन के बाद अपने सम्बोधन में श्री सिंह नेबताया कि इस सेंटर के खुल जाने से आधार संबंधी समस्त सेवायें जैसे नया आधार,पते में बदलाव ,मोबाइल नंबर अपडेट , फोटो अपडेट आदि का लाभ ग्रामीण गांव में ही निर्धारित सरकारी शुल्क देकर प्राप्त कर सकते है। सेंटर का संचालन श्वेता तिवारी पंचायत सहायक सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया कि कमेला हैदरगढ़ की पहली पंचायत है जहां आधार सेवा केंद्र की शुरुआत हुई है। सचिन चंद्रभान पांडे ने बताया कि सेंटर का संचालन श्वेता तिवारी पंचायत सहायक द्वारा किया जाएगा । सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आधार संबंधी सुविधाएं प्राप्त की जा सकेंगी। उद्घाटन अवसर पर प्रधान राजेश कुमारी उनके पति बरसाती लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# तौलिक साहू राठौर महासभा विस के चुनाव में उतारेगा प्रत्याशी

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**




चार बार के चेयरमैन प्रभात साहू ने कहा हर क्षेत्र में हम लोगों का बज रहा है डंका विधानसभा के चुनाव में अबकी बार आजमाया जाएगा हाथ और जनता का अगर मिलेगा साथ तो होगा संपूर्ण विकास भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के नेतृत्व में होली मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया वही कार्यक्रम में आए हुए लोगों ने कहा कि हम लोगों की हर क्षेत्र में हिस्सेदारी है अबकी बार रायबरेली जिले में विधानसभा के चुनाव में दावेदारी आजमाई जाएगी।

यह कार्यक्रम त्रिपुला स्थित श्री गणेश पैराडाइज होटल में संपन्न हुआ। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन राकेश राठौर गुरुजी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में उपजिलाधिकारी अजय गुप्ता, भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र के संयोजक व भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू, भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के युवा प्रदेश महामंत्री राजन साहू के अलावा महिला प्रदेश अध्यक्ष अर्चना साहू, चेयरमैन सरला साहू, नेफ्ट की विभागाध्यक्ष डॉ. तूलिका साहू, डॉ श्वेता साहू एवं महिला प्रकोष्ठ की कोषाध्यक्ष विद्यावती साहू रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरुजी ने बताया कश्यप गोत्र की सभी जातियां वैश्य समाज के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करती हैं। इनका आपसी समन्वय और अटूट संबंध वैश्य समाज की समृद्धि और एकता का आधार है। इसके अलावा क्रमवार उपजिलाधिकारी अजय गुप्ता, लालगंज चेयरमैन सरिता गुप्ता, डॉ तूलिका साहू, सलोन चेयरमैन चंद्रशेखर रस्तोगी, विजय रस्तोगी, महासभा के उपाध्यक्ष प्रभात साहू, जिलाध्यक्ष गांधी संतोष साहू समेत दर्जनों वक्ताओं ने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील करते हुए कहा कि समाज को संगठित होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि एकता से हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है। इस मौके पर महासभा के संरक्षक राजाराम साहू, गया प्रसाद साहू, दयाशंकर साहू, श्याम बिहारी साहू, सच्चेलाल साहू, श्री राम साहू, महामंत्री हरीशंकर साहू, रमेश साहू, सतीष चंद गुप्ता, सुनील साहू, दिलीप गुप्ता, वीरेंद्र साहू, रोहित गुप्ता, इंद्रेश साहू, महिला जिलाध्यक्ष गिरीश साहू, यामिनी साहू, सत्यवती साहू , जय श्री साहू, वन्दना साहू समेत तहसील व नगर के समस्त पदाधिकारी व वैश्य समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

# ज्वलन्त मुद्दों पर याचिका प्रस्तुत करेंगे पेन्शनर्स



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार एवं केन्द्रीय 8वे वेतन आयोग द्वारा पुराने पेन्शनर्स के हितों की अन्देखी से खिन्न लाखों पेन्शनर्स के प्रतिनिधि संगठन सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेन्शनर्स एसोसिएशन, उप्र ने चरणबद्ध प्रदेश व्यापी आन्दोलन का ऐलान कर दिया है, जिसके तहत प्रधानमंत्री को प्रस्तुत की जाने वाली सामूहिक हस्ताक्षर याचिका का अभियान 20 मार्च से आरम्भ करने और 21 अप्रैल को प्रदेश भर के जनपदों में धरना प्रदर्शन/विरोध सभा कर स्थानीय प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञातव्य है कि 21 अप्रैल को आल इण्डिया स्टेट गवर्नमेण्ट पेन्शनर्स फेडरेशन द्वारा भी राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन का आवाहन भी उसी कार्य को किया गया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव द्वारा सभी जनपद शाखाओं को परिपत्र एवं सामूहिक हस्ताक्षर याचिका का प्रारूप भेजकर पूरी शक्ति से आन्दोलन को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कोई मांग नहीं बल्कि वरिष्ठ नागरिक बन चुके पेन्शनरों की बची जिन्दगी के जीवन यापन की लड़ाई है। क्योंकि सरकार ने वित्त-विधेयक 2025 पारित कराते पेन्शनरों में भेद करने क तरीका बनाया और अब उसी का सहारा लेकर 8वें वेतन आयोग के टीओआर में पुराने पेन्शनरों को आयोग की परिधि से बाहर कर दिया गया है। सचिव एसके मिश्र एवं महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि आन्दोलन का निर्णय विगत दिनों हुए बैठक में लिया जा चुका है, जिसके तहत 20 मार्च से प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाली सामूहिक याचिका में सभी पेन्शनर्स के हस्ताक्षर कराकर एवं उनसे रू0 10/- प्रति सदस्य के हिसाब से अंशदान लेकर 21 अप्रैल के पहले प्रान्तीय कार्यालय को उपलब्ध कराना है।

## अशरफी मस्जिद में रमज़ान पर खत्म-ए-कुरआन, दुआओं से गूंजा गांव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर विकास खंड के ग्राम माहेमऊ स्थित अशरफी मस्जिद में मुकद्दस रमज़ान की 27वीं रात तरावीह में खत्म-ए-कुरआन की रूहानी महफिल अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। मस्जिद में तरावीह की नमाज़ के दौरान मशहूर क़ारी कारी अताउलमुर्तज़ा ने पूरे माह मुकम्मल तौर पर कुरआन शरीफ की तिलावत कराई और 27 रमज़ान की रात कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। इस मौके पर गांव में इबादत और रूहानियत का खास माहौल देखने को मिला। खत्म-ए-कुरआन के बाद गांव के लोगों ने कारी अताउलमुर्तज़ा का इस्तकबाल करते हुए उन्हें फूल-मालाओं से नवाज़ा और खिराज-ए-अक़ीदत पेश किया। इस अवसर पर मोअज्जिम मोहर्रम अली, हाजी लायक अली, मकसूद अहमद खां, जुम्मन पठान, मुख्तार सलमानी, इरफान हाशमी, अशफाक अहमद शालू, मेराज बाबू, अजमल खां, शमशेर खां, आसिफ खां, सरवर खान, शान मोहम्मद,अल्तमश खा, समीर खान, हदीस आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## ज्वैलरी बिक्री के रुपये न देने को चाचा ने गढ़ी लूट की कहानी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बीते 14 मार्च को घटी 8 लाख रुपए की लूट की घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि करीब 7.43 बजे सायं को शिवप्रसाद पुत्र रामअचल निवासी उत्तरगांव थाना जगदीशपुर द्वारा 112 पर सूचना दी गयी थी कि मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उन्हें पीछे से धक्का मारकर उनका सोने चांदी से भरा झोला उठा ले गया। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो रास्ते में लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों के अवलोकन से आवेदक द्वारा बतायी गयी घटना के समय किसी भी व्यक्ति का आना जाना नहीं पाया गया। आवेदक से प्रकरण के संबन्ध में जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि आवेदक शिवप्रसाद उपरोक्त के कोई संतान नहीं है, कठौरा में ज्वैलर्स की दुकान करते हैं और कस्बा जगदीशपुर से अपने भतीजे विनय ज्वैलर्स की दुकान से ज्वैलरी बेचने हेतु ले गये थे।

# साहित्यकार लेखन सिर्फ पुस्तकों तक न हो सीमितः विवेक नौटियाल

**लखनऊ/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

चारबाग स्थित रविंद्रालय में चल रहे पुस्तक मेले में अवधी साहित्य संस्थान अमेठी एवं उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अवधी विमर्श एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध भारती संस्थान उप्र के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ राम बहादुर मिश्र ने किया, वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उ प्र विवेक नौटियाल जी रहे। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, सभी अतिथियों व कवियों का स्वागत,सम्मान अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से किया गया।

मुख्य अतिथि विवेक नौटियाल ने कहा कि साहित्यकार की आयु से ज्यादा उसकी साहित्यिक आयु होती है, साहित्यकार की एक रचना उसे चिर समय तक अमर कर देती है, उन्होंने कहा कि अवधी अवध क्षेत्र की भाषा थी,अब यह देश ही नही अपितु दुनिया के तमाम देशों में भी बोली जाती है। साहित्यकारों को सम्बोधित करते हुए अपर शिक्षा निदेशक ने कहा कि अपनी साहित्य सृजना को सिर्फ पुस्तकों में ही न सीमित करें।

# हत्या का खुलासा, आलाकत्ल डंडा सहित पति गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को सुबह गेहूं के खेत में मिली लाश के सम्बन्ध में सोमई पुत्र रामदीन निवासी पूरे डींगुर मजरे सराय हृदयशाह थाना गौरीगंज द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी पुत्री रेखा उम्र करीब 27 वर्ष होली के दिन अपने ससुराल से उनके घर आयी थी। जो रविवार को करीब 8 बजे सायं शौंच हेतु गयी थी सुबह उसका शव गांव के बाहर गेंहू के खेत में मिला। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। उसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में अरुण कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज द्वारा विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन के उपरान्त प्रकाश में आये मृतका का पति मंशाराम पुत्र स्व. रामऔसान निवासी दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह एक लड़की से बात करता था, जिसका उसकी पत्नी रेखा विरोध करती थी, जिसपर कहासुनी होती रहती थी साथ ही अभियुक्त को शक था कि उसकी पत्नी का अन्य लोगों से भी संबन्ध है। जिसके बारे में पूछने पर वह कुछ नहीं बताती थी। जब वह अपनी पत्नी के साथ होली में ससुराल आया था तभी उसने रेखा को रास्ते से हटाने की योजना बना ली थी। रविवार की रात रेखा को उसके मायके में ही खत्म करने की योजना बनाते हुये वह कूरेभार सुलतानपुर भट्ठे से एक मोटा डण्डा लेकर मोटरसाइकिल से रात्रि में पहुंचा तथा सुनसान जगह पर मोटरसाइकिल खड़ी कर रेखा को फोन किया तथा जान से मरने की दुहाई देकर उसे खेतों में बुला लिया। खेतों में आने के बाद उसने अपने हाथ में लिये डण्डे से उसके सिर पर जोर से 4-5 बार मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। डण्डा छिपाने के बाद वह मोटरसाइकिल से वापस भट्ठे पर चला गया। पकड़े जाने के डर से रेखा की मोबाइल व सिम जलते हुये भट्ठे में डाल दिया था।

# नगरपालिका परिषद गौरीगंज के पांच सभासद मनोनीत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग - 6 द्वारा नगरपालिका परिषद गौरीगंज के लिए दीपक शर्मा समेत पांच लोगों को नगरपालिका का सभासद मनोनीत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें पहले मनोनीत सदस्य अंकुर सिंह पुत्र हरिनाथ सिंह दूसरे रामजश लोधी पुत्र स्व. सतीनाथ तीसरे अविनाश चन्द्र पांडेय पुत्र बटेश्वर नाथ पांडेय चौथे विष्णु अग्रहरि पुत्र रामकुमार और पांचवें दीपक शर्मा पुत्र राम चंद्र शर्मा वार्ड बीस बलीपुर खुर्दवां गौरीगंज शामिल हैं। क्षेत्रीय लोगों ने इन सभी को सभासद मनोनीत किये जाने पर हर्ष का इजहार किया है। लोगों ने यह आशा इन लोगों से की है कि ये लोग जनसमस्याओं को नगरपालिका परिषद गौरीगंज में प्रमुखता से उठाते हुए उनका निराकरण कराने का कार्य अवश्य करेंगे।दीपक शर्मा के सभासद मनोनीत होने पर विवेक शर्मा निवर्तमान अध्यक्ष राष्ट्रीय नाई महासभा शाखा अमेठी ने खुशी जाहिर की है तथा और भी सभी सभासदों के मनोनयन पर हर्ष का इजहार किया है। कई लोगों ने इस मनोनयन के लिए नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा के जिलाध्यक्ष का आभार भी प्रकट किया है।

# डीएम ने की गेहूं खरीद एवं कर-करेत्तर की समीक्षा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों, गेहूं खरीद एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। विशेष रूप से नामान्तरण, वरासत, सीमांकन, भू-अधिग्रहण, भूमि विवाद निस्तारण, राजस्व वसूली एवं जनशिकायतों के निराकरण की प्रगति पर विभागवार चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायें तथा शासन से प्राप्त निर्देशानुसार ही गेहूं की खरीद की जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राजस्व कार्यों में शिथिलता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामान्तरण एवं वरासत से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि राजस्व वसूली की प्रगति नियमित रूप से मॉनिटर की जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए। भूमि विवाद एवं अन्य जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व अधिकारियों को जनता से संवाद बढ़ाने और मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

## एसपी ने क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों के साथ की गोष्ठी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में सोमवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा यातायात व्यवस्था के संबंध में विभिन्न थानों पर गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के घटना बाहुल्य एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता, सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही क्रिटिकल कॉरीडोर टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने एवं रात्रि के समय सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को तत्काल हटवाने, सड़क दुर्घटना की संभावनाओं में कमी लाने हेतु संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी रखने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा, प्रभारी यातायात व थाना गौरीगंज, अमेठी, जगदीशपुर व मोहनगंज की क्रिटिकल कॉरिडोर की पुलिस टीमें व संबंधित प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

# बेहटा बीडीओ रोजगार सेवक को क्यों नहीं कर रहे बर्खास्त

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



सीतापुर की विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई थी जांच जांच में सचिन प्रधान और रोजगार सेवक पाए गए थे दोषी पूर्व जिला अधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा रोजगार सेवक को बर्खास्त करने के दिए गए थे आदेश सचिन और प्रधान पर विभागीय कार्यवाही की भी दिए गए थे कड़े निर्देश आखिर क्या कारण है अभी तक खंड विकास अधिकारी बेहटा के द्वारा रोजगार सेवक को क्यों नहीं किया गया बर्खास्त कहीं तो खंड विकास अधिकारी के द्वारा रोजगार सेवक से मिलकर खानापूर्ति तो नहीं कर ली गई जो अपने उच्च अधिकारियों को गुमराह करते हुए गिरफ्तारी का स्टे दिखाकर नहीं किया गया पबर्खास्त और खंड विकास अधिकारी लगातार रोजगार सेवक को संरक्षण देने का कार्य तो नहीं कर रहे हैं ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम प्रधान और सचिव धनंजय सिंह पर विभागीय कार्यवाही के दिए गए थे खानापूर्ति क्या सीतापुर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर जहां एक तरफ अपनी ईमानदारी और तेज तरह छाप के रूप में जाने जाते हैं अब जनता की निगाहें अपने जिलाधिकारी पर पूरी तरीके से टिकी हुई है कि इस मामले पर हमारे जिला अधिकारी द्वारा सचिव प्रधान और रोजगार सेवक पर कभी भी कार्यवाही कर सकते हैं बताते चलें पदुम कुमार निवासी ग्राम पंचायत पिपरिया, विकास खण्ड बेहटा द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत ओम प्रकाश तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक द्वारा बरती जा रही गम्भीर अनियमितताओं की शिकायत जिलाधिकारी सीतापुर से की गयी थी। जिलाधिकारी द्वारा इसकी जाँच उपायुक्त श्रम रोजगार सीतापुर से कराई गयी । शिकायत सही पाये जाने पर जिलाधिकारी सीतापुर के कार्यालय आदेश सं0 241 दिनांक 03-06-2025 द्वारा ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध मनरेगा योजना के अंतर्गत फर्जीवाड़ा करने के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने तथा ग्राम रोजगार सेवक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

# उड़ान 1.0 से निवेशकों से जुड़ने का मिला अवसर

**▸ आर.ई.सी कन्नौज के नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन का आयोजन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन की ओर से होटल आशा में उड़ान 1.0 कनेक्टिंग स्टार्टअप, इंडस्ट्री और इन्वेस्टर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्टार्टअप्स, उद्योग जगत और निवेशकों को एक मंच पर जोड़कर नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक प्रो. मनोज कुमार शुक्ला ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे और उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत मुख्य रूप से मौजूद रहे। पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने स्टार्टअप इकोसिस्टम की चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार साझा किए। वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्टअप संस्कृति के विकास, संसाधनों की उपलब्धता, निवेश तक पहुंच और प्रभावी मेंटरशिप की आवश्यकता पर जोर दिया। चर्चा में अमित तिवारी, अखिलेश शुक्ला और डॉ. आकाश अग्रवाल शामिल रहे। इसके बाद इनक्यूबेशन सेंटर से जुड़े स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शीर्ष 10 स्टार्टअप्स के साथ 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए अपने नवाचार प्रस्तुत किए। इस दौरान संस्थान के रजिस्ट्रार, डीन समेत कई शिक्षक और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को क्षेत्र में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## कन्नौज में वृहद रोजगार मेला 24 मार्च को

**कन्नौज।** जिले में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 मार्च 2026 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), बहरिन-तिर्वा रोड पर लगेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि मेले में कन्नौज समेत अन्य शहरों की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इसमें करीब 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा, जिसमें 10 हजार से 25 हजार रुपये तक मासिक वेतन वाली नौकरियों के अवसर मिलेंगे। मेले में साइड सुपरवाइजर, सेल्स मैनेजर, ऑफिस असिस्टेंट, प्रोडक्शन ट्रेनी, लोन एडवाइजर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, कस्टमर केयर, इंश्योरेंस एडवाइजर, मशीन ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड सहित कई पदों पर भर्ती होगी।

# आनंद जन जागरण यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



वाहनों के काफिले के साथ नगर में पहुंची आनंद जनजागरण यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। डीजे पर बज रही धार्मिक धुनो ने वातावरण भक्तिमय बना दिया। कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर संतों और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। जगह-जगह फूल मालाएं पहनाकर अतिथियों और संतों का स्वागत किया गया। नगर में तालग्राम चौराहे के पास पवन ट्रेडर्स पर जय श्रीराम और सनातन धर्म की जय के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर आनंदेश्वर धाम आश्रम ऋषि नगर मानीमऊ के पीठाधीश्वर पंडित कौशल जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म केवल एक धर्म नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और परंपरा की पहचान है। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को जागरूक करने और सनातन मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर धर्म के लिए साथ बने रहने की जरूरत है। यात्रा में साथ चल रहे प्रभात त्रिपाठी एवं महाराणा प्रताप ने आनंदेश्वर धाम आश्रम में 26, 27, 28 अप्रैल को होने वाले त्रिकालदर्शी पंडोखर सरकार के दिव्य दरबार में आने का सभी को आमंत्रण दिया। इस अवसर पर वैभव दुबे नवनीत दुबे अखिलेश दुबे सर्वेश दुबे अरुण शाक्य उदय प्रधान, हरिश्चंद्र अग्रवाल भरत चतुर्वेदी शिवम मिश्रा मुकेश दुबे, सचिन चतुर्वेदी, मधुर दुबे, दुर्गेश दुबे, संजीव चौहान एवं अंबुज दुबे सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने माल्यार्पण करके पीठाधीश्वर पंडित कौशल जी महाराज का स्वागत किया।

# पशुपालन के लिए दी उपयोगी जानकारी

**▸ योजना के अंतर्गत दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड के सभागार में प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण में पशुपालन के लिए उपयोगी जानकारियां दी गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर सरदूल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में समय से खुरपका, मुंहपका, गलाघोंटू आदि का टीकाकरण करवाने की सलाह दी गई एवं समय-समय पर पशुओं को पेट के कीड़ों की दवा पिलाने हेतु प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय पशु धन बीमा योजना और सहभागिता योजना की भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार ने कहा पशुओं को केवल सादा राशन नहीं देना चाहिए। शारीरिक विकास एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने के लिए इनको संतुलित राशन देना अत्यंत आवश्यक है। संतुलित राशन से पशुओं में बांझपन, हाइपो, कैल्शिमियां, बैली की टोसिस आदि समस्याएं पैदा नहीं होती हैं। डॉक्टर रिजवान आज़म ने बताया कि पशुओं में बहुत ज्यादा अनावश्यक एंटीबायोटिक दावों के प्रयोग से बचना चाहिए। उन्होंने बहुत अधिक एंटीबायोटिक दावों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही पशुओं में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का प्रयोग नहीं करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ललितकांत दुबे, पशुधन प्रसार अधिकारी सत्यम यादव, पशु मित्र व पशु पालक आलोक, अभिषेक, अमित, सत्येंद्र, गौरव, आयुष, विवेक, सतपाल, समीर, आशीष आदि मौजूद रहे।

# हमें सब्र, शुक्र और इंसानियत सिखाता है पवित्र रमजान माह

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गल्ला आलू व्यापारी संघ के पूर्व महामंत्री एवं शिफा इंटरप्राइजेज, नवीन मंडी के प्रोप्राइटर आसिफ शेख उर्फ आशु ने कहा पवित्र रमजान माह हमें सब्र, शुक्र और इंसानियत सिखाता है।

उन्होंने कहा हम सब पवित्र रमजान के महीने में अल्लाह की इबादत में मग्न हैं। रोजा सिर्फ भूख-प्यास सहना नहीं, बल्कि दिल की सफाई, नेकी की राह पर चलना और गरीबों-मजलूमों के दर्द को समझना है। मैं खुद रोजे की हालत में हूं और महसूस कर रहा हूं कि यह महीना हमें सब्र, शुक्र और इंसानियत सिखाता है। छिबरामऊ की इस मंडी में हम रोज व्यापार करते हैं, मेहनत करते हैं, लेकिन रमजान हमें याद दिलाता है कि असली कमाई अल्लाह की रजा है। आइए, हम सब मिलकर इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा सदका दें, गरीबों की मदद करें, झगड़ों को भुलाकर आपसी भाईचारा बढ़ाएं और नमाज-तरावीह में हिस्सा लें। अल्लाह हम सबके रोजे कबूल फरमाए, गुनाह माफ करे और हमें हिदायत दे। रमजान मुबारक हो!

## इबादत, तौबा और इस्तिग़फार में गुज़री शब-ए-क़द्र की पूरी रातः मौलाना जियाउल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मदरसा जामिया खदीजतुल कुबरा के मौलाना जियाउल हक ने बताया कि रमज़ान-उल-मुबारक का पाक महीना जारी है। रमज़ान का 26वां रोज़ा रखने के बाद उसकी 27वीं रात को मुसलमान दुनिया भर में लैलतुल क़द्र (शब-ए-क़द्र) के रूप में मनाते हैं। हालांकि इसे अक्सर शब-ए-बारात कहा जाता है, लेकिन असल में शब-ए-बारात शाबान महीने की 15वीं रात होती है। मौलाना ने कहा कि यह रात क़ुरआन-ए-पाक की सूरह अल-क़द्र में ज़िक्र की गई लैलतुल क़द्र की संभावित रातों में से एक है, जो हज़ार महीनों से बेहतर है। इस रात इबादत करने वाला अल्लाह की रहमत और मग़फ़िरत का हकदार बनता है। देश-दुनिया की मस्जिदों और घरों में पूरी रात नमाज़-ए-तहज्जुद, क़ुरआन की तिलावत, दुआएं और इस्तिग़फ़ार का सिलसिला चलता रहा। आखिरी अशरे की इन रातों में मुसलमान अल्लाह से माफ़ी, बरकत और नेक तक़दीर मांगने में मशगूल रहते हैं।

## शिक्षकों ने की टेट अनिवार्यता खत्म करने की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** रामलीला मैदान के पास एसएल गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आरटीई एक्ट लागू होने के पूर्व से नियुक्त शिक्षकों ने टेंट अनिवार्यता के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने विधायक अर्चना पांडेय को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित स्वलिखित पत्र सौंपे और शिक्षकों की आवाज प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की गुहार लगाई।

विधायक अर्चना पांडेय ने सभी शिक्षकों को आश्वासन दिया कि आपकी चिट्ठी के साथ मै स्वयं अपना पत्र लगाकर आपकी मांग के समर्थन में प्रेषित करूंगी। इस दौरान अर्चना चतुर्वेदी, सुमन लता यादव, अविनाश मोहन, भुवनेश्वर सिंह, अमित शाक्य, विनोद मिश्रा, प्रदीप दीक्षित, संदीप दीक्षित, राघवेंद्र यादव, योगेश यादव, अरविंद चौहान, राजेश गौतम, आलोक सक्सेना, राजीव मिश्रा, अनिल शाक्य, निधि सेंगर, उदयवीर सिंह, मोहम्मद आकिल, मोहम्मद सोहेल व प्रीति सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य एस.के. पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में चयनित छात्र- छात्राओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश के माध्यम से सूचना भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, वे निर्धारित समय के भीतर विद्यालय पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय से प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्राचार्य ने कहा कि प्रवेश से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी विद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र समधन, एएनएम पर पीड़ित महिलाओं ने लगाया सुविधा शुल्क लेने का आरोप




**समधन, समृद्धि न्यूज।** शासन के तमाम सख्त दिशा निर्देशों के बाबजूद सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर बिना सुविधा शुल्क के प्रसव न कराने का आरोप लगाते हुऐ पीड़ित महिलाओं ने मुख्यमंत्री से पोटल पर शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है। समधन स्थित सरकारी स्वास्थ उपकेंद्र पर तैनात ए एन एम अलका राठौर, विजयलक्ष्मी पर महिलाओं से प्रसव कराने के नाम से सुविधा शुल्क लेने का आरोप क्षेत्र के ग्राम गुरगुजपुर निवासी सुमन देवी व समधन नगर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी मुईन पुत्र बब्बू , नगर के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी नाजमा बेगम पत्नी रियाजउद्दीन आदि ने आरोप लगाते हुऐ शिकायती पत्र में बताया कि उपकेंद्र पर तैनात ए एन एम खुलेआम सुविधा शुल्क लेकर ही महिलाओं का प्रसव कराती है। उधर ए एन एम अलका राठौर व विजयलक्ष्मी ने महिलाओं की ओर से लगायें गये सुविधा शुल्क के आरोप को बिल्कुल बेबुनियाद बताया है। तालग्राम एम ओ आई सी डाक्टर कुमार मैत्रेय का कहना है ए एन एम पर सुविधा शुल्क लेने का मामला प्रकाश में आया जल्द जांच कराकर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### बार एसो. तिर्वा के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी




**तिर्वा,कन्नौज।** बुधवार को तिर्वा तहसील मुख्यालय पर बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारियों को मंगलवार की देर सायं तक पूरा कर लिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य विधिक परिषद के उपाध्यक्ष अनुराग पांडे मौजूद रहेंगे। नव निर्वाचित बार की कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि,18 मार्च बुधवार को तहसील परिसर सभागार में बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न होगा। इसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिनमें अध्यक्ष अनिल कश्यप, के अलावा उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, उपेन्द्र पाल, प्रदीप राजपूत, अमित शुक्ला, अमित बीटू, मनोज श्रीवास्तव आदि शपथ लेंगे। कार्यकम में उपरोक्त मुख्य अतिथि के अलावा ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अंकित तिवारी, एसडीएम राजेश कुमार, एसडीएम न्यायिक रेशमा सहारा जी, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अमित पाठक, सतीश कन्नौजिया, रजिस्टार भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव, ब्रजमोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने तिर्वा तहसील के सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया है।

## दिनेश त्रिवेदी एडवोकेट का हुआ भव्य स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कचहरी परिसर में सौरिख नगर पंचायत से शासन द्वारा नामित सभासद दिनेश त्रिवेदी एडवोकेट का भव्य स्वागत किया गया। अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर महासचिव पंकज मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह, अरविन्द सिंह राठौर, पूर्व महासचिव सुशील पाण्डेय, रमाकान्त दीक्षित, अनूप दीक्षित, रावेंद्र चौहान, दफेदार, अवधेश यादव, अश्वनी मिश्रा, शाकिर हुसैन, केसी चतुर्वेदी, ऋतिक चौरसिया, मोहमद सलीम, आफताब अली, इब्ने अली, उमेन्द्र यादव, श्यामू दुबे, कुलदीप यादव व देवेन्द्र सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नगर पालिका में संजीव चौहान सहित पांच सभासद नामित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



राज्यपाल ने नगर पालिका छिबरामऊ में पांच सभासदों को नामित किया है। उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-9 की उपधारा (1) के खंड (घ) के तहत राज्यपाल ने भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री संजीव चौहान (मोहल्ला भैनपुरा), वन देवी राजपूत (आवास विकास कॉलोनी), सौरभ सविता (मोहल्ला छपट्टी), राजेश कुमार दुबे (मोहल्ला इंदिरा नगर) और उमाशंकर बाथम (मोहल्ला चौधरियान) को सभासद नामित किया है। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने इस मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय नगर विकास में नई ऊर्जा लाएगा। ये योग्य और समर्पित कार्यकर्ता छिबरामऊ की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और सरकार की नीति के अनुरूप नगर को और मजबूत बनाने में ये सहयोग करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि नामित सभासदों के शामिल होने से परिषद और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। हम सब मिलकर छिबरामऊ को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कदम स्थानीय समस्याओं के समाधान में भी तेजी लाएगा।

# आज राज्यमंत्री करेंगे स्मृति प्रवेश द्वार का लोकार्पण

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया कन्नौज के संस्थापक स्वर्गीय तेज सिंह कनौजिया की तृतीय पुण्यतिथि किस अवसर पर विद्यालय के नव निर्मित पंडित गेंदनलाल द्विवेदी स्मृति प्रवेश द्वार एवं क्रीडा स्थल की बाउंड्री वाल का लोकार्पण दिन बुधवार समय 11ः00 बजे मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार विधायक असीम अरुण एवं मुख्य अतिथि महेंद्र देव शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा के कर कमल द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया कन्नौज के प्रबंधक कार्यक्रम आयोजक विजय सिंह कनौजिया ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ दिन बुधवार 11 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक सरस कथा वाचक परम सानिध्य सदगुरुदेव श्री श्री 108 स्वामी राम हृदय दास जी महाराज रामायणी कुटी श्री चित्रकूट धाम सतना मध्य प्रदेश के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को सुनाई गई रासलीला कंस वध रुक्मणी विवाह 17 मार्च को सुदामा चरित्र व्यास विदाई भागवत पूजन तथा 18 मार्च को हवन यज्ञ संपन्न होगा उन्होंने बताया कि 18 मार्च को स्मृति शेष पूज्य पिता जी तेज सिंह कनौजिया संस्थापक स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया विद्यालय के नवनिर्मित पंडित गेंदनलाल द्विवेदी स्मृति प्रवेश द्वार एवं क्रीड़ा स्थल की बाउंड्री वाल का लोकार्पण विधायक राज मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण उत्तर प्रदेश असीम अरुण एवं मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश डॉक्टर महेंद्र देव द्वारा किया जाएगा इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश सुरेंद्र तिवारी सहित संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल कानपुर राजेश कुमार वर्मा जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पप्पू सरोज विशेष सहयोगी मनस्वी यशस्वी निशांत वर्मा अजातशत्रु सिंह कनौजिया प्रधानाचार्य राजीव कटिहार अमित पटेल विनीत अग्निहोत्री इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रतिभाग करेंगे।

# बधाई के पात्र हैं भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने वाले अफसर : विनोद दूबे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दूबे ने कहा कि ऐसे सभी अफसर बधाई के पात्र हैं जो भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव में कुछ महीने ही शेष बचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करोड़ों लोगों को फ्री राशन उपलब्ध कराने का दावा करते हैं लेकिन इस माह में पूर्ति विभाग के अफसरों ने एक क्लिक में हजारों राशन कार्ड धारकों के नाम काटकर उन्हें राशन से वंचित कर दिया। छिबरामऊ नगर में ही हर कोटेदार के यहां 30 से 50 तक नाम काटे गए हैं। इससे उनमें सरकार के खिलाफ रोष फैल गया है। इसी तरह पावर कारपोरेशन के स्मार्ट मीटर में भी बड़ा खेल हुआ है। अब कहा जा रहा है मोबाइल की तरह एडवांस पैसा डालो तभी बिजली मिलेगी। छिबरामऊ डिवीजन में ऐसे सैकड़ो उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर से विद्युत आपूर्ति अचानक ठप कर दी गई जिन्होंने एडवांस पैसे नहीं डाले। सरकार की इन तुगलकी नीतियों से आम जनता में जबरदस्त रोष है और उसने इस बार कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

# जनपद में नगर पंचायत के लिए चुने गए नामित सदस्य

**विकास कार्यों की गुणवत्ता पर रहेगा फोकस, शासन को भेजेंगे रिपोर्ट**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शासन ने जनपद की नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में नामित सभासदों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर दी है। इसी क्रम में सदर तहसील कन्नौज, छिबरामऊ और तिर्वा नगर पंचायत में भी तीन-तीन सभासद मनोनीत किए गए हैं।

अब तक तिर्वा नगर पंचायत के 15 वार्डों में जनता द्वारा चुने गए सभासद ही अपने-अपने क्षेत्रों का कार्यभार संभाल रहे थे। शासन की मंशा है कि नगर क्षेत्रों में विकास कार्य मानक के अनुरूप हों और उनकी नियमित निगरानी हो सके। इसी उद्देश्य से अतिरिक्त नामित सभासदों की नियुक्ति की गई है। तिर्वा नगर पंचायत में गांधीनगर तिर्वागंज से शिशुपाल चौहान, इंद्रानगर तिर्वागंज से नीरज चक्रवर्ती तथा अंबेडकर नगर से स्नेहलता बाथम को मनोनीत किया गया है। इनके जुड़ने से अब विकास कार्यों की समीक्षा और अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी। मंगलवार को नवनियुक्त सभासदों को बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान सतीश दोहरे, श्याम तिवारी, रतन कुमार, शिवप्रकाश कटियार, विनीता चतुर्वेदी, संजीव चौहान, वनदेवी राजपूत, सौरभ सविता, राजेश दुबे, उमाशंकर बाथम, चन्दन चौरसिया, कृष्णमुरारी कठेरिया, राकेश कुशवाहा, शिवमराज वर्मा और किरन दुबे सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त सभासदों ने कहा कि नगर में विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा और जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## महिला व परिवार को पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से पीटा, आई चोटें

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला लाहोरी टोला निवासी जैनव (पत्नी नन्हें) के घर में पड़ोसी रहीश, शान (पुत्र सउआं), उनकी बुआ मैना, चांदनी, जिकरा, इरम (पुत्रियां रहीश) सहित कई अज्ञात लोगों ने जबरन घुसकर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। हमले में जैनव को गंभीर चोटें आईं, खून बहा और परिवार के सदस्य घायल हुए। बचाव करने आई निशा व नेहा तथा बच्चों पर भी अत्याचार किया गया। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाना प्रभारी से मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी है।

# कन्नौज शिक्षक संघ के पुरोधा के निधन से शोक में डूबा शिक्षक समाज

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**▸ शिक्षक नेता के निधन से जिले में शोक की लहर**
**▸ विद्यालयों में हुआ शोक सभा का आयोजन, दी गई श्रद्धांजलि**



कन्नौज के माध्यमिक शिक्षक संघ ( शर्मा गुट ) के पुरोधा स्पष्टवादी , प्रखर और ओजस्वी शिक्षक नेता श्री कृष्ण यादव सदस्य संरक्षक मंडल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के असामयिक निधन से संपूर्ण जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोमवार की देर शाम एस पी एम मेट्रो स्टेशन कानपुर के पास रोडवेज बस से उतरते समय पैर फिसल जाने से पिछले टायर के चपेट में आकर सड़क दुर्घटना में श्री कृष्ण यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, सदस्य संरक्षक मण्डल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट ) एवं समाज वादी पार्टी के प्रदेश सचिव (पूर्व प्रदेशीय मंत्री का उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ इंदरगढ़ निवासी के असामयिक निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई । सभी कॉलेजों में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत शिक्षक नेता को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री कृष्ण यादव अवकाश प्राप्त शिक्षक नेता थे जो बड़ी बेबाकी से मुखर होकर शिक्षक हित की बात रखते थे। हर मोर्चे पर संगठन से समन्वय बनाकर शिक्षकों को उनके अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक बनाते थे । विभिन्न मांगो को समय समय पर धरने और आंदोलनों से विभागीय शीर्ष पदाधिकारियों तक अपनी बात प्रभावी ढंग से रखते थे। अद्भुत और कुशल नेतृत्व कर्ता के रूप में एक सक्रिय शिक्षक का इस प्रकार से काल कवलित हो जाना सच में जिले के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस क्रम में बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र बने सेठ वासुदेव सहाय इंटर कॉलेज , कन्नौज में एकत्रित समस्त परीक्षकों के मध्य शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज , प्रधानाचार्य सुरेंद्र लाल, महेंद्र भारती , पुष्पेंद्र कुमार सिंह , दुर्गविजय , अमीर हमजा , धीरज द्विवेदी , मोहम्मद मुमताज खान ,संजय सैनी आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में विद्यालय के सेवानिवृत प्रवक्ता श्री कृष्ण यादव के अचानक कल कल्याणपुर, कानपुर में सड़क दुर्घटना में अचानक मृत्यु हो जाने के कारण विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय प्रांगण में एक शोक सभा आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया, प्रधानाचार्य राजीव कटियार तथा शिक्षक जनमेर सिंह, संजीत यादव ,योगेश कुमार सिंह,धीरज कुमार कनौजिया, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, रघुवीर सिंह सुनील कुमार विवेक कनौजिया ज्ञानेंद्र सिंह राम रतन रामनरेश तथा छात्र और छात्राओं ने 1 मिनट मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समस्त अध्यापकों कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के द्वारा उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए दोपहर बाद शिक्षक नेता का अंतिम संस्कार उनके पैतृक आवास में ग्राम पलिया बांसखेड़ा ककवन जिला कानपुर देहात में किया गया। इस मौके पर उनके भाई नवाब सिंह पुत्र कृष्ण चंद्र यादव पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह विकी सहित हजारों की संख्या में शिक्षक और समाज के लोग मौजूद रहे।

# आयुष्मान योजना के नाम पर ठगी का आरोप, पीड़ित ने की शिकायत

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर एवं क्षेत्र में आयुष्मान योजना के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी कर पैसे वसूलने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार आरोप है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने और स्वास्थ्य केंद्र में इलाज दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की गई। बताया गया कि पहले 1000 रुपये की फीस ली गई और बाद में विभिन्न बहानों से इससे अधिक रुपये तक अतिरिक्त वसूले गए। इसके बावजूद न तो सही तरीके से कार्ड बनाया गया और न ही इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने भरोसा दिलाया था कि आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी, लेकिन पैसे लेने के बाद वे टालमटोल करने लगे। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उसे धमकाने का भी प्रयास किया गया। इस मामले को लेकर पीड़ित ने प्रशासन से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।


## अदालती सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
तहसील रामनगर बाराबंकी
तारीख पेशी 24.3.2026
रागिनी सिंह
बनाम

कुंज बिहारी पुत्र केशव प्रसाद निवासी ग्राम बिछलखा पोस्ट भैसुरिया परगना व तहसील रामनगर जिला बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 144 भू0 राजस्व संहिता अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 03 के 24 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

न्यायाधीश

# डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव की रोजा इफ्तार पार्टी में उमड़ा जन सैलाब

**नमाज अदा कर रोजेदारों ने मुल्क में अमन चैन की मांगी दुआ**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

रमजान के पाक एवं मुबारक महीने में आयोजित 27वें रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। मुख्य अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव शामिल हुए। ब्लाक नवाबगंज के ग्राम बंजारा बस्ती नया गनीपुर में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादात में रोजेदारों ने भाग लेकर रोजा इफ्तार किया।

डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी रोजेदारों से मुलाकात की और सभी को रोजा इफ्तार पार्टी की शुभकामनायें दी। 27वें रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। रोजेदारों ने नमाज पढ़कर देश में अमन चैन की दुआएं मांगी। अपने बीच डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव को देख रोजा इफ्तार पार्टी में आये लोग गदगद दिखायी दिये। डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने सभी को रोजा इफ्तार पर बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रुप से सदर वली मुहम्मद (कल्लू भाई), समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली, डॉ. आफाक अली, समृद्धि न्यूज के संवाददाता जमील खान, समाजवादी पार्टी के नगर महासचिव फारुख अली, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव के अलावा नयागनीपुर मस्जिद के इमाम तौहीद अली खान, मौलाना गुलाम रजा राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा विकास मंच, मोहम्मद आफताब, मिन्हाज अली उर्फ एमपी, मोहम्मद युसूफ, मोहम्मद असलम, मुराद अली, विजेंद्र यादव प्रधान सोना जानकीपुर, शीलू पूर्व प्रधान सलेमपुर दूंदेमई, तथा पूर्व प्रधान अजय राज यादव, प्रधान विजेंद्र सिंह यादव, डॉ. नवरंग सिंह यादव, संजीव प्रधान हरदुआ, राजीव यादव प्रधानपुर, मनोज कुमार यादव, अमित कठेरिया, प्रधान अमन सूर्यवंशी, सुशील कुमार, रवि यादव, अश्वनी यादव, आशीष यादव, सभासद राहुल यादव, फिरोज खान, फारूक अली, मोवीन खान, शाहिद परवेज, आसिफ अली, शमशाद खान, गुलजार खान, आस मोहम्मद, शमशाद खान, अरमान शेर, मास्टर अरशद अली, शाहरुख खान, सलमान खान, प्रदीप यादव टीटू, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सहित जाफर नगर, बबना, नयागनीपुर, चांदनी, सिरमौर आदि क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।


रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व रोजेदार

# हत्या के मामले में अभियुक्त दोष सिद्ध, सजा 23 मार्च को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में अपर जिला जज द्वितीय न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह वर्मा ने रामसरन पुत्र महेश निवासी प्रेम नगर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 23 मार्च की तिथि निहित की गई है।

बीते तीन वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र की निवासिनी अन्नती पत्नी सुखवीर निवासी प्रेम नगर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 31 मार्च 2023 को मेरे जेठ नीरज घर के बाहर बैठे हुए थे, तभी रामसरन पुत्र महेश बेहबजह गाली-गलौज करने लगे। जब मेरे जेठ ने गाली देने से मना किया, तो रामसरन ने जान से मारने की नियत से टकोरा से सीने पर हमला कर दिया। जेठ नीरज को गंभीर रूप से घायल उपचार के लिये डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर अधिक होने के कारण रिफर कर दिया। उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह वर्मा ने रामसरन को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत से लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 23 मार्च की तिथि निहित है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से कपड़े लेने जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन चालक ने टक्क मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से एक को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।


अस्पताल में भर्ती घायल

जानकारी के अनुसार नगर के निवासी नया गनीपुर निवासी इमरान पुत्र बबलू अपने साथी शादाब के साथ बाइक से मंगलवार को फर्रुखाबाद कपड़े लेने जा रहे थे, तभी नवाबगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर हुसैनपुर मोड़ के पास आज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों लोग घायल हो गए। सड़क पर गिरने से वाहन का पहिया इमरान के पैर के ऊपर चढ़ गया। आसपास लोगो के लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर घायल को एम्बुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इमरान की हालत गंभीर होने से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इमरान के परिजनों ने बताया इमरान दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करते है। वह बीती रात ही घर आया।

# न. पं. कम्पिल के नामित सभासद मोनिका, अवधेश, आलोक का हुआ स्वागत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकायों में नामित सभासदों को लेकर लंबे समय से जारी चर्चाओं और इंतजार पर सोमवार को विराम लग गया। जब नगर विकास विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न निकायों में नामित सदस्यों की सूची सामने आई। जिसमें कंपिल नगर पंचायत को भी तीन नए सभासद मिले हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन नामों के चयन से पहले संगठन स्तर पर काफी समय तक मंथन चला। स्थानीय स्तर से लेकर जिला इकाई तक सक्रिय कार्यकर्ताओं के नामों पर विचार किया गया और फिर अंतिम सूची तैयार कर शासन को भेजी गई। स्वीकृति मिलने के बाद ही इसे सार्वजनिक किया गया। माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया में संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को प्रमुख आधार बनाया गया। जारी की गई सूची में मोनिका पत्नी राजेश कुमार निवासी गढ़ी पट्टी मदारी, आलोक कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी आजाद नगर और अवधेश पुत्र सीताराम बाथम को नगर पंचायत कंपिल का नामित सभासद बनाया गया है। इनका मनोनयन नगर पालिका अधिनियम 1916 के प्रावधानों के तहत किया गया है, जिसके तहत सरकार को कुछ सदस्यों को नामित करने का अधिकार होता है। मनोनयन के बाद ये तीनों सदस्य अब नगर पंचायत की बैठकों में शामिल होकर स्थानीय समस्याओं और विकास कार्यो से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रख सकेंगे।


नामित सभासद

हालांकि अधिसूचना में इनके कार्यकाल की अवधि का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इन्हें सदन की कार्यवाही में भाग लेने और सुझाव देने का अधिकार रहेगा। ऐसे में आने वाले समय में विकास योजनाओं और स्थानीय मुद्दों पर इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक रूप से भी इस फैसले को अहम माना जा रहा है। वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले नगर निकायों में संगठन को मजबूत करने की दिशा में इसे एक रणनीतिक कदम के तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ बढ़ाने और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने के उद्देश्य से ऐसे मनोनयन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नामों की घोषणा के बाद कंपिल क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं फोन कॉल और व्यक्तिगत मुलाकातों के जरिए भी लोगों ने अपनी खुशी जाहिर की। स्थानीय स्तर पर इसे संगठन के लिए सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## ऐतिहासिक मंदिर पुठरी में शिव तेरस पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**भक्तों ने जल चढ़कर महंत का लिया आशीर्वाद**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पुठरी में बने ऐतिहासिक मंदिर शिव पर मंगलवार को शिव तेरस के मौके पर ऐतिहासिक मेला लगा। जिसमें आसपास के कई जनपदों के श्रद्धालु अपने कावड़ लेकर जल चढ़ाने आते हैं। सुबह लगभग 3 बजे से ही शिव भक्त बम-बम भोले का उद्घोष करते हुए कावड़ लेकर आये। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा तथा जल, दूध चढ़ाकर पूजा अर्चना की। पुलिस की व्यवस्था भी चकबंद रही। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार अपने पुलिस बल के साथ मेले में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जब तक मेला चलेगा, तब तक सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। इस मौके पर मंदिर के महंत सुरेश गिरी, विजय सिंह, अनिरुद्ध सिंह तथा आदि भक्त मौजूद रहे। वहीं भक्तों ने महंत सुरेश गिरी से आशीर्वाद लिया।


पूजा अर्चना करते भक्तगण

# जल महोत्सव पखवाड़ा पर डीएम ने ग्रामीणों को समझाया जल का महत्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत रम्पुरा विकास खण्ड बढ़पुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित पेयजल योजना पर जल महोत्सव पखवाड़ा के अन्तर्गत जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल अर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जल के महत्व एवं जल संचयन के संबंध में ग्रामवासियों को अवगत कराया एवं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने योजना का जलार्पण किया गया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा समस्त ग्रामवासियों को पेयजल का सीमित उपयोग करने एवं पेयजल की रक्षा करने हेतु शपथ दिलाई गई। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा ग्राम में निर्मित पेयजल योजना के संबंध में ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विनोद कुमार गौड़ मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण सजन कुमार, सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण नितिन वर्मा, जूनियर इंजीनियर अंकुर सक्सेना, जूनियर इंजीनियर अखिलेश कुमार, कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर अभय सिंह, जिला प्रोजेक्ट मैनेजर विकास राय एवं खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर, योगेश कुमार पाण्डेय एवं ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।


जल अर्पण करते डीएम व सीडीओ

# पूर्व विधायक के आवास पर विस्फोट, मची अफरा-तफरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर विस्फोट होने से भगदड़ मच गयी। विस्फोट इतना भीषण था कि पूरा मकान हिल गया। मकान में लगे कांच टूटकर सड़क पर जा गिरे। विस्फोट की आवाज सुनकर मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। हादसे में पूर्व विधायक के दोनों बेटे सिक्की और विक्की घायल हैं। दोनों को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। नगर के मोहल्ला नाला मछरट्टा स्थित विजय सिंह के आवास पर 7:15 बजे भयंकर विस्फोट की आवाज सुनी गई। घटना की जानकारी करने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी। भयंकर विस्फोट से पूरा मकान छतिग्रस्त होकर धंस गया है। खिड़कियों के शीशे टूट कर सड़क पर जा गिरे। हादसे में विधायक के पुत्र सिक्की-विक्की एवं नूरपुर के पूर्व प्रधान भैया चौहान घायल हुए है, जिनको पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

मौके पर पहुंची पुलिस को दमयंती सिंह ने बताया कि यह मकान के ऊपर पूजा कर रही थी, तभी भयंकर विस्फोट की आवाज सुनकर समझा कि भूकंप आया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय बेटे सिक्की व विक्की मकान के निचले हिस्से में थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चर्चा है कि सिलेंडर फटने की कुछ लोग बात कह रहे है, लेकिन अभी अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी में तीन पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

अजय पाल सिंह यादव पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी सातनपुर थाना कादरीगेट ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

जिसमें कहा कि हरेन्द्र कुमार व महेन्द कुमार पुत्रगण स्व रमेशचन्द्र कटियार निवासी अल्लाह नगर बढपुर से एक प्लाट गाटा सं0-705 में से 0.19000 के कुल भाग का अपने हिस्से के 1/4 भाग का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कमांक -4109 दिनांक 05 मई 2011 को तहसील सदर में कराया था जिसमें जमीन की कुल कीमत 50,000६ रू0 तय की गयी थी। जिसमें 40,000 रु नकद एग्रीमेंट के समय तथा शेष 10,000 रू0 एक वर्ष के अन्दर बैनामे के समय देने को तय तय हुआ था, किन्तु जब प्रार्थी ने दो-तीन माह बाद उपरोक्त महेन्द व हरेन्द से से बैनामा करने को कहा तो उपरोक्त विक्रेताओं की नियत में बोट आ गयी।

दोनों भाईयों ने पुनः तीसरी बार उक्त जमीन को दवित जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन व धर्मेन्द चतुर्वेदी पुत्र बालकराम चतुर्वेदी व प्रवीन कटियार पुत्र ओमप्रकाश कटियार निवासी अल्लाह नगर बढ़पुर के साथ पड्यन्त्र करके प्रबीन कटियार की साली बीना कटियार पत्नी रमाकान्त कटियार निवासी हसौली, पोस्ट गजना, जिला कानपुर नगर के नाम दिनांक 08/09/2014 को क्रमांक 10981 को वैनामा दिया। 15/07/2020 को पुनः प्रवीन कटियार ने षड्यन्त्र के तौर पर जमीन को हथियाने के उद्देश्य से अपनी सगी साली वीना कटियार से एक बैनामा कमांक 6237 अपनी पत्नी सीमा कटियार के नाम करवा लिया। जिसमें स्वयं प्रवीन कटियार व शैलेश गवाह बने। इ उपरोक्त लोगों ने आजतक कई बार सामाजिक पंचायतों में तय की गयी पाँच विषवा जमीन अथवा पाँच लाख रूपये देने को तय किया था, किन्तु आजतक न प्रार्थी को उसका पैसा वापस हुआ और न ही उसे किसी भी प्लाट का बैनामा किया गया। दिनांक 27 जनवरी 2026 को समय लगभग शाम 06रू00 बजे प्रार्थी को उपरोक्त प्रवीन, महेन्द, हरेन्द्र बढ़पुर देवी मन्दिर के निकट मिले तो प्रार्थी ने इन लोगों से अपने पैसे का तकादा किया तो उक्त लोगों ने गालियां दी और धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, माल बरामद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चार माह पूर्व 16 नवंबर को कोतवाली क्षेत्र के गांव कलाखेल निवासी शन्दु खां के घर से तीन चोरों ने घुसकर बंदूक, 35 हजार की नगदी और जेवर चोरी हुई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी। सोमवार रात तराई क्षेत्र के गांव अहमदगंज रोड पर बुढ़िया पुल के पास कस्वा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, हमराह सचिन विजय गूर्जर, धरमेंद्र तिवारी ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को आते दिखाई दिए। पुलिस के टोकने पर भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में सुनील पुत्र प्रेमचंद निवासी हुल्लापुर थाना अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर, दूसरा जयप्रकाश पुत्र रामस्वरूप निवासी उस्माननगर थाना सिकंदरपुर वैस जनपद कासगंज हैं। पकड़े गए युवकों में सुनील के पास से पुलिस ने कड़े और 1300 रुपए तथा जयप्रकाश के पास से एक हार और 11 सौ रूपए बरामद हुए। पकड़े गए युवकों ने शन्दू के घर हुई चोरी कबूल की। उन्होंने बताया कि दिन में उनका एक साथी कमलेश घर में ताला लटका देख रैकी कर ले गया था। रात को मोटर साइकिल से चोरी करने आए। दो लोग घर के अंदर घुसकर चोरी करने लगे। जयप्रकाश रखवाली करने लगा, तभी गाड़ी आ गई। गाड़ी से जैसे ही शन्दूं का भाई फहमी आया जयप्रकाश ने उस पर तमंचा तान दिया। अंदर घुसे बदमाश जेवर नगदी और सिंगल बैरल बंदूक उठाकर भाग निकले। दूर जाकर उन्होंने फायर किया। उन्होंने बताया चुराई गई बंदूक को वे पास ही स्थित केले के बाग में रखकर चले गए थे। सुनील ने बताया कि अगले दिन वे फिर आए और बंदूक को उसके घर के बाहर रख गए थे।


पुलिस हिरासत में आरोपी

प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़े गए सुनील पर 26 संगीन मुकदमें फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, हरदोई जनपदों में चल रहे हैं। उस पर शमशाबाद थाने से 25 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि तीसरे आरोप की तलाश जारी है।

# एसपी ने अमृतपुर थाने का किया निरीक्षण


थाने का निरीक्षण करती एसपी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने अमृतपुर थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, साइबर सेल तथा शस्त्रों के रखरखाव का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही थाने में रखे आगंतुक रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था देखकर पुलिस अधीक्षक संतुष्ट नजर आईं।

उन्होंने बताया कि सभी रजिस्टर सही पाए गए तथा शस्त्रों का रखरखाव भी मानक के अनुरूप मिला। ज्ञात हो कि थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह ने कार्यभार संभालते ही थाने की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया है। निरीक्षण के दौरान पूरा थाना परिसर सुसज्जित एवं व्यवस्थित दिखाई दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे, जिन्होंने पुलिस अधीक्षक को थाने की सभी व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अमृतपुर थाना क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही इसमें सफलता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के आगमन पर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह एवं थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## ट्रेन से कटे वृद्ध की छेदालाल के रुप में हुई शिनाख्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मानसिक रुप से विक्षिप्त वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जानकारी होने पर पहुंचे पुत्र ने शव की शिनाख्त की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के क्षेत्र शुक्ररुल्लापुर स्टेशन से कुछ दूरी पर ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गयी। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। वहीं सूचना पर पहुंचे रणवीर सिंह पाल ने शव की शिनाख्त छेदालाल पुत्र गेंदनलाल निवासी असगरपुर थाना शमशाबाद के रुप में की। रणवीर सिंह पाल ने बताया पिता का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। लगभग 4 वर्षों से इलाज चल रहा था। रविवार रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे घर से समर पर जाने की बात कह कर निकले थे। उन्होंने बताया कि मैने पिता को काफी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता न चल सका। सोमवार को किसी व्यक्ति ने बताया कि शुकरुल्लापुर स्टेशन से कुछ दूरी पर ही एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कट कर मौत हो गई है। सूचना पर मैं पहुंच गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# मीरपुर में बिना स्टीमेट 25 हजार रुपये लेकर जेई ने लगा दिया ट्रांसफार्मर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर यह हम नहीं पीड़ित ग्रामीणों का आरोप है। विद्युत विभाग से संबंधित एक मामला ग्राम मीरपुर फीडर कमालगंज से संबंधित है। मामला बेहद गंभीर व चौकाने वाला है। एसडीओ और एक्सईएन की बिना अनुमति के 25 केवी का ट्रांसफार्मर बिना किसी स्टीमेट के ग्रामीणों से मोटी रकम लेकर एक गांव में लगा दिया गया। इस घटना का खुलासा तब हुआ जब जेई द्वारा ग्रामीणों को जो आश्वासन दिया गया उसके तहत पूरा कार्य नहीं किया। मामला ग्राम मीरपुर का है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में एक ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक होने के कारण आये दिन बिजली खराब बनी रहती थी। इस पर क्षेत्रीय जेई अजीत राजपूत जो की अपने आपको सांसद का रिश्तेदार बताकर ग्रामीणों व अधिकारियों पर रौब झाड़ते है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर 25 हजार रुपये दो, तो मैं एक दूसरा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दूंगा, जिस पर आधा लोड हो जायेगा और सभी को बिजली मिलने लगेगी। इस पर ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर जेई द्वारा मांगे गये रुपये उनके एक आदमी मनोज को दिये। यह रुपये जब दिये गये जब जेई ने खुद कहा कि मेरा आदमी मनोज आयेगा, उसे रुपये दे देना। जेई के पास रुपये पहुंच जाने पर जेई ने एक ट्रांसफार्मर लगवा दिया, लेकिन जिन ग्रामीणों को बिजली देने की बात कही गयी थी, उनके क्षेत्र की लाइन ट्रांसफार्मर से नहीं जोड़ी और कहा कि लाइन जुड़वानी है तो 20 हजार रुपये लाकर दो। धीरे-धीरे 8 माह बीत जाने पर ग्रामीणों के सबर का बांध टूट गया और उन्होंने अपनी बात उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के लिए मीडिया का सहारा लिया और हमारे संवाददाता को उन्होंने इस भ्रष्टाचार से संबंधित अभिलेख भी उपलब्ध कराये।


मीरपुर में लगा ट्रांसफार्मर



### जेई को इन ग्रामीणों ने दिये रुपये


जेई अजीत राजपूत

**फर्रुखाबाद।** ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर जेई द्वारा मांगी गई रिश्वत जिन ग्रामीणों ने दी है उन्होंने अपने नाम बताने के साथ-साथ दी गई धनराशि का भी उल्लेख किया है। जिसमें इसी गांव के सर्वेश, हरिभान, जनक सिंह, जय सिंह, दिनेश, ब्रजनंदन, हरिनंदन, प्रताप सिंह, शिवनंदन, रघुवीर, सोवरन सिंह, विनोद, संजेश, रामऔतार, सोनू, शिवराजे, संजू, शिवरतन, शैलेश, गोरेलाल, नंदराम, शिवप्रकाश, अरविन्द, धर्मेन्द्र, राजेश, लेजम सिंह,बबलू, महेन्द्र, ओमशरन, अवधेश, मलिखान, करन, रामआसरे, श्याम सिंह, फेरू सिंह, चरन सिंह, धनसिंह, जहार सिंह, रमेश सिंह आदि के नाम शामिल है।

### जेई बोले: लाइनमैन से करेंगे जानकारी

**फर्रुखाबाद।** ग्राम मीरपुर में 25 केवीए ट्रांसफार्मर बिना किसी स्वीकृत के लगाये जाने के संदर्भ में जब जेई से संवाददाता ने जानकारी की तो उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में नहीं है, अगर लाइनमैन ने किया ऐसा कुछ किया है तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

### एक्सईएन व एसडीओ बोले: बिना अनुमति के कैसे लग गया ट्रांसफार्मर

**फर्रुखाबाद।** ग्राम मीरपुर में नियम के विरुद्ध ट्रांसफार्मर लगाये जाने के मामले में जब विद्युत विभाग के एक्सईएन व एसडीओ से जब जानकारी की तो उन्होंने बताया कि मीरपुर में जो 25 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया गया है उस संदर्भ में ना ही हमें कोई जानकारी है और न ही किसी ने स्टीमेट के लिए आवेदन किया है, यदि नियम विरुद्ध ट्रांसफार्मर लगाया गया है तो जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या-यूपी76 20160009544 में त्रुटिवश मेरा नाम MANOJ KUMAR KANUJIYA दर्ज हो गया है, जबकि सही नाम MANOJ KUMAR KANAUJIYA है। जिसे ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाये। MANOJ KUMAR KANAUJIYA पुत्र BABU RAM KANUJIYA निवासी लोको रोड, भोलेपुर, फतेहगढ़, फर्रु0

# बैंकों की कम सी.डी. रेशियो पर डीएम ने जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ अमृतपुर विधायक की उपस्थिति में सम्पन्न हुई बैठक

जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अमृतपुर विधानसभा से विधायक सुशील शाक्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ एवं अग्रणी जिला प्रबंधक वीडी वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनपद में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैंकवार लक्ष्य प्राप्ति, ऋण वितरण तथा लाभार्थियों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

डीएम ने सी.डी. रेशियो (क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात) पर भी चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप बैंक आफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक को सी.डी. रेशियो बढ़ाने के लिए निर्देशित किया व सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे अपना सी.डी. रेशियो बढ़ाएं तथा जनपद में ऋण वितरण को और अधिक गति प्रदान करें, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ऋण वितरण में पारदर्शिता तथा लाभार्थियों तक समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही बैंकों एवं विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर विशेष बल दिया गया।

डीएम ने कहा किए जनपद के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि बैंकिंग सेवाएं आमजन तक सरल एवं सुलभ रूप से पहुंचें। सभी बैंक यह सुनिश्चित करें कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।



बैठक लेते डीएम व विधायक

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर मनरेगा मजदूरों का मांगा आठ माह का वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ टाउन हाल स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्र होकर विकास भवन का घेराव कर मनरेगा मजदूरों का आठ माह का वेतन मांगा। शकुंतला देवी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने टाउन हाल पहुंचकर प्रदर्शन किया और मनरेगा मजदूरों का बकाया आठ माह का वेतन न मिलने पर विरोध जताया। उन्होंने सीडीओ को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मनरेगा मजदूरों का हक दिलाना है, और बकाया वेतन शीघ्र दिया जाये। इस मौके पर प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, हिलाल शफीकी, वीरेंद्र मिश्रा, शुभम तिवारी, मनोज गंगवार, जीशान कुरैशी, मनोज कुमार, खालिद उस्मानी, संजू अग्निहोत्री, राजेश कुमार, पीयूष राठौर, सत्यवती, शिवम् सिंह, उस्मान खान, राजेश कुमार कठेरिया, मो0 मुजीब, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


प्रदर्शन करते कांग्रेसी

# इग्नू की फिर बढ़ाई गयी गई प्रवेश की अन्तिम तिथि, हुई 30 मार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इन्दिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिये ओपन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिये रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि को फिर आगे बढ़ा दिया है।

अभी तक रजिस्ट्रेशन करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च 2026 थी। जिसे इग्नू प्रशासन ने आगे बढ़ाकर 30 मार्च कर दिया है। हालांकि यह एक्सटेंशन सिर्फ ऑनलाइन प्रोगाम के लिये है, सर्टिफिकेट और सेमेस्टर बेस्ड प्रोग्राम के लिये नहीं है। इग्नू ने जुलाई सत्र 2025 में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के जून 2026 के परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 10 मार्च से 10 अप्रैल 2026 तक बिना बिलम्ब शुल्क के निर्धारित की है। 11 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक 200 रू0 बिलम्व शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भर सकते हैं। डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 के सम्नवयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र और प्रवेश प्रभारी डॉ. अनामिका सिन्हा ने ईमेल के माध्यम से इस तिथि विस्तार की सूचना दी है। इग्नू ने अण्डरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुट, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट प्रोग्राम में एडमिशन चाहने वाले कैन्डिडेट रजिस्ट्रेशन की विंडो को 30 मार्च तक खुले रहने का फैसला किया है।

अलग-अलग पढ़ाई के तरीकों के लिये जनवरी 2026 में प्रवेश के लिये रजिस्ट्रेशन दिसम्बर में शुरू हो गया था। आवेदन की शुरूआती अन्तिम तिथि 15 फरवरी थी, लेकिन बाद में जिसे बढ़ाकर 28 फरवरी किया गया और उसके बाद रजिस्ट्रेशन की तिथि 15 मार्च 2026 कर दी गयी थी।


जानकारी देते प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह

# पांच दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण कैम्प का हुआ समापन


समापन अवसर पर मौजूद प्राचार्या व विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में रोवर्स /रेंजर्स प्रवेश एवं निपुण 5 दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प का समापन हुआ। प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण कैम्प में विद्यार्थियों नें टेंट लगाने की कला सीखी तथा टेंट का निर्माण भी किया। विषम परिस्थितियों में भोजन की व्यवस्था करने के विषय में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यार्थियों के टेंट का निरीक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षक योगेश द्वारा सभी विद्यार्थियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रियांशु गुप्ता, डॉ. अमित कुमार व डॉ. वीरेंद्र कुमार व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में विजय विक्रम, किशनपाल व राजेश उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की प्रतिमा पुनर्स्थापन कराने को लेकर भीम आर्मी ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने ब्लॉक गेट मोहम्मदाबाद के समीप स्थापित डॉ0 भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पुनर्स्थापन को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते प्रतिमा को अन्य स्थान पर स्थापित करने की आवश्यकता बनी हुई है। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष डॉ. रामदास सागर द्वारा लंबे समय से प्रतिमा को कस्बा चौराहा अथवा ब्लॉक गेट के बाहर उत्तर दिशा में स्थित खाली भूमि पर स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है। इस संबंध में तहसील व नगर पंचायत स्तर से भी उक्त स्थान के पक्ष में सिफारिश किए जाने की बात सामने आई है। वहीं, खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद द्वारा प्रस्तावित स्थल पर ब्लॉक का एक अतिरिक्त प्रवेश द्वार बनाए जाने की संभावना जताई गई है, जिसके चलते प्रतिमा स्थापना पर सहमति नहीं बन सकी है। इस पर संबंधित पक्ष का कहना है कि ब्लॉक परिसर के आसपास अन्य स्थान भी उपलब्ध हैं, जहां वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। मामले को लेकर मंगलवार को भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने मामले के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष जयद्रथ कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष नितिन गौतम सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


सीओ को ज्ञापन देते भीम आर्मी के पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### नहीं रहे लायंस क्लब के सदस्य मुन्नालाल गुप्ता


मुन्नालाल गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज निवासी लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य मुन्नालाल गुप्ता का मंगलवार को निधन हो गया। वह लायंस क्लब के अलावा कई समाजिक संगठनों में सक्रिय रहे। पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेत्री मिथलेश अग्रवाल के खास होने के साथ-साथ उनके निजी कार्यों को भी देखते थे। उनके निधन पर समर्थकों ने निजी क्षति बतायी। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उनके निवास श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पिछले काफी दिनों से बीमार थे।

### झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लोहिया अस्पताल में बांटे गये फल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री झूलेलाल जन्मोत्सव चेटीचंड के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल आवास विकास में मरीजों को फल वितरित किये गये। समाज के लोगों ने फल वितरित कर मरीजों के हाल चाल लिये और उनके स्वस्थ्य होने की भगवान से प्रार्थना की। अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के कार्य से आशीर्वाद प्राप्त होता है। लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा परोपकार है। हर साल की तरह इस वर्ष भी झूलेलाल जन्मोत्सव के अवसर पर फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर समाज के प्रभु दयाल जेठवानी, ईश्वर दास शिवानी, रमेश चंद्र ओचानी, सोनी जेठवानी, दिनेश बुधवानी, दीपक गबरानी, जय कुमार परवानी, हिमेश शिवानी, जयेश शिवानी, निशांत शिवानी, आदि मौजूद रहे।

### हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बाइक रैली आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भागवत गीता वैदिक न्यास के अध्यक्ष रामजी बाजपेयी ने कहा कि हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को बद्री विशाल महाविद्यालय से पाण्डेश्वर नाथ मंदिर तक दो पहिया वाहन रैली निकाली जायेगी। साथ ही संगोष्ठी का आयोजन होगा। जिसमें ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज व डॉ. शिवओम अम्बर एवं डॉ. सुबोध वर्मा, शिल्पी रस्तोगी, अनुराग अग्रवाल, डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी आदि लोग प्रमुख रुप से मौजूद रहेगें। विभिन्न हिन्दूवादी संगठन एवं समाजिक संगठन एवं शाखाओं के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### 26 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी अवधेश चन्द्र पुत्र रघुवीर सिंह ने चोरी हो जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 21 फरवरी रात्रि 12 बजे के बाद हमारे घर में घुसकर सोने की 4 चूड़ी एक गले का हार 4 सोने की अंगूठी और 4000 रूपए की नकदी चुरा ले गए। इस घटना से पहले या बाद में हमारे भाई नरेंद्र के ही घर में चोर सीढ़ी लगाकर आंगन में घुसे, लेकिन इस समय मेरे भाई का नाती जाग गया, तभी वहां से चोर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा राकेश कुमार के सुपुर्द कर दी।

# शिक्षक पाती अभियान को मिली गति, टेट का किया गया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षक पाती कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रांतीय कोषाध्यक्ष मज़हर मुहम्मद खां व त्रिपुरारी त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने मिलकर सहयोग करते हुए देश में टेट के विरोध में ज़बरदस्त प्रदर्शन किया। यह विरोध का प्रथम चरण है जो 20मार्च तक सरकार को चेताने का प्रयास है, इसके बाद प्रदेश की राजधानी पर और दिल्ली की सड़कों तक प्रदर्शन जारी रहेगा। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षक पाती अभियान निरंतर गति प्रदान कर रहा है। शिक्षकों की सहभागिता व उत्साह लगातार मिल रहा है। समर्थन को देखते हुए महासंघ के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि इस अभियान को एक सप्ताह के लिए बढ़ाया गया है। जो 20 मार्च तक चलता रहेगा। बड़ी संख्या में भाग ले रहे है और अपनी मांग उत्साह पूर्वक कर रहे है। शिक्षकों ने कहा कि किसी भी हाल में टेट अनिर्वायता लागू नहीं होने देंगे। जिसका हम डटकर विरोध करेंगे। पिछले काफी दिनों से शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। आदेश वापस न हुआ तो शिक्षक लखनऊ से लेकर दिल्ली तक कूंच करते हुए प्रदर्शन करेंगे।

वहीं शिक्षक की पाती अनिवार्यता प्रकरण ब्लॉक राजेपुर, बढपुर में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के संयोजक भूपेश पाठक के आवाह्न पर सर्वोच्च यायालय द्वारा सेवारत शिक्षको के लिए टेट की अनिवार्यता के विरोध में पाती लिखकर अभियान को और गति प्रदान की गई। ब्लॉक राजेपुर में भूपेश पाठक, प्रदीप चतुर्वेदी, धीरेन्द्र और गोविन्द पाण्डेय ने बढ़पुर में जूनियर शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद, त्रिपुरारी त्रिवेदी प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष सोमनाथ दीक्षित, अजय कुमार तथा कमालगंज में जिलामंत्री प्रवेश सिंह, अनीश कुमार और गुलफाम मोहम्मद की देखरेख में लगभग जनपद 300 शिक्षकों ने पाती लिखी और ई-मेल भी किया। अब तक लगभग शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष को पोस्ट कार्ड ई-मेल के माध्यम से अवगत कराने हेतु अब तक 4200 पत्र प्रेषित किये गये।


हाथों में पाती लिये शिक्षक

# आमंत्रण सीनियर पुरुष कबड्डी टीम का हुआ चयन


कबड्डी खेलते खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आमंत्रण सीनियर पुरुष कबड्डी टीम ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोट्र्स स्टेडियम में आयोजित हुआ। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप कुमार यादव की देखरेख में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रांशु शाक्य, अमन, नीलेश कुमार, नईम खान, आयुष आर्य, विशाल सक्सेना, इंद्रेश कुमार, अखिल, अंश व टीम कैप्टन राहुल, शिवम, सनी, जसकरन, नवनीत सिहं 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ। टीम कोच चंदन कुमार रहे। अतिरिक्त खिलाड़ी में विशाल, आदित्य, आयुष को चुना गया। चयन समिति के सुनील पाल, विमलेश कुमार, विपिन कुमार ने खिलाड़ियों को चयनित किया।

# प्रधानाचार्यों ने अंकेक्षक के रुप में कार्य करने का किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानाचार्य परिषद ने अंकेक्षक बनाये जाने के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपकर प्रधानाचार्य परिषद ने मांग की है कि सिस्टम सेल/116 दिनांक 14 मार्च के द्वारा वर्ष 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के अंकेक्षण हेतु प्रदेश के प्रधानाचार्यों को नियुक्त किया गया है।

जिसके कारण उत्तर प्रदेश के सभी प्रधानाचार्यों में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। प्रधानाचार्य मूल्यांकन में सहयोग करना चाहते है, लेकिन अंकेक्षक के रुप में नहीं। उन्होंने मांग की है कि तत्काल सहानभूति पूर्वक संज्ञान में लेते हुए यथा शीघ्र संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर अंकेक्षक कार्य से मुक्त किया जाये। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, ले0 गिरिजा शंकर, डॉ. अनिल मिश्रा, रावेन्द्र सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, प्रवीण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


डीआईओएस को ज्ञापन देते प्रधानाचार्य

# सेवानिवृत्त प्रा. शिक्षकों ने नोशनल पेंशन वृद्धि के समाधान करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक का आयोजन शिक्षक भवन फतेहगढ़ में हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यापक रामासरे कटियार ने की। संचालन जिला संयोजक विजय बहादुर यादव ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों के नोशनल पेंशन का त्वरित समाधान करने की मांग की गई। बैठक के बाद सेवानिवृत्त शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि लेखा विभाग से पूरी जानकारी उपलब्ध करायी। कितनी फाइलें कानपुर एडी के यहां भेजी गई है। कितनी फाइलें कोषागार में भेजी गई है। जानकारी के अभाव में कानपुर तथा कोषागार में समाधान नहीं हो पाता है। पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी जाये। जिससे नोशनल वेतन वृद्धि की समस्या का समाधान कराया जा सके। शासनादेश के क्रम में 2026 से सेवानिवृत्त अध्यापकों को पेंशन स्कीम होने के पश्चात सेवा पुस्तिकायें वापस की जाये। जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अध्यापक सेवा पुस्तिका से समाधान करा सके। जिन अध्यापकों की सेवा पुस्तिकायें गायब हो गयी है। जिस कारण नोशनल वृद्धि लगाने में समस्या है, सेवा पुस्तिकायें किस स्तर से गायब हुई है। उसका पता लगाकर उनके किये गये आदेशों व पुस्तिकाओं का पता लगाया जाये। इस मौके पर शिवनंदन शास्त्री, बलवीर सिंह, महेश चन्द्र, नेकराम पाल, शकील अहमद, सूरत सिंह, गुलाब सिंह यादव, सुशील कुमार यादव, कृष्ण पाल सिंह, नन्हे लाल, रामदीन शाक्य, विजय सिंह, कृष्ण कुमार वर्मा, अनिल कुमार, रामजीवन सिंह, शिवराम सिंह सेंगर, सकवासी लाल, हरिकिशोर सिंह, कन्हई सिंह, कल्यान सिंह, राजकिशोर, मगन लाल, रंजीत पाल आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद सेवानिवृत्त शिक्षक

# डिजिटल युग में मीडिया की निष्पक्षता और साहित्य की गहराई आवश्यक

▸ भारतीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीएसजेएमयू कानपुर के पत्रकारिता विभाग के सहयोग से भारतीय महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भारतीय महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का ध्येय शैक्षणिक मंथन द्वारा राष्ट्रीय विमर्श स्थापित करना होता है, और यह संगोष्ठी दो दिनों में निश्चित ही साहित्य और फिल्म जैसे विषयों के लिए एक नया आयाम तैयार करेगा।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय विकास परिषद्, सीएसजेएमयू के निदेशक प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस डिजिटल युग में मीडिया की निष्पक्षता और साहित्य की गहराई राष्ट्र पुनरुत्थान में आवश्यक है। उन्होंने मीडिया को केंद्र बिंदु मानकर साहित्य और फिल्म के क्षेत्र नया राष्ट्रीय चेतना जागृत करने की बात कही। मुख्य वक्ता के तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रवींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्य वह मशाल है जो राष्ट्र के अतीत, वर्तमान और भविष्य को आलोकित करती है। जब हम किसी राष्ट्र की पहचान की बात करते हैं, तो वह केवल उसके मानचित्र या सीमाओं से तय नहीं होती, बल्कि वहां के विचारों, मूल्यों और संस्कृति से होती है, जिसे साहित्य ही जीवंत रखता है। प्राचार्या प्रोफेसर नीरू टंडन ने संगोष्ठी की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं फिल्म और मीडिया के माध्यम से कैसे संस्कृति का संरक्षण किया जा सकता है। कानपुर के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर जावा कुसुम सिंह ने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह समाज का एक शक्तिशाली दर्पण भी है। फिल्में समाज से प्रभावित होती हैं और समाज को गहराई से प्रभावित करने की क्षमता भी रखती हैं। संयोजक डॉ. निधीश कुमार सिंह ने कहा कि इस दो दिनों में देश विदेश के ख्यातिलब्ध विद्वानों, शोधार्थियों के शोधपत्रों की प्रस्तुति की जायेगी साथ ही फिल्म, साहित्य और मीडिया के आयामों पर विचार विमर्श किया जायेगा। इस सेमिनार में कला, साहित्य, पत्रकारिता और सिनेमा के क्षेत्र में रूचि रखने वालों की सहभागिता हो रही है।

डॉ. दिवाकर अवस्थी ने कहा कि साहित्य, चलचित्र और पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र की पहचान का पुनरुत्थान विषय पर आधारित इस सेमिनार का आयोजन और सीएसजेएमयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश एवं डॉ दुर्गेश सिंह की पुस्तक भारतीय कृषि के विविध आयाम व डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी एवं डॉ. सर्वेश कुमार शांडिल्य की पुस्तक विकसित भारत के निर्माण में संस्कृत वांग्यमय की भूमिका का विमोचन किया गया। प्राचार्य डॉ रमन प्रकाश ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन दिया। संचालन डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी एवं प्राची गोस्वामी ने किया। अध्यक्षता डॉ. ओम शंकर गुप्ता एवं सह अध्यक्षता डॉ. मोनू कुमार मिश्रा ने की। इस मौके पर डॉ. हरिओम कुमार, विजय अवस्थी, राजेंद्र नाथ चतुर्वेदी, कैलाश, शेखर, जयंत दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।



पुस्तक का विमोचन करते प्राचार्य व वक्तागण

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने की प्रोन्नति वेतन व एनपीएस कटौती देने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी एवं शैलेश दुबे ने जिला विद्यालय निरीक्षक को शिक्षकों की समस्या का निस्तारण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। 8 सूत्रीय दिये गये ज्ञापन में मांग की गई प्रोन्नति वेतन मान प्रकरण कई माह से लंबित है। संबंधित शिक्षकों के प्रोन्नति वेतन मान शीघ्र स्वीकृत किये जाये। नवीन पेंशन योजना से अच्छादित शिक्षक जो पुरानी पेंशन योजना में सम्मलित किये गये है।
संबंधित शिक्षकों की एनपीएस कटौती की धनराशि जीपीएफ में समय–समय पर लागू ब्याज सहित जमा करायी जाये। जनपद के शिक्षक संगठन मांग करते है, 4 अक्टूबर 2025 को संबंधित विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यों को पत्र लिखा जा चुका है। एनपीएस से अच्छादित शिक्षकों की कटौती धनराशि उनके प्रान खाता में जमा की जाये। धनराशि शासन से प्राप्त हो चुकी है। जनता राष्ट्रीय विद्यालय फतेहगढ़ से शिक्षकों का एक पत्र प्राप्त कराया गया है। स्व. रामवीर सिंह सहायक अध्यापक रस्तोगी इंटर कालेज की एनपीएस धनराशि का भुगतान शीघ्र कराया जाये। सूर्य कुमारी इंटर कालेज मंझना के प्रवक्ता स्व. विजय कुमार एवं स्व. राजबहादुर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मृत्यु काफी पूर्व हो चुकी है। उनकी भी एनपीएस कटौती का भुगतान नहीं हो सका है उसे कराया जाये। शिक्षक शिव कुमार पुष्कर जो पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य रह चुके है उनकी वर्तमान प्रधानाचार्य ने एमडीएम गवन की शिकायत की थी, उसकी जांच सम्मलित न करके गोपनीय तरीके से करवाकर गवन घोषित कर दिया गया है, आदि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

